दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश में प्रसारित!

R.N.I.68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा सोमवार 01 दिसम्बर 2025 ● वर्ष : 03 अंक : 901



## संक्षिप्त खबरें ।

### शिवपाल यादव का बड़ा खुलासा: बोले-अमित शाह के कहने पर भतीजे अक्षय के सामने लड़ा था चुनाव

**लोक तंत्र की आवाज़**



**फिरोजाबाद ।** वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव को लेकर सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री शिवपाल यादव ने बड़ा कबूलनामा किया है। उन्होंने एक पॉडकास्ट में कहा है कि वह फिरोजाबाद सीट से गृहमंत्री अमित शाह के कहने पर भतीजे के सामने चुनाव लड़े थे। यदि वे चुनाव न लड़ते तो अक्षय यादव को कोई नहीं करा पाता। वह बड़े अंतर से जीतते।

**छह वर्ष बाद एक पॉडकास्ट में चर्चा के दौरान कहा हुई थी बड़ी गलती:** 17वीं लोकसभा के चुनाव में फिरोजाबाद की सीट काफी चर्चित रही। यहां से सपा ने पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रो. रामगोपाल यादव के सांसद पुत्र अक्षय यादव को दूसरी बार मैदान में उतारा था। वहीं भाजपा ने गुमनामी में जीवन बिता रहे सिरसागंज के पुराने कार्यकर्ता डा. चंद्रसेन जादौन को प्रत्याशी बनाकर सबको चौंका दिया था। 2009 के उपचुनाव को छोड़ दिया जाए तो 1999 से काबिज रही सपा का पलड़ा भारी लग रहा था।

**2019 के चुनाव में बने थे अक्षय यादव की हार का कारण, जीती थी भाजपा :** इसी बीच परिवार में फूट के बाद सपा से अलग होकर प्रसपा बनाने वाले पूर्व मंत्री शिवपाल यादव ने यहां से स्वयं चुनाव लड़ने की घोषणा की तो मुकाबला रोचक हो गया। उसी समय ये चर्चाएं होने लगी थीं कि उन्हें चुनाव लड़ाने में भाजपा का हाथ हो सकता है, लेकिन उससे अधिक ये प्रचारित किया गया है कि वह पारिवारिक खुन्नस निकालने के लिए भतीजे के सामने मैदान में आए हैं।

**अक्षय यादव 25 हजार वोटों से हारे थे :** मई 2019 में परिणाम आया तो आशंकाएं सच साबित हुईं। अक्षय यादव 25 हजार वोटों से हार गए और डा. चंद्रसेन जादौन सांसद बन गए। सपा में वापसी के बाद 2024 में चुनाव से पहले जिले में आए शिवपाल यादव ने ये बात खुले मंचों से स्वीकार की थी कि अक्षय के सामने चुनाव लड़ना उनकी गलती थी, लेकिन छह वर्ष बाद उन्होंने पहली बार ये स्वीकार किया है कि भतीजे सामने वह अमित शाह के कहने पर चुनाव लड़े थे। उन्होंने ये भी कहा कि भाजपा के लोग परिवार की लड़ाई का लाभ लेना चाहते थे। ये पाड कास्ट लगभग दो महीने पुराना है, जो अब इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है।

# सोनिया-राहुल पर एफआईआर से सियासी बवाल, कांग्रेस बोली-मोदी और शाह कर रहे बदले की राजनीति

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में दिल्ली पुलिस ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। जिसके बाद देश के सियासी हलकों में सियासी तूफान आ गया है। कांग्रेस ने इस कदम को केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए बदले की राजनीति करार दिया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मोदी–शाह की जोड़ी कांग्रेस नेतृत्व को डराने और प्रताड़ित करने के लिए बदले की राजनीति कर रही है।

**जयराम रमेश बोले– मामला फर्जी, सत्य की जीत होगी :** पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि 'नेशनल हेराल्ड' का मामला पूरी तरह फर्जी है और आखिरकार न्याय की जीत होगी। जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा कि मोदी–शाह की जोड़ी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ उत्पीड़न, धमकी और प्रतिशोध की अपनी राजनीति जारी रखे हुए है। जो लोग धमकी देते हैं वे स्वयं असुरक्षित और भयभीत होते हैं। वहीं, कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि प्राथमिकी न तो नयी शराब है, न नयी बोतल और न ही नया गिलास। यह एक ऐसा अनोखा मामला है जहां न तो कोई पैसा इधर–उधर हुआ, न ही कोई अचल संपत्ति हस्तांतरित हुई, फिर भी धन शोधन का मामला खोज लिया गया।



### ईडी ने किया पीएमएलए की धारा 66 (2) की ताकत का इस्तेमाल

सूत्रों के अनुसार, ईडी ने पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 66 (2) के तहत उपलब्ध शक्तियों का इस्तेमाल किया। यह धारा संघीय एजेंसी को कानून प्रवर्तन एजेंसी द्वारा आपराधिक मामला दर्ज करने के लिए साक्ष्य साझा करने की अनुमति देती है, ताकि वह जांच को आगे बढ़ाने के लिए धन शोधन का मामला दर्ज कर सके। सूत्रों ने बताया कि प्राथमिकी ईडी के मामले और आरोपपत्र को मजबूत करने का काम करेगी। यह मामला दिल्ली के मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत के आदेश से संबंधित है, जिसने 26 जून 2014 को नेशनल हेराल्ड के मामलों में कथित अनियमितताओं के खिलाफ भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी की शिकायत पर संज्ञान लिया था।

दिल्ली पुलिस ने नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शिकायत पर कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। यह कार्रवाई एजेंसी की धन शोधन जांच का हिस्सा है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि पार्टी के शीर्ष नेताओं ने 'निजी लाभ' के लिए अपने पद का दुरुपयोग किया।

**इन धाराओं में लगाए गए हैं आरोप :** आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने तीन अक्टूबर को सोनिया गांधी, राहुल गांधी और सात अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी। पुलिस ने प्राथमिकी में भारतीय दंड विधान की धारा 120बी (आपराधिक षड्यंत्र), धारा 403 (संपत्ति का दुरुपयोग), धारा 406 (आपराधिक विश्वासघात के लिए दंड) और धारा 420 (धोखाधड़ी) के तहत आरोप लगाए हैं।

**सोनिया–राहुल के अलावा और किन लोगों पर एफआईआर :** मामले में जिन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है उनमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी, कांग्रेस नेता सुमन दुबे और सैम पित्रोदा के अलावा यंग इंडियन (वाईआई) और डोटेक्स मर्चेंडाइज लिमिटेड जैसे प्रतिष्ठानों, डोटेक्स के प्रवर्तक सुनील भंडारी, एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) और अन्य अज्ञात लोगों के नाम शामिल हैं। अप्रैल में दिल्ली की एक अदालत में दाखिल ईडी के आरोपपत्र में भी इन प्रतिष्ठानों का नाम आरोपी के तौर पर दर्ज है। अदालत ने अभी तक इस पर संज्ञान नहीं लिया है और अगली सुनवाई 16 दिसंबर को निर्धारित है।

## शीतकालीन सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक, संसद में SIR सहित इन मुद्दों पर सरकार को घेरेगा विपक्ष



**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के शुरू होने से एक दिन पहले रविवार को सर्वदलीय बैठक हुई जिसमें दोनों सदनों के विधायी कार्यों और विभिन्न विषयों को लेकर चर्चा की गई. इस बैठक में सरकार की तरफ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यसभा में सदन के नेता एवं स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल शामिल हुए. वहीं कांग्रेस के प्रमोद तिवारी, कोडिकुनिल सुरेश, तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन, समावादी पार्टी के अखिलेश यादव, द्रमुक के तिरुचित शिवा और कई अन्य दलों के नेता शामिल हुए. विपक्षी नेताओं ने कहा कि सभी विपक्षी दल शीतकालीन सत्र में एसआईआर पर चर्चा की मांग पर एकमत हैं।

सर्वदलीय बैठक के बाद माकपा नेता जॉन ब्रिटास ने कहा कि दिल्ली विस्फोट ने सरकार की पोल खोल दी, हम सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा चाहते हैं. उन्?होंने कहा कि अगर संसद बाधित होती है और ठप होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

**विपक्ष एसआईआर पर चर्चा की मांग पर एकमत: शिवा :** वहीं द्रमुक नेता तिरुचि शिवा ने कहा कि सभी विपक्षी दल शीतकालीन सत्र में एसआईआर पर चर्चा की मांग पर एकमत हैं. साथ ही बीजद नेता सस्मित पात्रा ने भी कहा कि लगभग सभी दलों ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान एसआईआर पर चर्चा की मांग की है। तृणमूल कांग्रेस नेता कल्याण बनर्जी ने कहा कि सदन की कार्यवाही में सहयोग करने को तैयार हैं, बशर्ते सत्ता पक्ष भी विपक्ष के साथ सहयोग करे।

राज्यसभा कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की आज शाम 4 बजे शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह के एजेंडे पर चर्चा करने के लिए बैठक होगी. समिति आगामी एजेंडे को अंतिम रूप देगी और सदन के सुचारू संचालन के लिए रणनीति बनाएगी. इसके साथ ही लोकसभा कार्य मंत्रणा समिति की बैठक भी आज ही शाम 5 बजे होगी.

## भारत में बैठकर ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों से करोड़ों ठगे... हैदराबाद में फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश, 9 गिरफ्तार

**लोक तंत्र की आवाज़**

**हैदराबाद।** साइबराबाद पुलिस ने एक फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर का पर्दाफाश किया है, जिसने पिछले दो सालों में ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों से करीब 8 से 10 करोड़ रुपए की ठगी को अंजाम दिया है. यह कॉल सेंटर रिज आईटी सॉल्यूशंस नाम से आईटी सेवा प्रदाता के रूप में हैदराबाद के मधापुर इलाके में संचालित हो रहा था. साइबराबाद स्पेशल ऑपरेशंस टीम ने साइबर क्राइम पुलिस के साथ मिलकर इस अवैध धंधे में शामिल नौ लोगों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने यह भी संकेत दिया है कि इस मामले में और भी गिरफ्तारियां होंगी। साइबराबाद के साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है और विदेशी लिंक और मनी ट्रेल की पहचान के लिए आगे की जांच जारी है।



**इस तरह से ठगी की वारदात को देते थे अंजाम:** आरोपी ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों को फर्जी पॉप–अप और ईमेल भेजकर संपर्क शुरू करते थे और फिर उन्हें झूठी चेतावनी देते थे कि उनके कंप्यूटर हैक हो गए हैं, जब वे (ऑस्ट्रेलियाई नागरिक) पॉप–अप में दिखाए गए कस्टमर केयर नंबर पर कॉल करते थे तो यह कॉल सीधे रिज आईटी सॉल्यूशंस से जुड़े एक्स–लाइट एप्लिकेशन के माध्यम से रूट हो जाती थीं. इसके बाद आरोपी सोशल इंजीनियरिंग की रणनीति का इस्तेमाल करके पीड़ितों को रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर AnyDesk इंस्टॉल करने के लिए राजी कर लेते थे. इस तरह वे पीड़ितों के सिस्टम पर पूरा नियंत्रण हासिल करते थे, उनके ऑनलाइन बैंकिंग क्रेडेंशियल्स तक पहुंच बनाते थे और फिर बिना अनुमति के बड़ी रकम ट्रांसफर कर लेते थे. चोरी की गई धनराशि सीधे भारत नहीं भेजी जाती थी. इसके बजाय यह धनराशि पहले भारतीय नागरिकों और ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले छात्रों के ऑस्ट्रेलियाई बैंक खातों में ट्रांसफर की जाती थी।

### छापेमारी के दौरान पुलिस को क्या पता चला?

छापेमारी के दौरान पुलिस ने 45 ऑस्ट्रेलियाई बैंक खातों से जुड़े महत्वपूर्ण सबूतों को जब्त किया है, जिससे यह पता चलता है कि दो साल की अवधि में सैकड़ों ऐसे खातों का दुरुपयोग किया गया होगा।

चोरी की गई धनराशि सीधे भारत नहीं भेजी जाती थी. इसके बजाय यह धनराशि पहले भारतीय नागरिकों और ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले छात्रों के ऑस्ट्रेलियाई बैंक खातों में ट्रांसफर की जाती थी. अपराधियों द्वारा इस्तेमाल इन ₹म्यूल खाते₹ ट्रांसफर के शुरुआती बिंदु के रूप में काम करते थे, जिसके बाद हवाला नेटवर्क और क्रिप्टोकरेंसी लेनदेन जैसे अवैध वित्तीय मार्गों का इस्तेमाल करके धनराशि को भारत भेजा जाता था।

## तूफान 'दित्वाह' का भारत के इन राज्यों में दिखेगा असर

### अलर्ट जारी

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** चक्रवातीतूफान'दित्वाह' भारत की धरती पर दस्तक देने वाला है। भारत के तटीय राज्यों तमिलनाडु, पुडुचेरी और आंध्र प्रदेश की ओर तेजी से बढ़ रहा है। यह तूफान शनिवार दोपहर को श्रीलंका से निकला, जिसमें कम से कम 153 लोगों की मौत हो गई और 191 लोग लापता हैं।

चेन्नई समेत तमिलनाडु और पुडुचेरी के कई जिलों के लिए अगले तीन घंटों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने कहा है कि हल्की से मध्यम बारिश के साथ आंधी और बिजली कड़कने के आसार हैं।

**अभी कहां है तूफान 'दित्वाह'?:** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के ताजा अपडेट के अनुसार, चक्रवाती तूफान दित्वाह पिछले 12 घंटों से 05 किलोमीटर प्रति घंटे की धीमी रफ्तार से उत्तर की ओर बढ़ा है और यह दक्षिण–पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर केंद्रित है। सुबह 2 बजे तक यह भारतीय तट वेदारण्यम से 90 किमी पूर्व–उत्तर–पूर्व, कराईकल से 90 किमी पूर्व–दक्षिण–पूर्व और पुडुचेरी से 160 किमी दक्षिण–दक्षिण–पूर्व में था। मौसम विभाग के अनुसार, तूफान के नॉर्थ तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटों के समांतर उत्तर की ओर बढ़ने की उम्मीद है। आज दोपहर और शाम तक यह तमिलनाडु–पुडुचेरी तट से क्रमशः 70 किलोमीटर और 30 किलोमीटर की न्यूनतम दूरी पर केंद्रित होगा। हालांकि, तूफान के लैंडफॉल (तट से टकराने) की संभावना कम है, लेकिन तट के इतना करीब से गुजरना भारी बारिश और तेज हवाओं का गंभीर खतरा पैदा कर सकता है।



### तूफान दित्वाह का प्रभाव

तमिलनाडु, पुडुचेरी और आंध्र प्रदेश में भारी बारिश हो रही है। तमिलनाडु, पुडुचेरी और आंध्र प्रदेश के कई जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। चेन्नई समेत तमिलनाडु और पुडुचेरी के कई जिलों के लिए अगले तीन घंटों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। नागपट्टिनम जिले के वेदारण्यम के पास कोडियाकराई बीच इलाके में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश दर्ज की गई।

### समुद्री हलचल बढ़ी

बंगाल की खाड़ी में आए इस तूफान के असर से पुडुचेरी में समुद्र में ऊंची–ऊंची लहरें उठने लगी हैं। तटीय इलाकों से लोगों को सुरक्षित निकालने का काम जारी है। पुलिस लोगों को समुद्र के किनारे से हटा रही है और आस–पास के इलाकों में नहीं जाने की चेतावनी जारी की गई है।

## भाजपा का बंगाली मुसलमानों को साधने का प्लान, बदली रणनीति

**लोक तंत्र की आवाज़**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव अभी दूर हैं. इसके बावजूद वहां पर राजनीतिक तापमान अभी से बढ़ चुका है. दिलचस्प बात ये है कि इस बार बीजेपी ने राज्य में एक ऐसा कदम उठाया है, जिसकी जिसकी चर्चा चारों ओर हो रही है. असल में पार्टी ने वहां पर मुस्लिम मतदाताओं तक पहुंचने की पहल शुरू की है. राजनीति के विशेषज्ञों के अनुसार, बिहार के चुनाव में शानदार जीत के बाद पार्टी का आत्मविश्वास बढ़ा है और अब बंगाल में बीजेपी अपने वोट बैंक को नए तरीके से बढ़ाने की तैयारी कर रही है।



**बंगाल चुनाव आते–आते क्यों बदल रहा बीजेपी का सुर :** एक्सपर्टों के मुताबिक, बीजेपी का यह कदम इसलिए भी हैरानी वाला माना जा रहा है क्योंकि पार्टी का रुख आम तौर पर मुस्लिमों के प्रति उदासीन या सख्त माना जाता है. जब बिहार में चुनाव से पहले एसआईआर हो रहा था तो बीजेपी ने इसका समर्थन करते हुए कहा था कि यह वोटर लिस्ट समीक्षा की यह प्रक्रिया घुसपैठियों को देश से बाहर करेगी. वहीं विपक्ष का आरोप था कि ऐसा करके मुस्लिम वोटरों को निशाना बनाया जा रहा है. अब बंगाल चुनाव नजदीक आते–आते बीजेपी का संदेश बदलता दिख रहा है. यहां पर पार्टी कह रही है कि हम राष्ट्रवादी मुसलमानों के खिलाफ नहीं हैं। पार्टी की सोच में यह बदलाव अचानक क्यों आया है. इसकी जड़ें आपको बंगाल के राजनीतिक गणित में मिल जाएंगी. बंगाल में मुसलमान लगभग 27– 30% हैं और करीब 40-50 सीटों पर उनका सीधा असर माना जाता है. पिछली बार 2021 में हुए विधानसभा और 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में इस मुस्लिम वोट बैंक पर टीएमसी का लगभग एकाधिकार रहा था. जिससे बीजेपी को बड़ा नुकसान झेलना पड़ा था. ऐसे में बीजेपी नेतृत्व को िंचिंता है कि अगर बीजेपी इस बार भी इस वोट बैंक से दूर रही तो जीत मुश्किल होगी. इसलिए पार्टी ने अब कोशिश शुरू की है कि कम से कम वो हिस्से अपने साथ किए जाएं, जो ळटउ से नाराज हैं या जो CPI(M)-कांग्रेस को वोट डालते थे।

### हम दुश्मन नहीं, विकल्प हैं– बीजेपी

दिलचस्प बात ये है कि इससे पहले बीजेपी अपने बयानों में ज्यादा टकराव वाली भाषा इस्तेमाल करती थी. जिससे मुस्लिम समुदाय के साथ उसकी दूरी बढ़ती चली गई. लेकिन अब इखढ ऐसा मैसेज दे रही है, मानो कह रही हो कि हम दुश्मन नहीं बल्कि विकल्प हैं। मगर विपक्ष इससे सहमत नहीं. CPI(M) नेता मोहम्मद सलीम का कहना है कि राष्ट्रीयवादी कौन है ये फैसला BJP कैसे करेगी? TMC भी इस पहल के लिए बीजेपी पर हमला बोल रही है. पार्टी कह रही है कि इखढ पहले समाज को हिंदूझमुस्लिम में बांटती रही है. अब वह मुस्लिमों को भी दो हिस्सों में बांटने की कोशिश कर रही है।

**मुस्लिम वोट बैंक: बीजेपी के लिए खतरा या मौका? :** बंगाल भाजपा के नए राज्य अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य के बयानों में भी इसी रणनीति की झलक है. उन्होंने भी साफ कहा कि मुसलमान सिर्फ टीएमसी के भरोसे नहीं, बल्कि हर जगह विकास के आधार पर सोच रहे हैं. शुभेंदु अधिकारी जैसे बड़े नेता, जो अब तक हिंदू एकता पर जोर देते रहे थे. अब उनके बयानों में भी नरमी दिख रही है. सुबेंदु ने कहा कि भाजपा मुस्लिम विरोधी नहीं है और विकास की राजनीति करती है.

## आइएएस संतोष वर्मा की बढ़ेंगी मुश्किलें, पुराने मामले में 'बरी' करने वाले न्यायाधीश पर हो सकती है कड़ी कार्रवाई

**लोक तंत्र की आवाज़**

**इंदौर।** ब्राह्मण बेटियों पर असभ्य टिप्पणी करने वाले विवादित आइएएस अधिकारी और मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति–जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स) के अध्यक्ष संतोष वर्मा पर दर्ज फर्जीवाड़ा केस की फाइल फिर से खुल गई है। इस मामले में पुलिस एक न्यायाधीश के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर सकती है। पुलिस ने हाई कोर्ट की अनुमति के बाद न्यायाधीश से पूछताछ के लिए 50 सवालों की सूची तैयार की है।

वास्तव में वर्मा ने कूटरचित न्यायालय आदेश के माध्यम से आइएएस कैडर में पदोन्नति प्राप्त की थी। उनके खिलाफ एक महिला ने शारीरिक शोषण का मुकदमा दर्ज कराया था। इसी मामले में उन्होंने बरी होने का फर्जी आदेश दिखाकर आइएएस कैडर में पदोन्नति का रास्ता साफ किया था।



जब यह मामला उजागर हुआ, तो इसमें स्पेशल जज विजेंद्र सिंह रावत की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई। इसके बाद उनका तबादला कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। यह मामला हाई कोर्ट में चल रहा था। चार वर्ष पुराने इस केस में पुलिस अभी तक हाई कोर्ट की अनुमति का इंतजार कर रही थी। एसीपी विनोद दीक्षित ने हाई कोर्ट से मिली अनुमति की पुष्टि करते हुए कहा है कि कोर्ट ने पुलिस के प्रतिवेदन पर विधि अनुसार कार्रवाई की अनुमति दे दी है। न्यायालय के फर्जी आदेश बनाए जाने के मामले में जांच में पता चला था कि मास्टरमाइंड स्वयं न्यायाधीश विजेंद्र सिंह रावत हो सकते हैं, जो वर्ष 2021 में जिला कोर्ट में पदस्थ रहे हैं।

संदेह के आधार पर हाई कोर्ट ने उनका तबादला कर दिया, लेकिन गिरफ्तारी की अनुमति नहीं दी। उच्च स्तरीय कमेटी की रिपोर्ट के बाद हाल ही में विवादित न्यायाधीश का निलंबन हुआ, जिससे पुलिस की एसआईटी सक्रिय हुई और अग्रिम कार्रवाई की अनुमति मांगी।

## जीतकर भी हार सकते हैं चुनाव! सीजेआई सूर्यकांत ने आते ही आरक्षण पर कौन सा फैसला सुना दिया, असमंजस में सरकार

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इस बार सिर्फ आदेश नहीं दिया बल्कि पूरा राजनीतिक खेल ही पलट कर रख दिया है। जिसके बाद राज्य की सियासत गमाई हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कुछ ऐसा जो सिर्फ आदेश नहीं चेतावनी जैसा लगा। राजनीति में आज जो चेहरा मुस्कुरा रहा है, वह कल शायद कोर्ट की फाइलों में फंसा मिलेगा। चुनाव अब जीत कर भी हार में बदल सकते हैं। सत्ता बाद में और राजनीतिक दलों ने महसूस किया अब खेल सीधा नहीं रहा। भूल भी महंगी पड़ेगी। महाराष्ट्र, ओबीसी आरक्षण और जीत की अनिश्चित हार। क्या है पूरा मामला विस्तार से आपको बताते हैं।



दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी रह सकते हैं, लेकिन चुनाव परिणाम उसके अंतिम निर्णय के अधीन रहेंगे, जो इस मामले में दिया जाएगा। मामले में आरोप है कि राज्य ने अन्य पिछड़ा वर्ग उम्मीदवारों के लिए आरक्षण बढ़ाते समय तय सीमा का उल्लंघन किया है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने यह मामला सुप्रीम कोर्ट की तीन–जजों की बेंच को भेजने का निर्णय लिया और इसे 21 जनवरी 2026 को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया।

शीर्ष अदालत ने कहा कि जिन नगर परिषदों और नगर पंचायतों में पहले ही 50सदी से ज्यादा आरक्षण अधिसूचित हो चुका है वहां चुनाव तो तय कार्यक्रम के अनुसार होंगे लेकिन उनके नतीजे रिट याचिकाओं के अंतिम फैसले से प्रभावित होंगे। भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जयमाल्य बारची की बेंच ने महाराष्ट्र लोकल बॉडीज में ओबीसी रिजर्वेशन को चुनौती देने वाली रिट पिटीशन पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है।

## चुनाव में हार के बाद महागठबंधन में बढ़ी खटास, कांग्रेस और राजद की तकरार खुलकर सामने

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** विधानसभा चुनाव में हार के बाद महागठबंधन में खटास बढ़ती जा रही है. एक के बाद एक बयान सामने आने से यह साफ दिख रहा है कि गठबंधन के भीतर असंतोष गहराने लगा है. नेताओं ने सामने भले ही बहुत कुछ न कहा हो, लेकिन अंदर ही अंदर बयानबाज़ी की वजह से तनाव बढ़ गया है. कांग्रेस और वाम दलों के कुछ नेताओं के बयानों को राजद अपनी हार का ठोस कारण बता रही है. उधर, कांग्रेस लगातार यह दावा कर रही है कि चुनाव हारने में राजद की रणनीतिक गलतियाँ जिम्मेदार थीं।



कांग्रेस और वाम दलों ने कई मौकों पर हार के लिए राजद को जिम्मेदार ठहराया है. उनका कहना है कि कई इलाकों में राजद के कार्यकर्ता मतदान के दिन बूथों से दूर रहे या नाराज होकर वोटिंग में हिस्सा ही नहीं लिया. यही कारण रहा कि कई सीटों पर गठबंधन पिछड़ गया. वाम दलों ने भी इसी तरह के आरोप लगाए हैं. दूसरी तरफ, गठबंधन के कई वरिष्ठ नेता इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से बच रहे हैं।

**कांग्रेस की कोई पहचान नहीं–राजद :** राजद नेताओं का कहना है कि कांग्रेस अपनी कमजोरी छिपाने के लिए जिम्मेदारी दूसरों पर डाल रही है. पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मणिकांत मंडल ने कहा कि तेजस्वी यादव के नेतृत्व पर सवाल उठाना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस को गठबंधन में रहकर नुकसान लग रहा है, तो उसे इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए. साथ ही उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस की जो भी सीटें थीं, वो राजद के हिस्से से ही दी गई थीं, इसलिए कांग्रेस को अलग से कोई पहचान नहीं बनी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पकरीबरावा: बच्चों के बीच पठन सामग्री का वितरण कल

**लोकतंत्र की आवाज**
**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखंड की डुमरावां पंचायत के खपुरा गांव में 2 दिसंबर को बच्चों के बीच पठन समाग्री एवं गरीब- निसहायों के बीच वस्त्र का वितरण किया जाएगा। डुमरावां पंचायत के दिवंगत मुखिया यदुनंदन शर्मा की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। उनके पुत्रों डॉ. अरविंद कुमार शाही, मुकेश कुमार एवं राजेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथियों, पत्रकारों एवं शिक्षाविदों को सम्मानित भी किया जाएगा। बताया गया कि इस अवसर पर पूजा पाठ, धार्मिक भजन, वारसी भजन आदि का भी आयोजन किया गया है।

### सिरदला पीएचसी में डायरिया समेत तीन मरीज भर्ती, चिकित्सकों ने शुरू किया उपचार



**लोकतंत्र की आवाज**
**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

**सिरदला (नवादा)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला में रविवार को डायरिया, पेट दर्द और बेहोशी की शिकायत से पीड़ित तीन मरीजों को भर्ती कराया गया। सभी मरीजों का उपचार चिकित्सा प्रभारी की देखरेख में चिकित्सक डॉ. संतोष कुमार द्वारा किया जा रहा है। डायरिया से पीड़ित मरीज की पहचान कुशाहन गांव निवासी इंद्रदेव सिंह के रूप में की गई है। वहीं बिलारपुर गांव की निर्जला देवी को तेज पेट दर्द की शिकायत पर भर्ती किया गया। इसके अलावा बाराटाड़ गांव की पांच वर्षीय बच्ची मनीषा कुमारी को बेहोशी की स्थिति में परिजन पीएचसी लेकर पहुंचे, जहां उसका तुरंत उपचार शुरू किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि सभी मरीजों की हालत नियंत्रण में है। साथ ही लोगों से ठंड के मौसम में विशेष सतर्कता बरतने, स्वच्छ पेयजल के उपयोग और खानझपान में सावधानी रखने की अपील की है।

### कौआकोल : पहाड़पुर गांव में काफी मात्रा में देशी-विदेशी शराब बरामद, धंधेबाज गिरफ्तार

**लोक तंत्र की आवाज**

**कौआकोल।** कौआकोल पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव स्थित एक घर पर छापेमारी कर काफी मात्रा में देशी एवं विदेशी शराब बरामद कर एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभारी थानाध्यक्ष अविनाश कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने पहाड़पुर गांव से 560 किलो महुआ का फूल,540 लीटर देशी महुआ शराब,20 लीटर कच्चा स्प्रिट तथा 11.625 लीटर विदेशी शराब जब्त किया है। वहीं पुलिस ने मौके पर से धंधेबाज पहाड़पुर गांव निवासी मोहम्मद अमानुल्लाह उर्फ रिंकू,पिता-मोहम्मद सज्जाद को गिरफ्तार कर थाना ले आई। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज के विरुद्ध मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# गया जंक्शन सिर्फ एक रेलवे स्टेशन नहीं, बल्कि गया जिले के गौरव व बिहार की पहचान का केंद्रः डा प्रेम कुमार

**लोकतंत्र की आवाज**

डॉ. प्रेम कुमार जी द्वारा गया जंक्शन के निर्माण कार्यों का विस्तृत निरीक्षण



**गया जी।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. प्रेम कुमार ने गया जंक्शन परिसर में चल रहे 243.96 करोड़ के लागत से व्यापक निर्माण एवं आधुनिकीकरण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया है। उन्होंने पूरे स्टेशन कैंपस में घूम-घूमकर कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं संरचनात्मक मानकों को बारीकी से परखा है। उनके साथ रेलवे विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, इंजीनियर, परियोजना प्रभारी, आरपीएफ जीआरपी के अधिकारियों स्थानीय कार्यकर्ता तथा गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे हैं। इस निरीक्षण के बाद डॉ. प्रेम कुमार ने निर्माण से जुड़े अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की है, जिसमें उन्होंने एक-एक बिंदु पर गंभीरता से चर्चा करते हुए निर्माण कार्यों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं यात्रियों के अनुकूल बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गया जंक्शन सिर्फ एक रेलवे स्टेशन नहीं, बल्कि गया जिले के गौरव और बिहार की पहचान का केंद्र है, -उच्च स्तरीय सुविधाओं की समीक्षा झ पानी, शौचालय, लिफ्ट, एस्केलेटर, सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान डॉ. प्रेम कुमार जी ने बताया कि निर्माणाधीन गया जंक्शन को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। बैठक में उन्होंने विशेष रूप से जिन बिंदुओं पर ध्यान दिलाया, वे निम्नलिखित थे– पीने के पानी की स्वच्छ एवं पर्याप्त व्यवस्था साफ-सुथरे एवं आधुनिक शौचालयों की उपलब्धता सीढ़ी, एस्केलेटर और लिफ्ट की संख्या, क्षमता एवं सुरक्षा मानक प्रवेश एवं निकास द्वारों की सहज व्यवस्था वेटिंग रूम, रिटायरिंग रूम और सर्कुलेटिंग एरिया की गुणवत्ता यात्री सुरक्षा, सीसीटीवी कवरेज, और आपातकालीन व्यवस्थाएं भीड़ प्रबंधन और यात्री सुविधा केंद्र अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्य अत्यंत तेज गति से चल रहा है तथा यह परियोजना विश्व स्तरीय स्टेशन मॉडल पर आधारित है। गया जंक्शन के लिए यह एक सौभाग्य की बात है कि इसे देश के प्रमुख रेलवे स्टेशनों की श्रेणी में शामिल करते हुए बड़े पैमाने पर इसका कायाकल्प किया जा रहा है। एयरपोर्ट जैसी सुरक्षा झ गया जंक्शन बनेगा देश का प्रमुख आधुनिक स्टेशन निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने डॉ. प्रेम कुमार जी को बताया कि स्टेशन परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को एयरपोर्ट मॉडल पर विकसित किया जा रहा है। अत्याधुनिक स्कैनर बैगेज स्कैनिंग व्यवस्था हाई-रिज़ॉल्यूशन 360ट कैमरे केंद्रीकृत कमांड कंट्रोल रूम फायर सेफ्टी के उन्नत मानक इन सभी सुविधाओं से यात्रियों को सुरक्षित, सहज और आरामदायक यात्रा अनुभव मिलेगा। गया की सांस्कृतिक झलक झ परिसर में भारतीय कला व स्थानीय विरासत की झलक निरीक्षण के क्रम में डॉ. प्रेम कुमार ने गौर किया कि स्टेशन परिसर के विभिन्न स्थानों पर भारतीय कला संस्कृति एवं गया की धार्मिक विरासत को आकर्षक पेंटिंग और भित्ति चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया है। बोधगया, विष्णुपद मंदिर, फाल्गु तट, ब्रह्मयोगिनी, प्राचीन मठों व ऐतिहासिक स्थलों की कलात्मक झलक स्टेशन को सांस्कृतिक रूप से भी समृद्ध बनाएगी। उन्होंने कहा कि यह स्टेशन सिर्फ यात्री सुविधा का केंद्र नहीं होगा, बल्कि पर्यटक आकर्षण का भी एक महत्वपूर्ण स्थल बनेगा।गया जंक्शन झ धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्णडॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गया जिला न केवल धार्मिक दृष्टि से विश्व प्रसिद्ध है, बल्कि पर्यटन एवं आध्यात्मिक महत्व के कारण भी देश-विदेश के लाखों पर्यटकों का केंद्र रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व स्तरीय स्टेशन बनने से पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि होगी, स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, युवाओं को रोजगार मिलेगा, और गया की अंतरराष्ट्रीय पहचान और मजबूत होगी। जून 2026 में निर्माण होगा पूरा झ उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री को आमंत्रित करने की बात अधिकारियों ने बताया कि गया जंक्शन का पुनर्निर्माण जून 2026 तक पूर्ण रूप से तैयार हो जाएगा।

## कौआकोलः दवा विक्रेता संघ की प्रखण्ड इकाई का हुआ पुनर्गठन



**लोक तंत्र की आवाज**

- योगेन्द्र बनें दवा विक्रेता संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष

**कौआकोल।** प्रखण्ड के कौआकोल बाजार अवस्थित डॉ० राजेन्द्र प्रसाद के आवास पर रविवार को दवा विक्रेता संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला के नवनिर्वाचित कमिटी के अध्यक्ष राजन कुमार बर्णवाल,संयुक्त सचिव मनोज कुमार मन्नू,कोषाध्यक्ष पंकज कुमार,उपाध्यक्ष सेवानन्द सिंह,संयुक्त सचिव परवेज अख्तर एवं जिला सचिव योगेन्द्र कुमार मौजूद रहे। बैठक में कौआकोल प्रखण्ड के दवा विक्रेता संघ के पूर्व गठित प्रखंडस्तरीय कमिटी को भंग कर पुनर्गठन किया गया। नई कमिटी में सर्वसम्मति से योगेन्द्र प्रसाद उर्फ योगी जी को प्रखण्ड अध्यक्ष,संतोष कुमार को कोषाध्यक्ष,राजेन्द्र प्रसाद को सचिव,राजीव रंजन बर्णवाल को संगठन सचिव,रवि बर्णवाल को उपाध्यक्ष एवं अनन्त प्रकाश गुप्ता को संयुक्त सचिव मनोनीत किया गया। सभी दवा विक्रेताओं ने संगठन की एकता के लिए आपस में भाईचारा बनाकर एकजुट रहने की बात दुहराई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि संगठन के सदस्यों के सुख दुःख में कमिटी हमेशा साथ रहेगी। मौके पर पूर्व मुखिया डॉ० चन्द्रिका प्रसाद समेत अन्य दवा विक्रेता मौजूद थे।

## कौआकोल के जंगली इलाके में पहुँचा हाथियों का झुंड

**लोक तंत्र की आवाज**

- हाथियों के झुंड को वन विभाग की टीम के द्वारा स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से खदेड़ दिया गया

**कौआकोल।** जमुई जिला के जंगली इलाकों से भटककर हाथियों का झुंड शनिवार की देर रात्रि कौआकोल के घने जगंल पहुंच गया। जिससे इलाके के ग्रामीणों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथियों के झुंड को कौआकोल थाना क्षेत्र के महुडर पंचायत के करमाटांड़, भिखोमोह,रजवरिया,दनियाँ रानीगदर जंगल में विचरण करते देखा गया। इस दरम्यान हाथियों के झुंड द्वारा काफी मात्रा में किसानों के खलिहान में रखे धान के फसल,बिचाली आदि को नष्ट कर दिया। हालांकि हाथियों के झुंड द्वारा किसी प्रकार की अनहोनी की घटना को अंजाम नहीं दिया गया है। हाथियों के झुंड को वन विभाग की टीम के द्वारा स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से खदेड़ दिया गया। ग्रामीण गोरेलाल राय,बिंदेश्वरी राय,तुलसी राय,किशोरी राय आदि ने बताया कि हाथियों के झुंड के द्वारा काफी मात्रा में धान फसल को नष्ट किया गया है।

## नवादा के सर्किट हाउस में पूर्व एमएलसी रामबली चंद्रवंशी ने किया प्रेस कॉन्फ़्रेंस, पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

**लोक तंत्र की आवाज**

**सुनील कुमार**



**नवादा।** अतिपिछड़ा समाज के नेता प्रो० रामबली चंद्रवंशी पूर्व एमएलसी ने रविवार को नवादा के सर्किट हाउस में एक प्रेस कांफ्रेंस किया। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पत्रकारों से कहा कि नवादा जिले के काशीचक थाना में पुलिस अभिरक्षा में रहे अतिपिछड़ा समाज के नाबालिग़ की हत्या हुआ है और पुलिस उसे आत्महत्या साबित करना चाह रही है। नवादा के एसपी अभिनव धीमान ने थानाध्यक्ष समेत अन्य पुलिसकर्मी को निलंबित कर खानापूर्ति किया है ,जबकि इनपर हत्या के जुर्म में 302 के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा प्रेम प्रसंग में फरार अतिपिछड़ा समाज के बौरी गांव निवासी नाबालिग़ को उनके नाबालिग़ प्रेमिका के साथ बरामद कर काशीचक थाना लाया गया और नाबालिग़ होने के कारण उसे हाजत में न रखकर अलग कमरे में रखा गया। लड़के को छोड़ने के एवज में पुलिस ने 50 हजार की रिश्वत मांगी गयी ,जिसके बाद उसके परिजन ने 35 हजार रुपए देकर छोड़ने का मांग किया। रात्रि 11 बजे तक नाबालिग़ प्रेमी ठीक था ,लेकिन नाबालिग़ प्रेमिका की भाई जो पुलिस कांस्टेबल है ,उनके इशारे पर उसे छोड़ा नहीं गया। सुबह में उसकी लाश को परिजनों ने अस्पताल में देखा। पुलिस ने रात्रि में हीं उसे हत्या किया और आत्महत्या साबित करने के लिए अस्पताल ले गया। उन्होंने कहा अस्पताल में रहे चिकित्सक ने मुझे बताया कि अस्पताल आने के पूर्व नाबालिग़ की मौत हो चुकी थी। उन्होंने कहा हम अतिपिछड़ा पर लगातार अत्याचार हो रहा है ,जिसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग किया है। इस मौके पर अतिपिछड़ा समाज के मोहन सिंह चंद्रवंशी, प्रमोद सिंह चंद्रवंशी, राजेंद्र सिंह, संतोष सिंह, गौतम कुमार चंद्रवंशी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## सिरदला पुलिस ने मारपीट और शराब मामले के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, न्यायिक प्रक्रिया के बाद भेजा गया जेल

**लोकतंत्र की आवाज**

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**



**सिरदला (नवादा)।** सिरदला पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहली कार्रवाई सिरदला थाना कांड संख्या 405/25, दिनांक 07-11-25 से संबंधित है, जिसमें मारपीट के मामले में दर्ज एफआईआर के अभियुक्त 23 वर्षीय सागर कुमार, पिता अशोक साव, निवासी मूर्तियां गांव को एएसआई विकास कुमार के नेतृत्व में गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी फरार चल रहा था, जिसे गुप्त सूचना के आधार पर धर दबोचा गया। दूसरी कार्रवाई थाना कांड संख्या 282/25, दिनांक 29-07-25 के तहत दर्ज शराब मामले से जुड़ी है। इस मामले में पड़िया गांव निवासी राजू राजवंशी के पुत्र प्रदीप राजवंशी को एएसआई सच्चिदानंद प्रसाद ने गिरफ्तार किया। प्रदीप पर प्रतिबंधित शराब रखने और उसके उपयोग से संबंधित कानून उल्लंघन का आरोप है। पुलिस ने बताया कि दोनों अभियुक्तों को थाना लाकर पूछताछ की गई और कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उन्हें व्यवहार न्यायालय नवादा में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस ने कहा कि अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## पकरीबरावा : राज्यस्तरीय टीम ने आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच की

**लोकतंत्र की आवाज**

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**



**पकरीबरावा।** प्रखंड मुख्यालय पकरीबरावा में समेकित बाल विकास सेवाए निदेशालय की राज्यस्तरीय टीम द्वारा नवादा जिला के आकांक्षी प्रखंड पकरीबरावां प्रखण्ड के कई आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच की गई। पोकसी, लोदीपुर एवं दोस्तली बिगहा की जांच की गई। निरीक्षण राज्य सलाहकार, पोषण अभियान संतोष कुमार गुप्ता तथा जिला प्रबंधक, पिरामल स्वास्थ्य बलिन्द्र सिंह द्वारा किया गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य आकांक्षी जिला एवं प्रखंड अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, सेवाओं एवं रिकॉर्ड संधारण की वास्तविक स्थिति का आकलन करना रहा। इस दौरान जिन बिंदुओं का भौतिक सत्यापन किया गया, उनमें पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी दीवार लेखन, बैनर,पोस्टर, होर्डिंग की उपलब्धता, आंगनवाड़ी नेम प्लेट का प्रदर्शन, एचसीएम मेन्यू फ्लेक्स, समय-सारणी फ्लेक्स (आधारशिला अनुसार), शिक्षण सहायक सामग्री, बच्चों के आईकार्ड, आवश्यकता अनुसार वाल पेंटिंग, पेयजल व्यवस्था, शौचालय एवं विद्युत सुविधा, गृह भ्रमण की प्रगति, वृद्धि निगरानी प्रक्रिया (वजनझऊँचाई, लंबाई), तीन लाभार्थियों के रिकॉर्ड का मिलान, गर्भवती महिलाओं की एएनसी प्रविष्टि, वृद्धि निगरानी उपकरणों की उपलब्धता, केंद्र परिसर की स्वच्छता एवं पोषण वाटिका आदि शामिल है। इस अवसर पर सीडीपीओ नेहा कुमारी, समन्वयक शशि रंजन, पर्यवेक्षिका सीमा कुमारी, पूनम कुमारी, अनामिका कुमारी, सेविका उर्मिला देवी, सिहंता देवी, जहांआरा आदि उपस्थित थे।

## हार का ठीकरा एक-दूसरे पर फोड़ रहे महागठबंधन के नेता, कांग्रेस की हैसियत बता रहे राजद के नेता

**लोक तंत्र की आवाज**

- महागठबंधन में लठबंधन शुरू : प्रभाकर मिश्र

**गया जी।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने महागठबंधन पर जोरदार तंज कसते हुए कहा कि महागठबंधन में लठबंधन शुरू हो गया है। विधानसभा चुनाव में हुई हार की जिम्मेवारी लेने को कोई दल तैयार नहीं है। हार के लिए सभी एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। जबकि सच यह है कि बिहार की जनता ने महागठबंधन के सभी दलों के चेहरे पर कालिख पोत दी है। कुछ का सूपड़ा साफ हो गया, तो राजद ने 143 सीटें पर उम्मीदवार खड़े कर सिर्फ 25 सीटें ही जीती। कांग्रेस की हालत तो और पतली रही और 61 उम्मीदवार खड़ा कर सिर्फ 06 सीटें ही हासिल कर सकी। मिश्र ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि महागठबंधन के नेता हार के सदमे से उबर नहीं पा रहे। हार के गहरे सदमे ने उन्हें मानसिक रूप से विक्षिप्त बना दिया है। वे हार के सही कारणों को ढूंढने की बजाय, एक -दूसरे पर लाठी ताने खड़े दिख रहे हैं। राजद के प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस को उसकी हैसियत बता रहे हैं और अकेले चुनाव लड़ने की चुनौती दे रहे हैं। वहीं, कांग्रेस के विधायक महागठबंधन की बैठक में जाने को तैयार हैं। मिश्र ने कहा कि लठबंधन के बाद खंड-खंड हो जाना ही महागठबंधन की नियति है। अभी तो चुनाव परिणाम का दो हफ्ता ही बीता है और महागठबंधन में बिखराव शुरू हो गया है। यह बिखराव और तेज होगा और जल्द ही महागठबंधन का नामोनिशान नहीं बचेगा।



## मगधांचल समग्र विकास समिति अध्यक्ष ने परम पूज्य अघोरेश्वर भगवान राम का महानिर्वाण में श्रद्धांजलि अर्पित किए

**लोकतंत्र की आवाज**

**गया जी।** अघोरेश्वर भगवान राम काण-काण में व्याप्त हैं विगत को परम पूज्य अघोरेश्वर भगवान राम का महानिर्वाण दिवस था चाहते हुए भी स्वास्थ्य ठीक नहीं रहने के कारण पड़ाव वाराणसी उत्तर प्रदेश के गंगा तट किनारे के किनारे महासमाधि स्थल पर नहीं जा सका घर पर ही रहकर उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर एक दिन और एक रात के लिए अखंड ज्योति प्रज्वलित कर गुरुगीता, सफल योनि का पाठ कर हवन करने करके अपनी श्रद्धा अर्पित की है।

मुझे आज भी याद है कि वर्ष 1992 के नवंबर महीना में गोह अंचल के हथियारा गांव में अपने समाजवादी मित्र स्वर्गीय गयानंद शर्मा के यहां एक वैवाहिक कार्यक्रम में भाग लेने गया था तो हथियारा प्रवास के दौरान ही स्वप्न में उनके दर्शन हुए थे और स्वप्न में ही उन्होंने कहा था कि अपना शरीर त्याग दिया है और उनकी स्मृति में बारुण सोन नद के किनारे उनके छोटे से आश्रम में भंडारा होगा जिसमें मुझे शामिल होना है और प्रसाद तैयार करने के वास्ते सुखा लकड़ी का प्रबंध कर देना है।

उक्त स्वप्न के बाद मेरी नींद टूट गई और स्वप्न के बारे में चिंतन करने लगा क्योंकि उनके द्वारा स्थापित संस्था श्री सर्वेश्वरी समूह से अब तक हमारे कोई संबंध नहीं थे जब दूसरे दिन देवकुंड होकर घर आया तो समाचार पत्रों से जानकारी मिली थी अघोरेश्वर भगवान राम जी ने विदेश में ही अपना शरीर छोड़ दिया है और उनका पार्थिव शरीर भारत लाया जा रहा है।उन दिनों मुझे किसी कार्यवश बाहर जाना था पर अचानक बारूण चला गया उन दिनों बारुण में हमारे रिश्तेदार थाना प्रभारी थे बरुण जाने के पश्चात सोन नदी के किनारे मेरे कदम औघड़ आश्रम सर्वेश्वरी समूह की ओर बढ़ गए तथा आश्रम जाने पर आश्रम के कार्यकर्ताओं ने बताया कि थाना के समिप ही नबीनगर जाने वाली सड़क के किनारे एक सूखा पेड़ है यदि उसमें से लकड़ी काटने का प्रबंध हो जाए तो अच्छा रहेगा मैं पुलिस के सहायता से आवश्यकता अनुसार लकड़ी का प्रबंध कराया और स्वयं भंडारा में मौजूद रहा है। परम पूज्य अघोरेश्वर की एक मुड़िया शिष्य पीतांबरी जी थे जो अध्यात्म और शास्त्रों के प्रखंड विद्वान थे उनका हमसे संपर्क बना और इनसे मैंने प्रारंभिक प्रशिक्षण पाया तथा पूज्य अघोरेश्वर के शिष्य परमपूज्य औघड़ मंगल राम बाबा जी (डाल्टेनगंज) से विधिवत अघोर परंपरा में दीक्षा लिया। मुझे कई अवसरों पर पूज्य अघोरेश्वर के स्वप्न में दर्शन होते रहे हैं और उनका मार्गदर्शन मिलता रहा है मेरा दुर्भाग्य रहा कि हममे कई विकृतियों रहीं जिससे मैं अपने आपसे अलग नहीं कर पाया ।

# बिजनौर एसआईआर कार्य को बीएलओ पूरी ईमानदारी से पूरा करें: जिलाधिकारी

लोकतंत्र की आवाज




**रिपोर्ट पायल कुमारी**

**बिजनौर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में एसआईआर के अंतर्गत विधानसभावार बूथों पर तैनात बीएलओ की कार्य प्रगति, हेल्प डेस्क, एवं गणना पत्रों के वितरण, संकलन व डिजिटाइजेशन कार्यों के सम्बंध में बैठक सम्पन्न हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता सूची का सुदृढ़, त्रुटिरहित एवं अद्यतन होना निर्वाचन प्रक्रिया की विश्वसनीयता का आधार है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया चुनावी व्यवस्था का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है, जिसमें बीएलओ की भूमिका निर्णायक होती है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी बीएलओ समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण कार्य कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने समस्त बीएलओ निर्देशित किया कि वे पूरी कर्तव्यनिष्ठा, समयबद्धता और पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए अपने-अपने लक्ष्यों को पूर्ण करें तथा एसआईआर-2026 अभियान को सफल बनाने में पूरी प्रतिबद्धता से योगदान दें। उन्होंने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारीयों सहित नोडल अधिकारियों एवं बीएलओ को कड़े निर्देश दिए कि 04 दिसंबर तक सभी कार्य पूरा करने के लिए प्रतिदिन डिजिटाइजेशन के कार्य में कम से कम 10 प्रतिशत से अधिक प्रगति लाना सुनिश्चित की जाए तथा जो भी कार्मिक गणना प्रपत्रों को जमा करने के कार्य में सहयोग नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध तत्काल कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जन सामान्य को जागरुक एवं प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिदिन मुनादी कराते रहें तथा आमजन को भी इस महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बीएलओ को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सबसे तेज एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों को जिला प्रशासन द्वारा पुरस्कृत एवं सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया उक्त कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने के लिए अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की प्रतिदिन रिपोर्ट तलब करें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि एसआईआर के कार्य में ग्राम प्रधानों एवं पंचायत सहायकों की भागीदारी सुनिश्चित कराएं तथा अधिशासी अधिकारी नगर निकाय शहरी क्षेत्रों में सभासदों, शिक्षित युवाओं एवं आमजनों को मतदाताओं के गणना प्रपत्र भरवाने एवं उनको जमा करने के कार्य में सहयोग के लिए प्रेरित करें ताकि समय पूर्वक प्त् का कार्य पूर्ण किया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे बीएलओ, सुपरवाइजर को अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें और गणना फॉर्म की प्रविष्टियों को ध्यानपूर्वक भरें, उस पर अपने हस्ताक्षर करें और बीएलओ को तत्काल उपलब्ध कराते हुए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने मतदाताओं का यह भी का आह्वान किया कि यदि मतदाता घर पर नहीं हैं, तो परिवार का कोई भी वयस्क सदस्य सभी मतदाता सदस्यों की जानकारी भरकर हस्ताक्षर सहित फॉर्म बीएलओ को देसकता है। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं के हस्ताक्षरित फॉर्म बीएलओ को प्राप्त हो जाएंगे, उनके नाम आगामी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में सम्मिलित किए जाएंगे, जिसका प्रकाशन 09 दिसंबर 2025 को होगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी वान्या सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुणाल रस्तोगी सहित सभी उप जिलाधिकारी तहसीलदार नोडल अधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मौजूद थे।

# 8 दिसंबर की ऐतिहासिक महापंचायत से पहले भाकियू प्रधान ने छेड़ा जनसंपर्क



लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह**

**बिजनौर** । आगामी 8 दिसंबर - को नजीबाबाद ग्रामीण क्षेत्र में प्रस्तावित बड़ी महापंचायत को लेकर भारतीय किसान यूनियन प्रधान ने तैयारी को चरम पर पहुंचा दिया है। मंडल मीडिया प्रभारी रामोद कुमार खुद मैदान में उतरकर गांव गांव जनसंपर्क कर रहे हैं। चौपालों के जरिए किसानों को जोड़ने नका अभियान तेज़ हो गया है और कहीं - ढोल नगाड़े तो कहीं मशाल जुलूस जैसी तैयारी देखने को मिल रही है। महापंचायत की पहली कड़ी में ही संगठन ने साफ कर दिया है कि इस बार प्रशासन को किसानों के सामने जवाब देना ही पड़ेगा। भाकियू प्रधान ने जिन गंभीर मुद्दों को मंच से उठाने का ऐलान किया है, उनमें मुख्य रूप से बिजनौर एसपी ग्रामीण की विवादित कार्यशैली, किसानों का रात्रि में टेंट उखाड़ना, किसानों के साथ बदसलूकी, और बेटी कनक को अब तक बरामद न कर पाना शामिल है। इन मामलों को लेकर किसानों में भारी रोष है और गांवों में व्यापक समर्थन उमड़ रहा है। रामोद कुमार का कहना है कि महापंचायत को ऐतिहासिक बनाने के लिए लगातार जनजागरण जारी है। बड़ी संख्या में किसान जुड़ रहे हैं और गांव गांव में चौपाल आयोजित की जा रही हैं। संगठन का दावा है कि यह महापंचायत जिले व मंडल की राजनीति और प्रशासनिक व्यवस्था की नई दिशा तय करेगी। भाकियू प्रधान के अनुसार, इस बार की महापंचायत केवल सभा नहीं, बल्कि अन्याय के खिलाफ किसानों की प्रचंड आवाज बनकर उभरेगी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### स्योहारा में बाइक हादसा,व्यापारी की मौत, पत्नी व बेटा गंभीर रूप से घायल

**रिपोर्ट रोहित कुमार**



**बिजनौर।** स्योहारा, के स्योहारा मुरादाबाद रोड पर ग्राम सुल्तानपुर के पास शुक्रवार देर रात हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। इस दुर्घटना में उनकी पत्नी और 10 वर्षीय पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान सहसपुर के मोहल्ला चौधरियान निवासी रईस अहमद (50) पुत्र अमीर अहमद के रूप में हुई है। रईस स्योहारा में सीमेंट–सरिया की दुकान चलाते थे और उनका यहां एक मकान भी निर्माणाधीन था। गुरुवार को वे अपनी पत्नी सुआलेह (45) और पुत्र उजेर (10) के साथ अपना नया मकान दिखाने स्योहारा आए थे। तीनों बाइक से वापस सहसपुर लौट रहे थे। ग्राम सुल्तानपुर के पास पहुंचते ही किसी अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार में उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि रईस अहमद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी सुआलेह और पुत्र उजेर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि दुर्घटना करने वाले वाहन की पहचान की जा सके। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### अलीगढ़ में एसएसपी नीरज जादौन मंगलवार रात एसएसपी सादी वर्दी में अकेले ही शराब वाली गली में छापेमारी करने पहुंच गए

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

एसएसपी ने जवाब दिया नीरज जादौन। तुम्हारे शहर का एसएसपी। यह सुनते ही शराब पी रहे लोग गिलास और बोतल अलीगढ़ में एसएसपी नीरज छोड़कर भाग गए। एसएसपी जादौन मंगलवार रात ने तुरंत फोर्स बुलाई। पूरी एसएसपी सादी वर्दी में अकेले गली को खाली कराया ही शराब वाली गली में गया। 6 लोगों को छापेमारी करने पहुंच गए। गिरफ्तार किया गया। उन्होंने शराबियों की टेबल नगर निगम की टीम भी से बोतल उठा ली। यह मौके पर पहुंच गई। गली देखते ही शराब पी रहे में लगी टेबल, बेंच और लोग भड़क गए। कहा– ये डीप फ्रीजर को उठाकर क्या बदतमीजी है, कौन ले गई।

### फसल अवशेष जलाना पडेगा महंगा, एसडीएम ने किसान पर लगाया 5000 का जुर्माना



**साजिद सलमानी**

**सहारनपुर।** उपजिलाधिकारी सदर, सुबोध कुमार, ने प्रदूषण के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाते हुए एक बड़ी कार्रवाई की है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान, उन्होंने ग्राम पुण्डेन, तहसील सदर में लियाकत पुत्र भूरा नामक एक किसान को खेत में फसल अपशिष्ट (पराली) जलाते हुए रंगे हाथ पकड़ा। फसल अवशेष जलाने से भारी मात्रा में प्रदूषण फैल रहा था, जो कि जन स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए गंभीर रूप से हानिकारक है। शासन के स्पष्ट निर्देशों का उल्लंघन मानते हुए, उपजिलाधिकारी ने तत्काल नियमानुसार 5000/– पाँच हजार रुपये का जुर्माना कृषक पर लगाया। एसडीएम सुबोध कुमार ने कड़े शब्दों में यह संदेश दिया कि फसल अपशिष्ट जलाए जाने के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गागलहेड़ी क्षेत्र में डंपर हादसे के बाद हरकत में प्रशासन, नियमों का पालन करने की दी चेतावनी



लोकतंत्र की आवाज़

**साजिद सलमानी**

**सहारनपुर।** सहारनपुर में डंपर की टक्कर से हुए दर्दनाक हादसे में 7 लोगों की मौत के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। शनिवार को कलक्ट्रेट सभागार में हुई अहम बैठक में जिलाधिकारी मनीष बंसल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने खनन वाहनों, ट्रांसपोर्टरों, क्रेशर मालिकों और गन्ना परिवहन से जुड़े वाहन स्वामियों को ट्रैफिक नियमों और अवैध खनन पर कड़ी चेतावनी दी। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि बिना एच.एस.आर.पी. प्लेट के कोई वाहन सड़क पर नहीं चलेगा। ऐसे वाहन पकड़े जाने पर उप खनिज लोड किया जाएगा और 30 नवंबर की सुबह तक सभी वाहनों में एचएसआरपी और बॉडी पर वाहन नंबर लिखना अनिवार्य होगा। आदेश का उल्लंघन करने पर चालान और वाहन सीज़ करने की कार्रवाई की जाएगी।

# नजीबाबाद.स्वर्गीय रमेश चंद माहेश्वरी एवं श्रीमती माहेश्वरी की स्मृति में राधे राधे वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में आयोजित

लोकतंत्र की आवाज



**रिपोर्ट पायल कुमारी**

नजीबाबाद.स्वर्गीय रमेश चंद माहेश्वरी एवं श्रीमती पुष्प लता माहेश्वरी की स्मृति में राधे राधे वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में आयोजित एक कार्यक्रम में संस्था द्वारा गोद लिए गए गांव में 85 गर्भवती महिलाओं को खाने की सामग्री और प्रोटीन के डिब्बे बांटे गए। ग्राम पंचायत खैरुल्लापुर स्थित सचिवालय में कुपोषण के खिलाफ एक जंग जच्चा बच्चा रक्षा विषय पर हुए कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया इस अवसर पर डॉ प्रवीण लता नय्यर ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से जरूरतमंद महिलाओं को आवश्यक सामग्री उपलब्ध हो जाती है इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं व छोटे बच्चों की जांच भी की गई और उनसे ठंड के मौसम में सावधानी बरतने का आह्वान किया गया। अंत में राधे-राधे वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष नीलम माहेश्वरी ने कार्यक्रम कहा कि आगे भी समय-समय पर होते रहेंगे कार्यक्रम में आए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया वही कार्यक्रम संयोजक विवेक माहेश्वरी और निशा महेश्वरी ने कार्यक्रम में आए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान रीना और संचालन वरिष्ठ कवि तथा साहित्यकार प्रदीप डेजी ने किया इस अवसर पर विजय माहेश्वरी निशा महेश्वरी, देवेंद्र कुमार, आरती वर्मा, संदीप महेश्वरी, ममता देवी ,सावित्री देवी, रिशु अग्रवाल, नीलम हांडा, रजनी तागरा, अंजु अग्रवाल, सुलेखा अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# आयुष्मान भारत योजना में ऐतिहासिक बदलाव 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिक स्वतः पात्र

लोकतंत्र की आवाज



**उरई।** केंद्रीय सरकार ने आयुष्मान भारत झ्र प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (ढटखअ) के तहत बड़ा और ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वतः पात्र घोषित कर दिया है। अब योजना का लाभ पाने के लिए न तो सामाजिक और न ही आर्थिक स्थिति की कोई शर्त लागू होगी। यह प्रावधान 11 सितंबर 2024 से लागू है, जिससे देशभर में लाखों वरिष्ठ नागरिकों को मुफ्त इलाज की सुविधा सुनिश्चित हो सकेगी। सरकार के इस निर्णय के बाद 70+ आयु के नागरिकों को प्रति परिवार ₹5 लाख तक कैशलेस और निशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध रहेगी। योजना के तहत अस्पताल में भर्ती होने से 3 दिन पहले और छुट्टी के 15 दिन बाद तक का खर्च भी कवर किया जाएगा। इलाज से जुड़ा सारा भुगतान सीधे सरकार द्वारा किया जाएगा, जिससे मरीजों और उनके परिवारों पर आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा। आयुष्मान कार्ड बनवाने की प्रक्रिया को तेज गति देने के लिए उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में 25 नवंबर 2025 से 25 दिसंबर 2025 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र परिवार या 70+ बुजुर्ग योजना से वंचित न रह जाए। स्वास्थ्य विभाग, आशा वर्कर्स, पंचायत सहायकों और ब्लॉक स्तर की टीमों को निर्देशित किया गया है कि घर-घर जाकर पात्र लाभार्थियों का सत्यापन और पंजीकरण करवाया जाए। उल्लेखनीय है कि मार्च 2024 में सरकार ने आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को भी इस योजना में शामिल कर दिया था। इससे देशभर में लाखों फ्रंटलाइन महिला कर्मचारियों और उनके परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा मिली है। वहीं सरकार ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि नामांकन 2025 में भी जारी रहेगा, इसलिए पात्र लोगों को जल्द से जल्द अपना कार्ड बनवाना चाहिए। योजना का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों विकल्प उपलब्ध हैं। पंजीकरण वटअठ ऐप, राज्य स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट, आशा कार्यकर्ता, पंचायत स्तर के कॉमन सर्विस सेंटर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और सरकारी अस्पतालों के माध्यम से कराया जा सकता है। लाभार्थियों को केवल आधार कार्ड और उम्र से संबंधित पहचान प्रमाण उपलब्ध कराना होगा। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार आयुष्मान भारत योजना के तहत अब तक करोड़ों नागरिक लाभान्वित हुए हैं और सरकार आने वाले समय में इसे और व्यापक करने की तैयारी में है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि किसी भी गरीब, बुजुर्ग या जरूरतमंद व्यक्ति के इलाज में आर्थिक तंगी बाधा नहीं बननी चाहिए। इसी उद्देश्य से यह ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। सरकार का साफ संदेश है इलाज में देरी न करें, तुरंत आयुष्मान कार्ड बनवाएं। यह फैसला स्वास्थ्य सुरक्षा के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होने की उम्मीद है और देश के वरिष्ठ नागरिकों तथा जरूरतमंद परिवारों के लिए जीवन रक्षक कदम माना जा रहा है।

# जालौन कोर्ट में पत्नी ने पति को जड़ा थप्पड़, मुकदमा वापिस न लेने पर जान से मारने की दी धमकी, पुलिस जांच में जुटी

लोकतंत्र की आवाज




**उरई।** के जिला एवं सत्र न्यायालय की अपर पारिवारिक न्यायालय उरई में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब सुनवाई के दौरान एक युवती ने अपने पति को थप्पड़ जड़ दिया। अचानक हुई इस घटना से कोर्ट चैंबर में अफरा-तफरी मच गई। याचिका संख्या 239/2022 सौरभ सुमन द्विवेदी बनाम इच्छा तिवारी धारा 9 हिंदू विवाह अधिनियम की सुनवाई दोपहर लगभग 12 बजे चल रही थी, तभी यह विवाद सामने आया। पीड़ित सौरभ सुमन द्विवेदी पुत्र अरविंद द्विवेदी निवासी शांतिनगर, उरई ने पुलिस को दी गई शिकायत में आरोप लगाया कि उनकी पत्नी इच्छा तिवारी ने कोर्ट की कार्यवाही के दौरान जान से मारने की नीयत से उन्हें थप्पड़ मारा, जो न्यायालय की मर्यादा और आदेश की अवमानना है। थप्पड़ मारने के तुरंत बाद कोर्ट कक्ष में मौजूद लोग सहम गए और माहौल तनावपूर्ण हो गया।

**पुलिस मामले की जांच में जुटी:** सौरभ ने बताया कि घटना के दौरान इच्छा तिवारी के साथ उसके पिता प्रदीप तिवारी, मोहन तिवारी, रामसिन्दूर गुर्जर और गुड्डन तिवारी भी मौजूद थे। आरोप है कि इन सभी ने मिलकर उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। पीड़ित के अनुसार परिजनों ने साफ कहा कि यदि उसने मुकदमा वापस नहीं लिया, तो उसे जान से मार दिया जाएगा। यह पूरी घटना न्यायालय में मौजूद अन्य लोगों ने भी देखी घटना के बाद पीड़ित युवक किसी तरह कोर्ट कक्ष से बाहर आया, जहां बाहर भी पत्नी व उसके परिजनों ने उसे घेरकर धमकियां दीं। मामले को लेकर सौरभने कोतवाली उरई में तहरीर देकर सभी आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। लेकिन पीड़ित की एफआइआर दर्ज नहीं की। कोर्ट के अंदर हुए इस विवाद ने सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

# नन्हें हाथों की मुस्कान और नागरिक कर्तव्य का संगम- रविवार सेवा ने संवेदना को जनसहभागिता में बदला

## 1550 थालियों में भरकर परोसी करुणा:आशियाना में मानवता ने किया हर्ष और सौहार्द का उदय- विकास पाण्डेय

लोक तंत्र की आवाज

**लखनऊ (उ.प्र.)** झ 30 नवम्बर 2025, रविवार। इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी (रजि.) द्वारा संचालित सेवा प्रकल्प बृज की रसोई के अंतर्गत प्रत्येक रविवार की परंपरा के अनुसार आज आशियाना, लखनऊ में अकिंचन, निराश्रित एवं निर्धन बच्चों हेतु निःशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम हर्ष, करुणा और सौहार्द के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आज के पौष्टिक भोजन में छोला-चावल तथा मिष्ठान में हलुआ परोसा गया। यह सद्भाव-भरी सेवा प्रेरणाश्रोत बाबा नीम करौली जी की कृपा, करुणा और प्राणीझ्रमात्र सेवा के पवित्र संकल्प पर आधारित रही। देवांश रस्तोगी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना एवं सेवा-संकल्प के साथ हुई, जिसके बाद उपस्थित बच्चों एवं बुजुर्गों को *गरम, ताज़ा और पौष्टिक छोला-चावल एवं मिष्ठान में हलुआ ससम्मान परोसे गया। दीपक भुटियानी के अनुसार, सभी स्थानों पर सेवा-भावना का वातावरण स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। जहाँ एक ओर भोजन पाकर नन्हें चेहरों पर प्रसन्नता की चमक दिखी, वहीं दूसरी ओर स्वयंसेवकों के मन में मानवीय संतोष व आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति झलकती रही। आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि कई बच्चों ने मुस्कान के साथ अपनी थाली आगे बढ़ाई, कुछ ने अपने हिस्से का भोजन मित्रों



में बाँटा। यह दृश्य स्वयं प्रमाणित कर रहा था कि भोजन केवल पेट नहीं भरता, यह विश्वास और जीवनझ्रउम्मीद भी जगाता है। विकास पाण्डेय ने कहा कि छोटी-सी सहभागिता भी किसी के जीवन में बड़ा परिवर्तन ला सकती है, और इसी उद्देश्य के साथ यह सेवा-अभियान निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। दिव्यांश शर्मा ने जानकारी दी कि आज का निःशुल्क भोजन वितरण सेक्टरझ्र एम रिक्शा कॉलोनी, रतन खंड पार्क, डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के पास स्थित झुग्गीझ्रझोपड़ियाँ, निर्माणाधीन भवनों में कार्यरत श्रमिकों के अस्थायी आवास, नगर निगम जोनझ्र8 की मलिन बस्तियाँ तथा रतनखंड पानी टंकी सहित अनेक क्षेत्रों में संपन्न हुआ। इस दौरान लगभग 1550 निराश्रित, असहाय एवं जरूरतमंदों को सप्रेम भोजन एवं हलुआ परोसा गया। आज के कार्यक्रम में संस्था के समर्पित पदाधिकारी एवं स्वयंसेवक देवांश रस्तोगी, दीपक भुटियानी, आशीष श्रीवास्तव, विकास पाण्डेय, नवल सिंह, मुकेश कनौजिया, दिनेश पाण्डेय, अजय कुमार एवं दिव्यांश शर्मा सहित अनेक समाजसेवियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। संस्था के संस्थापक विपिन शर्मा ने कहा हम भोजन नहीं बाँटते, हम संवेदनशीलता, करुणा और एक सुरक्षित कल की आशा वितरित करते हैं। उन्होंने समापन अवसर पर समाज के संवेदनशील नागरिकों से आग्रह किया कि वे भविष्य में भी इस सेवा-यात्रा के सहभागी बनें, क्योंकि सामूहिक संकल्प ही भूख, अभाव और असमानता के विरुद्ध सबसे प्रभावशाली हथियार है। श्री शर्मा ने यह भी बताया कि यह मानवता-आधारित सेवा भविष्य में नियमित रूप से निरंतर जारी रहेगी।

# अमरोहा अपहरण कर किशोरी से रेप में सात साल की सजा दोषी पर दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह**

**अमरोहा।** अपहरण कर किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में पॉक्सो एक्ट कोर्ट ने युवक को सात साल जेल की सजा सुनाई। दोषी पर दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। मुकदमे में दोषी जमानत पर चल रहा था। वहीं, कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव में दोषी के पिता और दो दोस्तों को बरी किया है। 20 अप्रैल 2018 की घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले से जुड़ी थी। यहां पर एक कारोबारी का परिवार रहता है। उनकी नाबालिग बेटी को मोहल्ले का ही रहने वाला शिवम बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। मामले में कारोबारी ने शिवम के अलावा उसके पिता मनोज, दोस्त सलीम और विपिन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में पुलिस ने किशोरी को बरामद कर मुख्य आरोपी शिवम समेत चारों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए चालान कर दिया था। वहीं, कोर्ट में दिए गए पीड़िता के बयानों के आधार पर शिवम के खिलाफदुष्कर्म की धारा बढ़ाई थी। पुलिस ने मामले में चारों के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया। फिलहाल सभी जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट तृतीय की कोर्ट में विचाराधीन थी। ट्रायल के दौरान दुष्कर्म पीड़िता पूर्व में दिए गए अपने बयानों से पलट गई थी। शनिवार को कोर्ट में मुकदमे में अंतिम सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने शिवम को अपहरण व दुष्कर्म में दोषी करार दिया। उसे सात साल जेल की सजा सुनाई तथा 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। वहीं साक्ष्यों के अभाव में शिवम के पिता मनोज और दोनों दोस्तों को बरी कर दिया। जुर्माना राशि में से 80 प्रतिशत धनराशि पीड़िता को देने का आदेश कोर्ट ने दिया है। अमरोहा। कैप्टन नेवी विवेक कुमार (अ०प्रा०), जिसला सैनिक कल्याण एंव पुनवार्स कार्यालय, जनपद-अमरोहा। ने जानकारी देते हुए कहा कि जनपद में पूर्व सैनिक पुर्नमिलन समारोह दिनांक 10 दिसम्बर 2025 को सुबह 10रू30 बजे गैलेक्सी मैरिज हॉल होटल और रेस्टोरेंट निकट आर० टी० ओ० आफिस अतरासी रोड अमरोहा में आयोजित किया जायेगा। जिसमें भूतपूर्व सैनिकों एंव उनके आश्रितों को दांत एंव आँख की निःशुल्क जाँच की जायेगी तथा ई०सी०एच०एस० से सम्बन्धित समस्याओं का सैनिकों एंव उनके आश्रितों की यदि निराकरण किया जायेगा। भूतपूर्व कोई अन्य समस्या भी हो तो वह दिनांक 10 दिसम्बर 2025 को सुबह 10रू30 बजे तक अपने प्रार्थना पंत्र के साथ समारोह स्थान।

## संक्षिप्त खबरें ।

### आईएएस संतोष वर्मा के टिप्पणी से ब्राह्मण समाज में रोष



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती ।आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बहू–बेटियों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला दिन–प्रतिदिन तूल पकड़ते जा रहा है ।ब्राम्हण कल्याण मंच के महासचिव डॉ. सुमन मिश्रा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि संतोष वर्मा का बयान ब्राह्मण समाज ही नहीं, हर महिला को अपमानित करता है ।एक आईएएस अधिकारी का ऐसा दृष्टिकोण प्रशासनिक मर्यादा पर धब्बा है ।उन्होंने कहा कि समाज की सभी बेटियां सम्मान की पहचान हैं। किसी की सौदेबाजी का विषय नहीं। वहीं उन्होंने कहा कि कल्याण मंच शीघ्र ही पीरपैंती में आईएएस अधिकारी का पुतला दहन करेगा। वही प्रवक्ता इंद्रजीत कुमार मिश्रा उर्फ बिट्टू ने मांग की है कि केंद्र सरकार तत्काल उन्हें उनके पद से हटाए, विभागीय जांच करे और कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करे ।ऐसा न होने पर ब्राह्मण कल्याण मंच सड़क से सदन तक चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगी ।जबकि समानांतर संगठन के संरक्षक प्रेमप्रकाश मिश्र ने कहा कि किसी भी समाज में बहन एवं बेटियों के विरुद्ध ऐसी टिप्पणी विकृत मानसिकता का परिचायक है। वही बद्री विशाल शास्त्री ने भी गहरा रोष व्यक्त किया ।मनोज शास्त्री, सुमन बिहारी मिश्रा, शंकर प्रसाद मिश्रा, ने भी कहा कि एक उच्च पद पर बैठे अधिकारी से ऐसे विचार न केवल सामाजिक सौहार्द को ठेस पहुंचाते हैं बल्कि प्रशासनिक गरिमा पर प्रश्न उठाते हैं ।उन्होंने केंद्र सरकार से सवर्ण अत्याचार निवारण अधिनियम बनाने की मांग की है।

### साहिबगंज : आगमन रविवार पर चर्च में ईसाइयों में कई विशेष प्रार्थना



लोकतंत्र की आवाज
साहिबगंज। शहर के घाट रोड स्थित कैथोलिक चर्च में रविवार को ईसाई धर्मावलंबियों ने आगमन रविवार मनाते हुए विशेष प्रार्थना की। इस दौरान फादर प्रमोद कैथल, फादर मितेश हेम्ब्रम, फादर लॉरेंस किस्कू ने यीशु मसीह के जन्म व पुनरुत्थान की जानकारी देते हुए पवित्र दिसंबर माह के आगमन की तैयारी में जुट जाने का संदेश दिया। वहीं धान सहित मौसमी सभी फूलों को समर्पित करते हुए विशेष प्रार्थना की। फादर ने लोगों से कहा कि दिसंबर का महीना पापों से मुक्ति का महीना है। सभी अपने पापों का प्रायश्चित करें। इस अवसर पर सिस्टर मैरीन, सिस्टर लारिया, सिस्टर बेली,सिस्टर नाइस सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद थे।

### भोजपुर में आज से अतिक्रमण हटाओ मिशन शुरू: 28 अफसरों की टीम गठित

लोकतंत्र की आवाज
आरा/भोजपुर। जिलाधिकारी भोजपुर श्री तनय सुल्तानिया एवं पुलिस अधीक्षक भोजपुर के संयुक्त निर्देश पर 1 दिसंबर से जिले में अतिक्रमण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों को अतिक्रमणमुक्त करने हेतु 28 दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की टीम का गठन किया गया है। अधिकारियों को आदतन अतिक्रमणकारियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई करने तथा दंड अधिरोपित करने का निर्देश दिया गया है। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं थाना अध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने–अपने क्षेत्र में नियुक्त दंडाधिकारियों को अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करेंगे, ताकि मुख्य मार्ग एवं बाजार क्षेत्र अतिक्रमणमुक्त रहें तथा आमजन को सुचारू रूप से निर्बाध यात्रा की सुविधा उपलब्ध हो सके।

### क्रांति कुमारी हरियाणा में क्रॉस कंट्री दौड़ में भाग लेगी



लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख
साहेबगंज। साहेबगंज स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 01 से 04 दिसंबर 2025 तक इंदौर (मध्य प्रदेश) में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय एथलेटिक्स एस जी एफ आई प्रतियोगिता, अंडर 14 आयु वर्ग में भाग लेने के लिए जिले के आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र साहेबगंज के सन्नी कुमार (शाटपुट थ्रो) एवं विशाल कुमार (डिसकस थ्रो) एवं सकरीगली के आयुष कुमार (80 मीटर हर्डल्स) में भाग लेने के लिए धनबाद स्टेशन से इंदौर (मध्य प्रदेश) के लिए रवाना हुए। वहीं डे बोर्डिंग एथलेटिक्स केंद्र साहेबगंज की पूर्व ट्रेनी क्रांति कुमारी 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय एथलेटिक्स एस. जी. एफ. आई. प्रतियोगिता बालिका अंडर 19 वर्ष आयु में 30 नवंबर को भिवानी (हरियाणा) में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी। जिले के एथलीटों को उपायुक्त श्री हेमंत सती, उपविकास आयुक्त सतीश चंद्रा,आई टी डी ए निदेशक संजय कुमार,अपर समाहर्ता श्री गौतम भगत,जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गा नंद झा, जिला खेल पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष समेत जिले के खेल प्रेमियों ने शुभ कामना दी।

# साहिबगंज-बरहरवा और फरक्का मार्ग पर परिवहन विभाग की कार्रवाई पर उठे रहे बड़ा सवाल, पत्थर माफियाओं पर नहीं चलता विभागीय विभाग का डंडा

लोकतंत्र की आवाज



**साहिबगंज।** साहिबगंज के बरहरवा अंचल क्षेत्र का कोटालपोखर और फुटानी मोड़ चेकनाका लंबे समय से बिना माइनिंग चालान,ओवरलोडिंग और अवैध पत्थर परिवहन के लिए बदनाम रहा है। स्थानीय लोगों की शिकायतें, विभिन्न मीडिया रिपोर्ट और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो लगातार यही तस्वीर दिखाते हैं कि अवैध पत्थर लदे ट्रकों का परिचालन दिन-रात जारी रहता है।इसके बावजूद परिवहन विभाग की नजर बालू और फ्लाई ऐश लदे वाहनों पर ही टिक रही है। बीते दिनों डीटीओ टीम ने पहले बालू लदे दो ट्रेलर और फिर फ्लाई ऐश से भरा एक ट्रक जब्त किया। लेकिन हैरत की बात यह है कि दोनों बार विभागीय कार्रवाई के दौरान उन्हें एक भी पत्थर लदा ओवरलोड ट्रक नजर नहीं आया, जबकि यही मार्ग अवैध परिवहन का सबसे बड़ा गलियारा माना जाता है। यह संयोग है या लापरवाही, यह सवाल अब जनता सीधे पूछ रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पत्थर माफिया की ओवरलोड गाड़ियां दिन हो या रात, बिना रोकटोक बंगाल की ओर गुजरती रहती हैं। सड़कें टूट रही हैं, धूल उड़ रही है, दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन इन वाहनों पर कार्रवाई शून्य है। ऐसे में सिर्फ बालू और फ्लाई ऐश लदे वाहनों की धरपकड़ अभियान कम और दिखावा ज्यादा प्रतीत हो रहा है।

फ्लाई ऐश वाहनों पर आम तौर पर शायद ही कार्रवाई होती है, क्योंकि यह सामग्री मुख्यतः सड़क और हाईवे निर्माण में लगती है और इसके लिए अलग माइनिंग चालान की जरूरत नहीं होती। इसके बावजूद डीटीओ ने फ्लाई ऐश ट्रक को कागजों की कमी बताकर जब्त कर लिया। लेकिन उसी सड़क पर रोजाना गुजरने वाली ओवरलोडेड पत्थर गाड़ियां नजरअंदाज होती रहीं। स्थानीय लोगों का सीधा आरोप है कि परिवहन विभाग उन वाहनों को पकड़ रहा है जिन्हें पकड़ना आसान है, लेकिन पत्थर माफियाओं की गाड़ियों के सामने विभाग की कार्रवाई कहीं गायब हो जाती है। यह स्थिति न केवल विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े करती है बल्कि यह संदेह भी पैदा करती है कि आखिर बरहरवा-फरक्का मार्ग पर अवैध पत्थर परिवहन को किसका संरक्षण प्राप्त है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि परिवहन विभाग अगर सचमुच अवैध परिवहन रोकने को लेकर गंभीर है, तो उसे केवल चुनिंदा वाहनों को निशाना बनाने की बजाय पत्थर माफिया के खिलाफ कड़ी और लगातार कार्रवाई करनी होगी, वरना यह पूरी कार्रवाई सिर्फ 'औपचारिकता' मात्रा मानी जाएगी।

## मिल्की गांव में विवाहिता की आत्महत्या मामले में पिता ने कहा-किसी की नहीं है कोई गलती



लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर।** बिहपुर प्रखंड के मिल्की गांव वार्ड संख्या 12 में बीते दिनों 26 वर्षीय विवाहिता पुष्पा देवी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया था। इस मामले में नई जानकारी तब सामने आई जब मृतका के पिता संतोष चौधरी ने बिहपुर थाना में आवेदन देकर घटना से जुड़ी पूरी जानकारी पुलिस को सौंपी ।अपने लिखित बयान में पिता ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के अगले दिन वे अपनी बेटी के ससुराल पहुंचे, जहां पड़ोसियों और आसपास के लोगों से पूछताछ के दौरान उन्हें पता चला कि पुष्पा देवी ने स्वयं फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी।

उन्होंने कहा कि घटना के बाद ससुराल वालों ने तुरंत उसे अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, मगर रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई ।संतोष चौधरी ने यह भी स्पष्ट किया कि इस पूरी घटना में किसी की कोई गलती नहीं है और न ही कोई परिजन दोषी है। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी ने किन परिस्थितियों में यह कठोर कदम उठाया, इसका कारण वे भी नहीं समझ पा रहे हैं, परंतु वे किसी पर आरोप लगाना उचित नहीं मानते।

थाना अध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर यूडी का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की विधि–सम्मत जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों की पुष्टि संभव हो सकेगी। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पुष्पा देवी शांत और सरल स्वभाव की महिला थीं। उनकी अचानक हुई मौत से पूरा गांव शोक में डूबा है। वह अपने पीछे एक पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गई हैं, जिससे परिवार और रिश्तेदारों में गहरा सदमा है ।फिलहाल पुलिस जांच जारी है और पिता द्वारा किसी भी तरह का आरोप नहीं लगाए जाने के बाद मामले को आत्महत्या के रूप में ही देखा जा रहा है।

## पुण्यतिथि पर संविधान के असल निर्माता को डॉ. बीएन राव को किया गया यादव



लोकतंत्र की आवाज

**समस्तीपुर।** अखिल भारतीय सवर्ण मोर्चा सह अपराध विरोधी मोर्चा के द्वारा संविधान निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले डॉ.बीएन राव की पुण्यतिथि शहर स्थित डॉ.आरके दिवाकर के क्लिनिक गाँधी गली में उनके तैल चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सवर्ण के जिला अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद ने किया। उन्होंने कहा कि वास्तव में संविधान के असल निर्माता डॉ. बीएनय राव ही हैं,जिन्होंने संविधान का निर्माण किए।मौके पर पर संयोजक किशोरी प्रसाद सिंह,डॉ.आरके दिवाकर,राम संजीवन पांडेय,राजन सिंह,शशि भूषण सिंह,शिव चंद्र सिंह,कृष्ण कांत झा,संजय सिंह,बनवारी लाल केशरी,विकास सिंह,कृष्ण मोहन चौधरी,हरे राम सिंह, राकेश ठाकुर आदि लोग मौजूद रहे।

## साहिबगंज: अंडर-16 ज़िला क्रिकेट लीग संत जेवियर स्कूल ने 1 विकेट से दर्ज की जीत

लोकतंत्र की आवाज



**साहिबगंज।** ज़िला क्रिकेट संघ के तत्वधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर-16 ज़िला क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत रविवार को संत जोसेफ एकेडमी बनाम संत जेवियर स्कूल ए के बीच मैच खेला गया। संत जोसेफ एकेडमी टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 22.2 ओवर में 133 रन बना कर ऑल आउट हो गयी।

मो ताबिश अनवर ने 45 व आदित्य ने 16 रन की पारी खेली। संत जेवियर के गेंदबाज सूराज राज ने 5, हृतिक मोदी ने 2 व पार्थ सिंह ने 2 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी संत जेवियर स्कूल की टीम ने 9 विकेट के नुकसान पर 19 ओवर में 137 रन बना कर 1 विकेट से मैच जीत लिया।विराट में 16, शांतनु ने 17 व अभिषेक ने 17 रन की पारी खेली। संत जोसेफ एकेडमी के गेंदबाज देवांशु ने 3, वारिस अली व आदित्य कुमार ने 2-2 विकेट लिए। संत जेवियर के खिलाड़ी सूरज राज को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता प्रेम नाथ तिवारी ने सूरज को मैन ऑफ़ द मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग मो अशफाक आलम व चंदन यादव एवं स्कोरिंग मो अनाउल्लाह अंसारी ने किया। टूर्नामेंट इंचार्ज अशफाक आलम ने बताया कि 01 दिसंबर सीएबी बरहरवा जूनियर बनाम राजमहल स्पोर्टिंग क्लब के बीच मैच खेला जाएगा।

## कोहरे को लेकर कई ट्रेनों का परिचालन रद्द, रेल यात्री दिन भर रहे परेशान

लोकतंत्र की आवाज



**साहिबगंज।** सर्दी के मौसम के दौरान होने वाले घने कोहरे को लेकर मालदा रेल मंडल ने यात्रियों की सुरक्षा एवं सुचारु रेल परिचालन को लेकर कई मेल, एक्सप्रेस ट्रेनों के संचालन में एहतियाती बदलाव किया है। सर्दियों में घने कोहरे से दृश्यता प्रभावित होती है, परिणामस्वरूप ट्रेन संचालन में विलंब एवं सुरक्षा जोखिम बढ़ जाता हैं।

सुरक्षित, व्यवस्थित एवं निर्बाध रेल यातायात को लेकर कई मेल व एक्सप्रेस ट्रेनें अस्थायी रूप से रद्द की गई हैं। मिली जानकारी अनुसार ट्रेन संख्या 15620 कामाख्या गया साप्ताहिक एक्सप्रेस की 01 दिसंबर से 23 फरवरी तक कुल 13 ट्रिप यात्राएँ रद्द की गई हैं। ट्रेन संख्या 15619 गया कामाख्या साप्ताहिक एक्सप्रेस की 02 दिसंबर से 24 फरवरी तक कुल 13 ट्रिप यात्राएँ रद्द की गई हैं।ट्रेन संख्या 14004 न्यू दिल्ली मालदा टाउन एक्सप्रेस की 04 दिसंबर से 26 फरवरी तक कुल 25 ट्रिप यात्राएँ रद्द की गई हैं।ट्रेन संख्या 14003 मालदा टाउन न्यू दिल्ली एक्सप्रेस की 06 दिसंबर से 28 फरवरी तक कुल 25 ट्रिप यात्राएँ रद्द की गई हैं।ट्रेन संख्या 22406 आनंद विहार भागलपुर गरीब रथ एक्सप्रेस की 03, 10, 17, 24 और 31 दिसंबर सहित जनवरी 2026 में 07, 14, 21, 28 फरवरी में 04, 11, 18 और 25 तारीख की ट्रेनें रद्द की गई है। वहीं ट्रेन संख्या 22405 भागलपुर आनंद विहार गरीब रथ एक्सप्रेस की दिसंबर में 04, 11, 18, 25,जनवरी 2026 में 01, 08, 15, 22, 29, फरवरी में 05, 12, 19 और 26 तारीख की कुल 13 ट्रिप यात्राएँ रद्द की गई हैं।

## समस्तीपुर: सड़के से अवैध पार्किंग तत्काल हटाये पुलिस, अन्यथा आंदोलन- माले

लोकतंत्र की आवाज



**समस्तीपुर।** शहर की तकरीबन सभी सड़कों पर वाहनों का बेतरतीब पार्किंग से सड़क जाम के साथ दुर्घटना की समस्या बढ़ रही है। यूं तो शहर के सभी मुख्य मार्गों पर लेकिन खासकर मोहनपुर रोड स्थित मॉल के पास तो सड़क पर वाहनों की अवैध पार्किंग की समस्या विकराल रूप धारण कर लिया है। इससे हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है। वाहन समेत आमजनों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। लेकिन पुलिस-प्रशासन सिर्फ फूटपाथी दुकानदारों, झुग्गी-झोपड़ी वासियों को जाम का जिम्मेवार मानकर बुलडोजर से उजाड़ने पर तुली है।

यह पक्षपातपूर्ण कारवाई है और इसके खिलाफ उजाड़े गये लोगों को पुनर्वास की मांग को लेकर भाकपा माले अन्य संगठनों को साथ लेकर निर्णायक संघर्ष चलाने को बाध्य होगी। उक्त बातें भाकपा माले जिला स्थाई समिति सदस्य सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने रविवार को सड़क पर वाहनों का अवैध पार्किंग स्थल का जायजा लेने के बाद प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने आगे कहा कि यूं तो शहर के सभी मुख्य मार्गों पर लेकिन खासकर मोहनपुर रोड में जितने भी मॉल, मार्ट या फिर छोटे-बड़े दुकान हैं, किन्हीं के पास पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। सभी जगह सड़क पर भी वाहन पार्किंग किया जाता है। इससे सड़क पर जाम और दुर्घटना की समस्या भी बढ़ रही है। लेकिन पुलिस-प्रशासन इसका स्थाई समाधान करने में विफल है। उन्होंने मांग किया है कि सरकारी एवं निजी स्तर पर पार्किंग की व्यवस्था की जाये साथ ही सड़क पर वाहनों का अवैध पार्किंग पर पूर्णरूपेण रोक लगाई जाये अन्यथा भाकपा माले अन्य संगठनों को साथ लेकर संघर्ष का रास्ता अख्तियार करेगी।

## अंडर-16 ज़िला क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में संत जेवियर स्कूल ने 1 विकेट से दर्ज की जीत

लोक तंत्र की आवाज



साहिबगंज। ज़िला क्रिकेट संघ के तत्वधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर-16 ज़िला क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत रविवार को संत जोसेफ एकेडमी बनाम संत जेवियर स्कूल ए के बीच मैच खेला गया। संत जोसेफ एकेडमी टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 22.2 ओवर में 133 रन बना कर ऑल आउट हो गयी। मो ताबिश अनवर ने 45 व आदित्य ने 16 रन की पारी खेली।

संत जेवियर के गेंदबाज सूराज राज ने 5, हृतिक मोदी ने 2 व पार्थ सिंह ने 2 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी संत जेवियर स्कूल की टीम ने 9 विकेट के नुकसान पर 19 ओवर में 137 रन बना कर 1 विकेट से मैच जीत लिया। विराट में 16, शांतनु ने 17 व अभिषेक ने 17 रन की पारी खेली। संत जोसेफ एकेडमी के गेंदबाज देवांशु ने 3, वारिस अली व आदित्य कुमार ने 2-2 विकेट लिए।

संत जेवियर के खिलाड़ी सूरज राज को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता प्रेम नाथ तिवारी ने सूरज को मैन ऑफ़ द मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग मो अशफाक आलम व चंदन यादव एवं स्कोरिंग मो अनाउल्लाह अंसारी ने किया। टूर्नामेंट इंचार्ज अशफाक आलम ने बताया कि 01 दिसंबर सीएबी बरहरवा जूनियर बनाम राजमहल स्पोर्टिंग क्लब के बीच मैच खेला जाएगा।

## वरिष्ठ झामुम कार्यकर्ताओं ने राजमहल संसद से भेंट वार्ता किया

लोकतंत्र की आवाज



**मामलोत सेख**
**बरहरवा।** वरिष्ठ झामुम कार्यकर्ता बरहरवा प्रखंड के कांकजोल गांव के रहने वाले बेदउर रहमान उर्फ (वेदाशेख )ने रविवार को चार सदस्य शिष्य मंडल के साथ राजमहल सांसद विजय हसदा के साथ क्षेत्रीय समस्या को लेकर उनके आवास पर वार्तालाप किया|

भेंट वार्ता के दौरान वेदौर रहमान ने बरहरवा प्रखंड के सभी 29 पंचायत के आम जनता की समस्या एवं पार्टी संगठन को मजबूत करने तथा सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं का लाभ सही लाभुकों तक पहुंचाने के बारे में विस्तार रूप से चर्चा किया |वेदौर रहमान उर्फ वेदाशेख ने सांसद विजय हसदा को बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के सक्रिय पंचायत अध्यक्ष सचिव के साथ मिलकर सांसद प्रतिनिधि अब्दुल कादिर के साथ आम लोगों की समस्याओं का समाधान करने को लेकर पंचायत स्तर पर बीच-बीच में बैठक किया जाता है | ताकि लोग सरकारी लाभ से वंचित न रहे |इस दौरान विजय हसदा ने वेदाउर रहमान को आम जनता की समस्याओं को प्रमुखता से समाधान करने एवं संगठन को कैसे मजबूत किया जाए इसके लिए श्री हसदा ने वेदा शेख को आवश्यक दिशा निर्देश दिया तथा पार्टी हित में गांव घरों के लोगों के बीच उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की इस दौरान वेद शेख ने संसद विजय हसदा को बताया कि बहुत जलद प्रखंड क्षेत्र में झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए एक बैठक बुलाई जाएगी ताकि पार्टी कार्यकर्ताओं में समन्वय बना रहे |उपरोक्त शिष्ट मंडल में उनके साथ गए झमोमो के बरहरवा प्रखंड उपाध्यक्ष जलूर रहमान ने भी पार्टी संगठन से जुड़े विभिन्न विषय से उन्हें अवगत कराया इस दौरान उनके साथ प्लासबोना पंचायत के पूर्व मुखिया आलमगीर शेख नुरुल इस्लाम वसीम अकरम धर्मवीर महतो चारु शेख, भी उनके साथ शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोतिहारीः ढाका पुलिस द्वारा विभिन्न कांडों के अभियुक्तों को किया गिरफ्तार,भेजा जेल



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**पूर्वी चंपारण।** ढाका थाना काण्ड संख्या– 670/2025 दिनांक– 29.11.25 धारा– 30(ए) बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधि° के अंतर्गत गिरफ्तार. प्राथमिकी अभियुक्त 01 राकेश मुखिया उम्र करीब 32 वर्ष पिता. भागीरथ मुखिया सा० बडहरवा सिवन थाना ढाका जिला। पूर्वी चम्पारण के पास से (1) उजला रंग के प्लास्टिक में 05 लीटर देशी चुलाई तथा 21 बोतल नेपाली रिलैक्स शराब प्रत्येक 300 एम.एल का मात्रा– 6.3 लीटर नेपाली शराब दोनों का कुल मात्रा 11.3 लीटर शराब बरामद हुआ। ढाका थाना काण्ड संख्या– 673/25 दिनांक– 29.11.25 धारा– 37 बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधि° 2022 के अंतर्गत गिरफ्तार. प्राथमिकी अभियुक्त (1) सदाम हुसैन, उम्र करीब 35 वर्ष, पिता– मो° खैरुल्लाह, (2) कदीर आलम, उम्र करीब 35 वर्ष,पिता– अब्दुल जब्बार, (3) विजय चैधरी, उम्र करीब 44 वर्ष, पिता– स्व° शंकर चैधरी, तीनों सा° औरैया,(4) शंकर पासवान, उम्र करीब 60 वर्ष,पिता– जगन पासवान सा° राजेपुर,चारों थाना– ढाका,जिला– पूर्वी चम्पारण (5) मनोज मली, उम्र करीब 36 वर्ष, पिता–जुनरबी मली, सा° गवन्द्र पसौनी, थाना– फेनहरा,जिला– पूर्वी चम्पारण। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### पूर्वी चंपारण : कोटवा में एक बार फिर हुआ भीषण हादसा, 5 लोगों की दर्दनाक मौत





**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**पूर्वी चंपारण।** रविवार दोपहर में एनएच 27 पर कोटवा दिपउ मोड़ के पास हुआ भीषण सड़क हादसा। चारों तरफ आफरा तफ़री मच गई। इस घटना में पांच लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दर्जन भर से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस मृतकों की पहचान करने में जुटी हुई है। यूपी नम्बर तेज़ रफ़्तार 22 चक्का ट्रक के लापरवाह चालक ने करीब आठ बाइक व एक ई–रिक्शा को रौंद दिया। सभी लोग कट पर एनएच पार करने के लिए रुके हुए थे। मौके पर पहुंची पुलिस को लोगों के आक्रोश का सामना करना पड़ा।इस घटना के बाद लोग बिल्कुल बौखला गए थें। इस दौरान एम्बुलेंस और पुलिस गाड़ी में तोड़ फोड़ और आगजनी भी किया। एनएच पूरी तरह जाम हो गया था। सड़क हादसा इतना भीषण था कि कई बाइक ट्रक के नीचे दबे हुए थे। वहीं इस घटना के बाद बिहार सरकार नीतीश कुमार ने सभी 5 लोगों की मौत पर गहनी शोक संवेदना व्यक्त किया है। तथा इस घटना को काफ़ी दुखद बताया है। वहीं मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों को इस घड़ी में धैर्य बनाए की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### मोतिहारीः अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा जिले में संचालित विशिष्ट दतक ग्रहण संस्थानों बालक बालिका दतक ग्रहण संस्थान का निरीक्षण किया गया

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
जिला बाल संरक्षण इकाई मोतिहारी,दिनांक :झ29.11.2025 को अनुमंडल पदाधिकारी, सदर मोतिहारी द्वारा जिले में संचालित बाल देख रेख़ संस्थानों (विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थानों, समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान बालिका गृह बाल गृह,(बालक) एवं पर्यवेक्षण गृह,पूर्वी चंपारण,मोतिहारी) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी महोदया द्वारा आवासित बालकों एवं गृह कर्मी से गृह संचालन से संबंधित जानकारी ली गयी। साथ ही बालकों हेतु उपलब्ध कराये जा रहे सुविधाओं का गहणता से जांच करते हुए बालकों / बालिकाओं को अपने अच्छे भविष्य निर्माण करने हेतु प्रेरित भी किया गया। निरीक्षण के क्रम में कार्यपालक दण्डाधिकारी, सदर मोतिहारी एवं बाल संरक्षण पदाधिकारी आदि उपस्थित थे ।

# सीटी खेल के मैदान खेला गया फुट बॉल महिला और पुरुष फाइनल मैच

## रामनगर विधायक नन्द किशोर राम रहे मुख्य अतिथि, समाज सेवी सह उप प्रमुख राजेश गढ़वाल की रही सराहनीय मुख्य भूमिका





लोकतंत्र के आवाज

**संवाददाता मेराज आलम**
**गौनाहा ।** गौनाहा प्रखण्ड अंतगर्त ग्राम पंचायत सिटी के खेल के मैदान में दिनांक 29 नवम्बर 2025 शनिवार को ग्राम सीठी के ग्रामीणों के सौजन्य से महिला और पुरुष फुट बॉल मैच का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि सर्व प्रथम महिला खिलाड़ियों में सीठी और बेतिया को खेलने का अवसर प्राप्त हुआ जिसमें सीठी के खिलाड़ियों ने बेतिया के टीम को तीन शून्य से पराजित कर शील्ड पर कब्जा कर लिया।
ततपश्चात पुरुषों में भितहा और परसौनी के टीमों को खेलने का अवसर प्राप्त हुआ, जिसमे भितहा के जाबाज खिलाड़ियों ने परसौनी को दो शून्य से पराजित कर शील्ड पर कब्जा कर लिया। वही गौनाहा प्रखण्ड के समाज सेवी सह उप प्रमुख राजेश गढ़वाल उर्फ अमरेश कुमार ने बताया कि महिला और पुरुषों का चारों टीमों का खेल बहुत ही रोचक और सराहनीय रहा। क्योंकि हार और जीत तो तकदीर की बातें हैं , लेकिन सभी खेल टीमों ने जबरजस्त और बेहतरीन प्रदर्शन किए हैं। वही मुख्य अतिथि रामनगर के माननीय विधायक नन्द किशोर राम को उप प्रमुख राजेश गढ़वाल ने फूल माला और अंग वस्त्र से आदर पूर्वक समान किये। इसी प्रकार वाल्मीकि प्रसाद , निरंजन पंजियार , सूरज साहनी , संजय निषाद , सचिदानन्द चौबे , डॉक्टर रमेश महतो , मुखिया प्रतिनिधि अरविंद महतो, सुनील गढ़वाल, ओजेन्द्र महतो , जयनाथ प्रसाद , ब्यास महतो, ओम प्रकाश प्रसाद ,नंद लाल प्रसाद , सुर सिंह प्रसाद यादव , महमद अबूलैश , डीजे स्पोर्टस से धनन्जय कुमार राकेश कुमार , प्रथम से दीनानाथ सिन्हा और दिनेश कुमार को भी फूल मालाओं और अंग वस्त्रों से प्रेम पूर्वक सम्मानित किया गया।
वही हजारों की संख्या में खेल प्रेमी महिलाएं और पुरुष दर्शकों की उपस्थति रही। वही सीठी के खिलाड़ियों के तरफ से उनके खेल गुरु सुमित कुमार के द्वारा माननीय विधायक नंद किशोर राम से ग्राम सीठी में एक खेल के मैदान यानी कि फील्ड बनवाने के लिए सार्वजनिक तौर पर प्रार्थना पूर्वक मांग की गई । वही विधायक नंद किशोर राम ने खेल के मंच के माध्यम यह घोषणा कर दिया कि इस संदर्भ में हमारी बात गौनाहा सीओ साहब से हो गयी है। ग्राम सीठी में खेल का मैदान जरूर बनेगा। वही उन्होंने दोनों बिजेता और उप विजेता टीमों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हार ही जीत के रास्ते को करीब लाता है। इस लिए उप विजेता टीम प्रयास करे जीत सुनिशित है। वही अंत मे उप प्रमुख राजेश गढ़बाल के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# बगहा में सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण पर एसडीएमकी सख्ती



**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण को लेकर बगहा में प्रशासन सक्रिय हो गया है। अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) गौरव कुमार ने बगहा-एक की अंचलाधिकारी (सीओ) नर्मदा श्रीवास्तव से दो दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। यह कार्रवाई वार्ड संख्या 24 स्थित अभय स्टील के पास सरकारी जमीन पर चल रहे पक्के निर्माण को लेकर की गई है। जानकारी के अनुसार, इस भूमि पर पहले भी अवैध निर्माण रोक दिया गया था। इसके बावजूद कुछ लोगों ने आदेश की अवहेलना करते हुए जबरन ढलाई कर पुनः निर्माण शुरू कर दिया। 22 नवंबर को यह मामला दैनिक भास्कर डिजिटल में प्रकाशित हुआ था, जिसके बाद एसडीएम ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मौके पर कार्य रुकवाया और संबंधित अधिकारियों से जवाब-तलब शुरू किया।

**पहले भी दर्ज हो चुकी है प्राथमिकी**
इस जमीन को लेकर पूर्व में भी विवाद रहा है। तत्कालीन सीओ अभिषेक आनंद ने अतिक्रमण के खिलाफ नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसके बाद निर्माण पर रोक लगा दी गई थी। सरकारी रिकॉर्ड में यह भूमि सरकारी खाता में दर्ज है और इसकी जमाबंदी रद्दीकरण की प्रक्रिया जिला अपर समाहर्ता के पास लंबित है। इसके बावजूद संबंधित व्यक्तियों द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए दोबारा निर्माण शुरू किया गया।

**प्रशासनिक लापरवाही पर उठे सवाल**
स्थानीय लोगों का कहना है कि नोटिस देने और सूचना के बावजूद नगर थाना तथा अंचल प्रशासन ने समय पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की। इसी कथित लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने वर्तमान सीओ नर्मदा श्रीवास्तव से दो दिन के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

**प्रशासनिक दबाव से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप**
एसडीएम के हस्तक्षेप के बाद अवैध निर्माण रोक दिया गया है और आरोपियों में हड़कंप मचा है। प्रशासनिक सक्रियता से उम्मीद है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी और सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाएगा।

# कोटवा के दीपऊ मोड पर दर्दनाक सडक हादसा, बेलगाम ट्रक ने कई लोगों को कुचला

**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**मोतिहारी।** कोटवा के दीपऊ मोड पर रविवार हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना में बेलगाम ट्रक ने कई लोगों को कुचल दिया। इसमें 5 लोगों की तो मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को भी लोगों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। आक्रोशित लोगों ने एनएच को जाम कर एम्बुलेंस व पुलिस की गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। उक्त घटना कोटवा के दिपऊ मोड़ पर रविवार दोपहर 12:30 बजे की है। मोड़ के पास कई बाइक सवार, पैदल यात्री के साथ ई-रिक्शा सड़क पार करने के लिए इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक डिवाइडर तोड़ते हुए लोगों को रौंद दिया। जिसमें 5 लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। वहीं गंभीर रूप से घायल कइयों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।घटना के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है। यूपी नंबर तेज़ रफ़्तार 22 चक्का ट्रक ने रौंदा हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार लंबे समय से इस मोड़ पर सड़क सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं। स्थानीय लोगों के द्वारा प्रशासन से तेज गति से वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। लोगों ने प्रशासन से इस खतरनाक मोड़ पर बेहतर सुरक्षा उपकरण जैसे कैमरा, ट्रैफिक सिग्नल और स्पीड ब्रेकर जैसे सुरक्षा उपकरण लगाने की मांग की है।

# थरुहट क्षेत्र में दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा
बगहा। थरुहट क्षेत्र की महिलाओं और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से बगहा अनुमंडल के हरनाटांड महुअवा कटहरवा पंचायत के महुअवा गांव में दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में थारू समुदाय की बड़ी संख्या में महिलाएं और स्थानीय किसान शामिल हुए।
यह प्रशिक्षण डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा समस्तीपुर के एडवांस्ड सेंटर ऑफ मशरूम रिसर्च तथा अखिल भारतीय समन्वित मशरूम अनुसंधान परियोजना (अनुसूचित जनजाति उप-योजना) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं और किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना था।



**मशरूम उत्पादन की आधुनिक तकनीकें बताई गईं**
**समस्तीपुर** से आए कुलपति डॉ. पी.एस. पांडेय और पूर्व मशरूम विशेषज्ञ डॉ. दयाराम ने प्रतिभागियों को मशरूम उत्पादन और प्रसंस्करण की उन्नत तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मशरूम की खेती कम लागत में शुरू की जा सकती है और इससे ग्रामीण परिवारों की आय में उल्लेखनीय बढ़ोतरी संभव है। विशेषज्ञों ने भूसा उबालकर सुखाने, उसमें बीज डालने, कंपोस्ट तैयार करने और केसिंग सामग्री बनाने की विधि प्रायोगिक रूप से समझाई। उन्होंने बताया कि महिलाएं घर पर ही छोटे स्तर पर मशरूम उत्पादन कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकती हैं।

**रोजगार के नए अवसर**
एडवांस्ड सेंटर ऑफ मशरूम रिसर्च के वैज्ञानिकों ने मशरूम उत्पादन की बाजार संभावनाओं और प्रसंस्करण तकनीकों पर भी चर्चा की। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि ज्योतिनारायण खतईत ने कहा कि विश्वविद्यालय के सहयोग से क्षेत्र की महिलाओं और किसानों को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध हुए हैं।
प्रशिक्षण में सैकड़ों किसानों और ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के पश्चात प्रतिभागियों में मशरूम की खेती शुरू करने को लेकर उत्साह देखा गया, जिससे क्षेत्र में रोजगार और आय के नए स्रोत विकसित होने की उम्मीद है।

# ब्राह्मण समाज में नाराज़गी: संतोष वर्मा के बयान पर बैठक, मानहानि का मुकदमा दर्ज कराने की तैयारी

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा
बगहा। नारायणी विप्राज संगठन के तत्वावधान में रविवार को बगहा स्थित पंडित उमाशंकर महिला महाविद्यालय में ब्राह्मण समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य एक चर्चित उच्च-स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा में सफल अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा कथित रूप से ब्राह्मण कन्याओं के प्रति की गई अभद्र एवं जातिसूचक टिप्पणी पर सामूहिक चर्चा और कार्रवाई तय करना था।
बैठक में वक्ताओं ने कहा कि यदि उच्च पदों पर बैठे अधिकारी ही जातिगत भेदभाव और अनुचित टिप्पणी करेंगे, तो यह सामाजिक सद्भाव के लिए चिंताजनक स्थिति है।



उनका कहना था कि ऐसी टिप्पणियाँ न केवल ब्राह्मण समाज की गरिमा को ठेस पहुँचाती हैं, बल्कि पूरे समाज में नकारात्मकता और अव्यवस्था को बढ़ावा देती हैं। वक्ताओं ने दावा किया कि संतोष वर्मा की कथित टिप्पणी से देशभर के ब्राह्मण समाज में आक्रोश फैला है। संगठन से जुड़े नेताओं ने कहा कि ब्राह्मण समुदाय सदैव ''सर्वे भवंतु सुखिनः'' की भावना से समाज और राष्ट्र के कल्याण की कामना करता है। इसके बावजूद सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों पर बार-बार अपमानजनक टिप्पणियाँ करना कुछ व्यक्तियों की स्वार्थपूर्ण प्रवृत्ति को दर्शाता है, जिस पर अब रोक लगाना आवश्यक है। बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने एकमत होकर संतोष वर्मा के खिलाफ बगहा व्यवहार न्यायालय में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराने पर सहमति जताई। निर्णय लिया गया कि सोमवार को इन्द्रसेन पांडेय के नेतृत्व में न्यायालय में केस दायर किया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि कानूनी कार्रवाई ऐसे प्रकरणों पर रोक लगाने और समाज में सकारात्मक संदेश देने के लिए महत्वपूर्ण है। बैठक में मोहन तिवारी, गिरींद्र पांडेय, नागेंद्र उपाध्याय, सुनील दत्त पांडेय, निप्पू कुमार पाठक, पंकज मिश्र, संतोष कुमार पांडेय, राजू तिवारी, देव निरंजन दीक्षित, शंभू पांडेय, अनु पांडेय, पप्पू पांडेय, उदित शुक्ल, रविकेश पाठक सहित दर्जनों लोग मौजूद।

# बगहा पुलिस का जिलेभर में अभियानः 24 घंटे में 13 अभियुक्त गिरफ्तार, 1.43 लाख का जुर्माना वसूला

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा
शराब बरामदगी, वारंट निष्पादन और वाहन चेकिंग में बड़ी सफलता
बगहा। पुलिस अधीक्षक सुशांत कुमार सरोज के नेतृत्व में बगहा पुलिस जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए विशेष अभियान चला रही है। पिछले 24 घंटों के भीतर पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी और जांच अभियान के दौरान कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। एसपी ने बताया कि जिले के अलग-अलग थानों द्वारा कुल 13 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें एक सामान्य अपराध का आरोपी, जबकि हत्या और हत्या के प्रयास से जुड़े चार अभियुक्त गिरफ्तार किए गए। इसके अलावा दो शराब तस्करों और अवैध शराब रखने वाले व्यक्तियों को भी पकड़ा गया। गिरफ्तार सभी आरोपियों को कानूनी प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया गया है। इसके साथ ही विशेष अभियान के तहत छह वारंटी अभियुक्त भी पुलिस की गिरफ्त में आए। पुलिस ने 41 वारंटों का निष्पादन किया और दो कुर्की मामलों का निपटारा किया। यह कार्रवाई पुलिस की सक्रियता और सख्ती को दर्शाती है।



**वाहन जांच में सख्ती, भारी जुर्माना वसूलाः** वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने कुल 439 वाहनों की जांच की। यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालान काटते हुए 1,43,500 रुपए का जुर्माना वसूला गया। अभियान के दौरान पुलिस ने 282 लीटर अवैध शराब, एक बड़ा चाकू और स्कैनरयुक्त दो मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। एसपी सुशांत कुमार सरोज ने बताया कि जिले में सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने आम जनता से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत स्थानीय थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें, ताकि समय पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# पटखौली में युवक का शव फंदे से लटका मिला, इलाके में सनसनी, दवा दुकानदार राजा कुमार की संदिग्ध हालात में मौत

**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** बगहा पुलिस जिले के पटखौली थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक युवक का शव फंदे से लटका मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान राजा कुमार (25 वर्ष) के रूप में की गई है, जो वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर रमपुरवा निवासी मदन खटीक के पुत्र थे। राजा छह महीने से पटेहरा चौक पर दवा की दुकान चला रहे थे।

**नाना ने किया फोन, जवाब न मिलने पर खुला मामला** सुबह लगभग आठ बजे राजा के नाना भागीरथी खटीक ने उन्हें फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुआ। संदेह होने पर उन्होंने अपने पुत्र लालमोहन कुमार को दुकान पर भेजा। दुकान का शटर बंद था। लालमोहन ने झिरी से अंदर झांककर देखा तो राजा का शव फंदे से लटक रहा था। इसकी जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। राजा तीन बहनों का इकलौता भाई था और अविवाहित था।

**पुलिस ने कमरे की तलाशी ली, सुसाइड नोट जैसा कागज़ बरामद**
सूचना पर पटखौली थाना अध्यक्ष हृदयानंद सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कमरे की तलाशी के दौरान एक नोट बरामद हुआ, जिसे फॉरेंसिक जांच के लिए टीम ने अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस का कहना है कि नोट की सामग्री का विश्लेषण किया जा रहा है और उसकी सत्यता की पुष्टि रिपोर्ट मिलने के बाद ही संभव होगी।



**फॉरेंसिक टीम ने जुटाए सैंपल, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार**
थाना अध्यक्ष ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी। फॉरेंसिक टीम ने भी कमरे से कई महत्वपूर्ण सैंपल एकत्र किए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया चल रही है। पुलिस परिवारजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना की गुत्थी सुलझाने में जुटी हुई है।

# किसान से लूट का खुलासा: 70 हजार रुपये बरामद, एक गिरफ्तार, दो आरोपी अब भी फरार

**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बेतिया।** नगर क्षेत्र में 25 नवंबर को किसान से हुई लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने लूट में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार कर 70 हजार रुपये और चेक बुक बरामद कर ली है। हालांकि इस घटना में शामिल दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। यह घटना बेतिया नगर के डाक बंगला रोड स्थित न्यू कॉलोनी के पास हुई थी। किसान विश्वनाथ प्रसाद, जो सिरिसिया थाना क्षेत्र के चरगाहा गांव के रहने वाले हैं, 25 नवंबर को एसबीआई उज्जैन टोला शाखा से 95 हजार रुपये निकालकर बस स्टैंड की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें बस स्टैंड छोड़ने का झांसा दिया। भरोसे में आकर किसान उनके साथ बाइक पर बैठ गए।

**किसान को धमकाकर छीन लिए रुपये**
रास्ते में अपराधियों ने किसान को जान से मारने की धमकी देकर न्यू कॉलोनी ले गए और उनसे रुपये छीन लिए। इसके बाद एक अपराधी मोहर्रम चौक की ओर भाग गया, जबकि दूसरा बाइक लेकर फरार हो गया। किसान ने तुरंत नगर थाना में शिकायत दर्ज कराई।

**एक आरोपी गिरफ्तार, दो की तलाश तेजः** एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि पुलिस ने बगहा पुलिस जिला के पटखौली थाना क्षेत्र सुखवन वार्ड 16 निवासी कृष्णा श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया है। उसके पास से लूटे गए 70 हजार रुपये बरामद किए गए हैं। वहीं इस मामले में पटखौली के बांका यादव और बगहा थाना क्षेत्र शास्त्री नगर के नागेंद्र यादव की संलिप्तता पाई गई है, जो अभी फरार हैं। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अरढ के निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी, जिसकी कार्रवाई से यह सफलता मिली। पुलिस का कहना है कि शेष दोनों आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### संगत परिसर में चंद्रवंशी समाज के की बैठक



राजेश कुमार सिन्हा

**रजौली।** नगर क्षेत्र के संगत परिसर में रविवार की दोपहर चंद्रवंशी समाज की एक बैठक का आयोजन किया गया,जिसकी अध्यक्षता संजय चंद्रवंशी व नकुल चंद्रवंशी ने किया ।अध्यक्ष ने बताया कि बैठक में कमिटी के विस्तार,रजौली में चंद्रवंशी भवन निर्माण हेतु कोष संग्रह,चंद्रवंशी समाज को एकसूत्र में बांधने एवं प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत में एकदिवसीय बैठक का आयोजन करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया ।बैठक में समाज के लोग,जो रजौली से बाहर थे,वे वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से शामिल हुए। बैठक की समाप्ति के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चंद्रवंशी समाज की प्रखंड स्तरीय बैठक प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को की जाएगी,ताकि समाज के उत्थान एवं एकता पर बल दिया जा सके। बैठक के मौके पर नवादा से सचिव संजय कुमार,बड़गांव से भूतपूर्व सरपंच शंभू सिंह,ग़ैरिबा से पूर्व पंचायत समिति दिनेश चंद्रवंशी,शिक्षक चंदन चंद्रवंशी,सौरभ चंद्रवंशी,असमित चंद्रवंशी,राजा चंद्रवंशी,विकी चंद्रवंशी व सुमित चंद्रवंशी सहित समाज के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### पीरपैंती प्रीमियर लीग मैच का शानदार शुभारंभ



केदार नाथ पाण्डेय

**पीरपैंती।** पीरपैती बाजार अंतर्गत लक्ष्मी नारायण हाई स्कूल मैदान मल्लिकपुर के खेल मैदान पर आयोजित पीरपैती प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया ।जिसमें मुख्य अतिथि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी (पीरपैती) अभिमन्यु कुमार , प्रखंड प्रमुख रश्मि कुमारी , पीरपैंती थाना अध्यक्ष नीरज कुमार , अंचलाधिकारी पीरपैती चंद्रशेखर ,मुखिया अरविन्द साह , आरओ पीरपैंती मनोहर कुमार पप्पू साह , समाज सेवी अमित काटारुका ने विधिवत् फीता काट कर शुभारंभ किया उद्घाटन मैच माही एकादश ५२ रुद्रा राइडर्स के बीच खेला गया। माही एकादश ने निर्धारित 14' 9 सात विकेट के नुकसान पर 167 रन बनाए। जवाब में उतरी रुद्रा राइडर्स की टीम 13,3 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 159 रन ही बना सकी।

### गयाजी : नेशनल तीरंदाजी में पूनम सिंह ने गोल्ड तो आदर्श ने जीता कांस्य पदक



**गयाजी।** गया के तीरंदाजो ने एक बार फिर अपना लोहा मनवाया है। जयपुर में राष्ट्रीय यूनिवर्सिटी तीरंदाजी गेम में गया कि पूनम सिंह ने रिकवर में गोल्ड मेडल जीत गया व बिहार का नाम रोशन की है। वही अरुणाचल प्रदेश के इटानगर में आयोजित एनटीपीसी नेशनल सब जूनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता में आदर्श कुमार ने ब्रोंज मेडल जीत कर अपना दबदबा बरकरार रखा है। तीरंदाजी कोच जयप्रकाश ने बताया कि यह प्रतियोगिता 23 नवंबर से 30 नवंबर तक इटानगर में आयोजित की गई। जहां देश के विभिन्न राज्यों से खिलाड़ी आए हैं। उनमें आदर्श कुमार ने इंडियन राउंड में ब्रोंज मेडल अपने नाम किया है। इन दोनों के बेहतर प्रदर्शन पर बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्र संकरण, जिला खेल पदाधिकारी नेहा कुमारी ,मगध आर्चरी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ रतन कुमार,कोषाध्यक्ष अंजय कुमार सिंह, संतोष कुमार राकेश कुमार अखिलेश कुमार सहित अन्य लोगों ने बधाई दी।

# देशभर के वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगी बड़ी राहत, केंद्र सरकार ने लागू की 8 नई सुविधाएं

लोकतंत्र की आवाज



संवाददाता विनोद प्रसाद

केंद्र सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों के हित में बड़ा फैसला लेते हुए 1 दिसंबर 2025 से आठ नई सुविधाओं को लागू कर दिया है। ये सुविधाएं स्वास्थ्य, यात्रा, आर्थिक सुरक्षा और सामाजिक संरक्षण को मजबूत करने के उद्देश्य से शुरू की गई हैं। इसके लिए सरकार 'सीनियर सिटीजन कार्ड 2025' जारी करेगी। जिसके माध्यम से सभी लाभ चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध कराए जाएंगे। सरकार ने आयुष्मान भारत योजना का दायरा बढ़ाते हुए 60 वर्ष से अधिक आयु के पात्र नागरिकों को 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज देने का प्रावधान किया है। दूरदराज़ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए मोबाइल हेल्थ यूनिट्स भी तैनात की जाएंगी। 1 दिसंबर से वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा में बड़ी राहत मिलेगी। रेल, बस और हवाई यात्रा में 30% से 50% तक छूट दी जाएगी। धार्मिक और तीर्थ यात्राओं के लिए विशेष सहायता दी जाएगी। पेंशन बढ़ाकर 5000 रुपये, बचत योजनाओं पर ज्यादा ब्याज मिलेगी। सरकार ने वरिष्ठ नागरिक पेंशन बढ़ाकर 5000 रुपये मासिक कर दी है। सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम्स पर ब्याज दरें भी बढ़ाई गई हैं, जिससे आर्थिक सुरक्षा मजबूत होगी। सभी बैंकों को निर्देश दिया गया है कि वे वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग काउंटर स्थापित करें। साथ ही कर्मचारियों को वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता सेवा देने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। हर जिले में कानूनी सहायता केंद्र स्थापित किए जाएंगे। यहां संपत्ति विवाद, पेंशन से जुड़े मुद्दों और वित्तीय धोखाधड़ी पर मुफ्त सलाह मिलेगी। बुजुर्गों के खिलाफ अपराध, उपेक्षा और हिंसा रोकने के लिए सरकार ने विशेष संरक्षण केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया है। यह कदम वरिष्ठ नागरिकों की सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करेगा। ग्रामीण बुजुर्गों को लंबी दूरी तय किए बिना डॉक्टरों की सुविधा मिलेगी। मोबाइल मेडिकल यूनिट और टेलीमेडिसिन सेवा गांवों में उपलब्ध कराई जाएगी।

सीनियर सिटीजन कार्ड सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों, बैंकों, रेलवे स्टेशनों और अन्य जगहों पर पहचान और प्राथमिकता सेवा के लिए अहम दस्तावेज होगा। सरकार ने इसकी आधिकारिक पुष्टि भी जारी कर दी है। सभी राज्यों को कार्ड वितरण और नई सेवाओं को शुरू करने के निर्देश भेज दिए गए हैं। कल यानी 1 दिसंबर से सभी सीनियर सिटीजन को ये सभी सुविधाएं मिलेंगी।

## दो दिन से दरोगा पिता का फंदे से लटका रहा शव, बदबू से मामले का हुआ खुलासा

लोकतंत्र की आवाज।



केदार नाथ पाण्डेय।

**भागलपुर।** भागलपुर मोजाहिदपुर इलाके में एक दारोगा के पिता का शव दो दिन तक फंदे से लटका रहा। घर का मुख्य गेट समेत कमरे का भी दरवाजा अंदर से बंद था ।पुलिस ने गैस कटर की मदद से लोहे के दरवाजे को काट कर कमरे में घुसी ,जहां वृद्ध का शव रस्सी के सहारे फंदे से लटका मिला ।मृतक की पहचान दिनेश्वर धाम मंदिर दाल मील रोड निवासी निरंजन मंडल(60) के रुप में हुई । सूचना पर सबसे पहले डायल 112 के बाद फिर मोजाहिदपुर थाना की पुलिस पहुंची जिसके बाद शव को तीन घंटे की मशक्कत के बाद निकाला गया। मृतक के चार बेटे में एक सुमन कुमार आरा में दारोगा के पद पर तैनात हैं। घटना की जानकारी पर वह भी भागलपुर पहुंच गए ।मोजाहिदपुर थानेदार धीरेन्द्र यादव ने बताया कि बंद घर में वृद्ध का शव रस्सी के सहारे लटका मिला। परिजनों के सामने ही पंचनामा तैयार किया गया। शव का पोस्टमार्टम होगा। निरंजन मंडल का पुरा परिवार उनके चचेरे भाई की शादी में गोड्डा गया था ।दो दिन से उनका मुख्य गेट बंद था। उनके मकान से सटा एक कमरा है। जिस में किराये पर प्रिंस सौरभ नामक युवक कोचिंग चलाता है । दुर्गंध होने पर उसी ने पुलिस और परिजन को जानकारी दी ।जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ। मृतक की पत्नी सरिता देवी ने बताया कि मेरे चचेरे देवर की शादी थी। भागलपुर में बारात के बाद गोड्डा में रिसेप्शन था। मैं और मेरी बेटी उसी में गए थे। वहीं घटना के बारे में जानकारी मिलने पर मैं यहां पहुंची। दो दिन मेरा बेटा सुमन पिता से मिल कर गया था। पति को सुनाई कम देता था। पहले वह चालक का काम करते थे। बेटे की नौकरी लगने के बाद काम छोड़ दिया था। वहीं, आसपास के लोगों ने बताया कि निरंजन मंडल को कुछ मानसिक परेशानी भी थी। कोचिंग संचालक प्रिंस सौरभ ने बताया कि दो दिन से मेन गेट नहीं खुला था। दुर्गंध होने पर मैंने अंकल के बेटे को कॉल किया।

## ताजपुर के बूथ संख्या 37 पर प्रधानमंत्री की मन की बात सुना



34

लोकतंत्र की आवाज

समस्तीपुर। भारतीय जनता पार्टी ताजपुर के अंतर्गत सभी पंचायत में पंचायत अध्यक्षों के सहयोग से प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। मन की बात कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष दिलीप सिंह कुशवाहा के द्वारा किया गया कार्यक्रम के अंतर्गत बूथ संख्या 37 पर देखा व सुना गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष ताजपुर पूर्वी सुशील चौबे,पंचायत अध्यक्ष आनंद कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष सुनील राम, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मुन्ना कुमार दास, संजीव साह, संजीत कुमार, पार्वती देवी, लक्ष्मी देवी, प्रियंका कुमारी, रजनी देवी आदि कार्यकर्ता

## जनहित के मुद्दे से कोई समझौता नहीं : राकेश कुमार झा

लोकतंत्र की आवाज

**शिवहर।** महागठबंधन के पूर्व प्रत्याशी नवनीत कुमार झा के बड़े भाई देव श्री ऑटोमोबाइल्स के डायरेक्टर राकेश कुमार झा ने कहा है कि अब हार के कारणों पर पश्चात्ताप के बजाय भविष्य की चिंता करनी है। चुकी संख्या बल में सत्ता पक्ष इस बार बहुत ही भारी है,लिहाजा महागठबंधन को हर हमेशा एकजुट रहना है। जनहित के मुद्दों से कोई समझौता नहीं होगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रघुनाथ झा के पौत्र व पूर्व विधायक अजीत कुमार झा के पुत्र राकेश कुमार झा ने विशेष भेंटवार्ता में कहा कि अपराध और भ्रष्टाचार के विरुद्ध निरंतर आक्रामक रूप बनाए रखना है। इसके अलावा रोजी- रोजगार,महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण,किसानों के उत्थान और महागठबंधन की घोषणा पत्र में दर्ज मुद्दों पर मुखर रहना है। इन मुद्दों पर आवश्यकता अनुसार रचनात्मक आंदोलन भी होगा। राजद नेता राकेश कुमार झा ने कहा है कि चुनाव के दौरान विभिन्न सर्वे रिपोर्ट में भी हमारे नेता तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का सर्वाधिक पसंदीदा चेहरा 42% तक बताया गया। ऐसे में पराजय अप्रत्याशित रही,जो कि सुनियोजित थी। उन्होंने कहा है कि इस बार की हार वस्तुतः प्रशासनिक मशीनरी और चुनाव आयोग की मिली भगत का परिणाम है। श्री झा ने बताया कि महागठबंधन विधायक दल ने अपना नेता के रूप में हमारे नेता तेजस्वी यादव को नेता पुनः चुना है तथा विधानमंडल सत्र के दौरान महागठबंधन की रणनीति पर चर्चा करते हुए जनहित के मुद्दों पर आक्रामक और राष्ट्र राज्यहित में सकारात्मक राजनीति पर सहमति बनी है। हम हार जीत की मंथन करते हुए नई ऊर्जा के साथ हमारा महागठबंधन की टीम आगे की राजनीति करने को तैयार है।



## बिहार में बिजली कंपनी का बड़ा एक्शन प्लान: बकायेदारों पर अब गिरेगी सीधी गाज, रोज कटेगी 10 उपभोक्ताओं की बिजली

लोकतंत्र की आवाज



संवाददाता विनोद प्रसाद

**पटना,** बिहार में बिजली बिल दबाकर बैठने वाले उपभोक्ताओं की अब खैर नहीं। महीनों से बकाया छोड़कर ''फ्री बिजली'' का मज़ा लेने वालों पर बिजली कंपनी ने सख्त मोड ऑन कर दिया है। पूरे राज्य में लाखों उपभोक्ता ऐसे हैं जिन्होंने मौजूदा वित्तीय वर्ष में एक रुपया भी जमा नहीं किया है। अब कंपनी ने बकाया वसूलने का इरादा बना लिया है। राजस्व वसूली को तेज़ करने के लिए कंपनी मार्च 2026 तक ढाई हजार अतिरिक्त कर्मियों को मानदेय पर रख रही है। हर प्रशाखा में तीन-तीन लोगों की तैनाती होगी, जिन्हें हर महीने 15 हजार रुपये मिलेंगे। इनकी भूमिका होगी-बड़े बकायेदारों के घर रोज दस्तक, ई-वॉलेट से मौके पर बिल अपडेट, और रोज कम-से-कम 20 हजार की वसूली। सबसे सख्त निर्देश यह कि जिन उपभोक्ताओं का बकाया 25 हजार से ज्यादा है और भुगतान करने की क्षमता होते हुए भी महीनों से टालमटोल कर रहे हैं, ऐसे 10 उपभोक्ताओं की बिजली रोज काटी जाएगी। साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के महाप्रबंधक (राजस्व) अरविन्द कुमार ने सभी अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता और कनीय अभियंताओं को पत्र भेजा है। कंपनी ने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 को समाप्त होने में मात्र चार माह बचे हैं। कंपनी का साफ कहना है कि 125 यूनिट फ्री बिजली का मतलब यह नहीं कि पुराना बकाया माफ है। एरियर पर हर महीने 1.5% ब्याज लग रहा है और अब समय सीमा खत्म हो चुकी है। आने वाले दिनों में राज्यभर में बिजली वसूली की यह मुहिम जोर पकड़ने वाली है–और बकायेदारों को इसका असर सीधा महसूस होगा।

## जयनगर के वार्ड 19 में नली-गली निर्माण अधूरा, सड़क पर बह रहा गंदा पानी; पांच साल बाद भी नहीं मिली राहत

लोकतंत्र की आवाज



प्रदीप प्रसाद संवाददाता

**सिरदला (नवादा)।** सिरदला प्रखंड के जयनगर गांव के टोला बीघा स्थित वार्ड नंबर 19 में नली और गली निर्माण कार्य ठप पड़े होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि नाली नहीं होने के कारण गंदा पानी सीधे सड़क पर बहता है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। कीचड़ और दुर्गंध के कारण लोगों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ती है, साथ ही बच्चों और बुजुर्गों के फिसलने का खतरा भी बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले पांच वर्षों से न तो सड़क का निर्माण हुआ और न ही नाला बनाया गया। मुखिया चुनाव के बाद कई बार जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाने के बावजूद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि अधिकारियों और स्थानीय प्रतिनिधियों ने केवल आश्वासन दिए, पर अब तक कोई पहल नहीं हुई। स्थानीय निवासी बताते हैं कि बारिश के दिनों में स्थिति और भी विकराल हो जाती है। घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है और पानी जमा होने से गंदगी बढ़ती है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का खतरा भी रहता है। ग्रामीणों ने इस मामले में उच्च अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए जल्द से जल्द नली-गली निर्माण कराने की मांग की है, ताकि उन्हें इस लंबे समय से चली आ रही समस्या से राहत मिल सके।

## पटना में अब संभल कर वाहन करें पार्क, नो पार्किंग जोन में रोकी गाड़ी तो कट जाएगा चालान

लोकतंत्र की आवाज

संवाददाता विनोद प्रसाद

**पटना,** राजधानी पटना में सड़क किनारे वाहन पार्क करना अब भारी पड़ सकता है। शहर में बढ़ते जाम और अवैध पार्किंग पर लगाम लगाने के लिए पटना नगर निगम ने बड़ा कदम उठाया है। अब मुख्य सड़कों पर नो-पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करते ही ऑटोमैटिक चालान कट जाएगा और इसकी सूचना वाहन मालिक के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर तुरंत भेज दी जाएगी। नया सिस्टम ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन कैमरे पर आधारित है। जैसे ही कोई वाहन नो-पार्किंग क्षेत्र में कुछ मिनट से ज्यादा खड़ा मिलता है, कैमरा नंबर स्कैन कर सीधे चालान जनरेट कर देता है। यह प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल है और इसमें मानव हस्तक्षेप नहीं के बराबर होगा। नगर निगम ने शनिवार से इस नए सिस्टम को लागू कर दिया है। पहले ही दिन हाई-रिज़ॉल्यूशन कैमरों की मदद से 53 चालान जारी किए गए। अधिकारी ने बताया कि यह अभियान प्रतिदिन जारी रहेगा और नियम तोड़ने वालों पर बिना किसी अपवाद के कार्रवाई होगी। शहर के सभी भीड़भाड़ वाले मार्गों पर विशेष निगरानी की जा रही है। इनमें प्रमुख स्थान नेहरू पथ, बोरिंग रोड, कंकड़बाग, राजा बाजार, एक्ज़ीबिशन रोड, फ्रेजर रोड,स्टेशन इलाका और गांधी मैदान क्षेत्र शामिल है। नियमों के अनुसार, नो-पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर न्यूनतम जुर्माना में 500 रुपये तो अधिकतम जुर्माना 2,500 रुपये लगेगा। उल्लंघन की गंभीरता के आधार पर जुर्माना तय किया जाएगा। निगम प्रशासन ने साफ किया है कि यह नियम सभी प्रकार के वाहनों पर लागू होगा। साथ ही, जो वाहन केवल यात्रियों को चढ़ाने-उतारने के लिए कुछ सेकंड रुकते हैं उन पर चालान नहीं किया जाएगा। नगर निगम की यह कार्रवाई शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने और अवैध पार्किंग को पूरी तरह नियंत्रित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है।



## 8 किलो 750 ग्राम गांजा के साथ स्कूटी सहित तस्कर गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

**शिवहर।** जिले के पिपराही पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार सिन्हा के निर्देश के आलोक में गठित टीम के साथ मिलकर 8 किलो 750 ग्राम गांजा के साथ स्कूटी सहित एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार सिन्हा ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि 29 नवंबर को थाना अध्यक्ष पिपराही को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति स्कूटी से सीतामढ़ी धनकौल-शिवहर मार्ग से गांजा लेकर आ रहा है।धनकौल चेक पोस्ट के आसपास जाने वाले वाहनों की जांच प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इसी क्रम में एक संदिग्ध व्यक्ति स्कूटी घूमा कर भगाने के प्रयास के क्रम में सशस्त्र बल द्वारा पकड़ा गया ।जिसकी जमा तलाशी के क्रम में गांजा जैसा पदार्थ आदि विधिवत जप्त किया गया। इस संबंध में प्राथमिक की दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार हेमचंद गिरी पिता राम पुकार गिरी देकुली धरमपुर के पास से 8 किलो 750 ग्राम गांजा के साथ एक स्मार्टफोन,एक स्कूटी को भी जप्त किया गया है। छापेमारी दल में उमाकांत सिंह थाना अध्यक्ष पिपराही,पुलिस अवर निरीक्षक राजेश्वर झा,सिपाही अरविंद कुमार,सिपाही अमित कुमार, सिपाही विवेक कुमार के साथ पुलिस बल शामिल रहे।



# सिमरी बख्तियारपुर पंचायत समिति की बैठक में जमकर हुआ हंगामा, विधायक और थानाध्यक्ष आमने-सामने

## विधायक ने पुलिस की कार्यशैली पर उठाए सवाल, नल-जल और स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली पर घिरे अधिकारी




**लोकतंत्र की आवाज**

**रजनीश कुमार**

**सिमरी बख्तियारपुर सहरसा संवाददाता।** पंचायत समिति की बैठक हंगामे और शोर-शराबे की भेंट चढ़ गई। बीडीओ वीरेंद्र कुमार द्वारा आहूत और प्रखंड प्रमुख सरिता संगम की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक की शुरुआत तो सौहार्दपूर्ण माहौल में नवनिर्वाचित विधायक संजय कुमार सिंह को मिथिला परंपरा के अनुसार पाग व चादर भेंट कर सम्मानित करने से हुई, लेकिन जैसे ही चर्चा विकास योजनाओं पर पहुंची, सदन का माहौल गरमा गया। नल-जल योजना, स्वास्थ्य और सड़क निर्माण जैसे मुद्दों पर सदस्यों ने अधिकारियों को जमकर घेरा।

**विधायक और थानाध्यक्ष आमने-सामने...!:** बैठक के दौरान स्थिति उस वक्त तनावपूर्ण हो गई जब विधायक संजय कुमार सिंह ने थानाध्यक्ष संजना कुमारी से कुर्की-गिरफ्तारी से संबंधित जानकारी मांगी। इस पर थानाध्यक्ष ने यह कहते हुए जानकारी देने से इनकार कर दिया कि वह केवल अपने वरीय पदाधिकारियों के प्रति जवाबदेह हैं।

थानाध्यक्ष के इस जवाब पर विधायक भड़क उठे। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा, "आप मेरा फोन तक नहीं उठाती हैं। क्षेत्र से लगातार आपके व्यवहार और कार्यशैली की शिकायतें मिल रही हैं। गृह विभाग का स्पष्ट निर्देश है कि पुलिस आमजन से शालीनता से पेश आए। जब आप एक जनप्रतिनिधि से इस लहजे में बात कर रही हैं, तो आम जनता से कैसे पेश आती होंगी?"

इस तीखी बहस के बाद करीब एक घंटे तक बैठक बाधित रही बाद में बीडीओ और प्रखंड प्रमुख के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। सदन में नल-जल योजना की बदहाली सबसे बड़ा मुद्दा रहा। सदस्यों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि कई पंचायतों में यह योजना पूरी तरह ठप है। कहीं मशीनें खराब हैं, तो कहीं बोरिंग करवाकर छोड़ दिया गया है। सलखुआ मुख्यालय के वार्ड 6 और 7 में तो अब तक निर्माण कार्य भी शुरू नहीं हो सका है।

वहीं, हरेवा पंचायत समिति सदस्य चन्देश्वरी चौधरी ने वर्ष 2022-23 की सड़क निर्माण राशि अब तक जारी न होने पर नाराजगी जताई।

जलजमाव और श्मशान घाट का मुद्दा सलखुआ मुखिया रणवीर यादव ने भोजहा बहियार में हर साल जलजमाव से होने वाली फसल की बर्बादी का मुद्दा उठाया और तत्काल जलनिकासी की व्यवस्था करने की मांग की। साथ ही उन्होंने श्मशान घाट निर्माण की बात रखी, जिस पर सीओ पुष्पांजलि कुमारी ने जानकारी दी कि जमीन चिन्हित कर ली गई है और डीसीएलआर स्तर पर अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया जारी है।

**अस्पताल में सिर्फ एक डॉक्टर, मरीज परेशान...! :** स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोलते हुए पंसस पीयूष गोयल ने कहा कि अस्पताल में मात्र एक एमबीबीएस डॉक्टर प्रभारी के रूप में तैनात हैं, जो प्रशासनिक कार्यों में ही उलझे रहते हैं. इससे मरीजों को इलाज नहीं मिल पाता। उन्होंने अतिरिक्त चिकित्सक, महिला डॉक्टर, स्थायी फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ टीम की तैनाती की मांग की। वहीं, पंसस मेराज आलम ने विधायक मद से नए प्रखंड सभागार के निर्माण का प्रस्ताव रखा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मानसिक रूप से विक्षिप्त नाबालिग के साथ दुष्कर्म करते आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़ा



लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवादाता। प्रखंड क्षेत्र के विराटपुर पंचायत के भादा गांव में एक 55 वर्षीय अधेड़ चंदन शर्मा को मानसिक रूप से विक्षिप्त नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करते हुए ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। घटना का एक वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसमें आरोपी को रस्सी से बांधकर जमीन पर बैठाकर मारपीट करते हुए देखा जा सकता है। सूचना के अनुसार, भादा गांव के ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़ने के बाद उसकी मारपीट की और बाद में पंचायत कर मामूली आर्थिक दंड देकर मामला रफा-दफा कर दिया। हालांकि, घटना को लेकर पंचायत के प्रतिनिधि एवं ग्रामीण इस पर बोलने से बच रहे हैं। वहीं, सोनवर्षा राज थाना के थानाध्यक्ष संजय कुमार सत्यार्थी ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की जानकारी से इनकार करते हुए कहा कि उन्होंने इस मामले की कोई आधिकारिक सूचना नहीं पाई है। उन्होंने बताया कि जांच के बाद ही मामले में कोई टिप्पणी की जा सकेगी। यह घटना स्थानीय जनता के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है और इससे मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्तियों के साथ होने वाली अपराध की गंभीर चिंता जताई जा रही है।

### सहरसा की पूजा कुमारी राष्ट्रीय सब-जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता में बिहार टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी



लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवादाता। हरियाणा के सोनीपत में चल रही 35वीं राष्ट्रीय सब-जूनियर बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में बिहार की बालक एवं बालिका टीम ने प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में सहरसा की पूजा कुमारी बिहार बालिका टीम की 14 सदस्यीय दल में शामिल होकर प्रदेश का सम्मान बढ़ा रही हैं। सहरसा जिला कबड्डी संघ के सचिव आशिष रंजन सिंह ने बताया कि पूजा कुमारी ने जिले और प्रमंडल स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन के कारण यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन पाया है। उन्होंने कहा कि पूजा का प्रदर्शन वर्तमान प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट रहा है। जिला खेल पदाधिकारी एवं डीआरडीए निदेशक वैभव कुमार ने पूजा को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही, जिला कबड्डी संघ के संयुक्त सचिव तुषार कात्यायन ने बताया कि पूजा ने पहले भी दो बार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लिया है और इस वर्ष और भी कई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के योग्य बन रहे हैं। जिला खेल पदाधिकारी एवं कबड्डी संघ के सहयोग से खेल अवसंरचना का विस्तार किया जाएगा जिससे खिलाड़ियों में रुचि और संसाधनों की बेहतर उपलब्धता होगी। पूजा के गांव आरण में भी खुशी का माहौल है। पूजा विशनपुर के उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा हैं, जहां के प्रचार्य राकेश कुमार ठाकुर ने विद्यालय स्तर से सभी प्रकार का समर्थन करने का आश्वासन दिया है। जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष अमित कुमार, उपाध्यक्ष डॉ. आर. के. रवि, संरक्षक सुनिल कुमार झा, और अन्य शारीरिक शिक्षक भी पूजा के भविष्य हेतु शुभकामनाएं देते हुए उनके खेल के प्रति सकारात्मक माहौल बनाए रखने का संकल्प व्यक्त किया है।

### पूर्व मंत्री सह सिकटी विधायक विजय कुमार मंडल ने सुन्दरनाथ धाम का किया उच्चस्तरीय निरीक्षण



लोक तंत्र की आवाज

सुन्दरी मठ/कुर्साकांटा। सूबे के पूर्व मंत्री एवं सिकटी के भाजपा विधायक तथा सुंदरी मठ न्यास समिति के अध्यक्ष विजय कुमार मंडल ने शनिवार को ऐतिहासिक सुन्दरनाथ धाम का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने धाम परिसर में चल रही सभी विभागीय योजनाओं, निर्माण कार्यों और अधोसंरचनात्मक विकास गतिविधियों का एक-एक कर जायजा लिया।

**14 करोड़ 10 लाख 94 हजार की परियोजनाओं की प्रगति पर विशेष निगरानी** : विधायक ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा स्वीकृत ₹14,10,94,000 की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का भी स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी कार्य गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखते हुए पूरे किए जाएँ।

**2030 तक "दिव्य–भव्य सुन्दरनाथ धाम" का लक्ष्य** : निरीक्षण के दौरान विधायक मंडल ने कहा—₹वर्ष 2030 तक सुन्दरनाथ धाम को पूर्णतः दिव्य और सुंदर स्वरूप में विकसित करना हमारा लक्ष्य है।₹ उन्होंने बताया कि धाम क्षेत्र को धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य चल रहा है। अति पिछड़ा समाज के कद्दावर नेता विधायक विजय कुमार मंडल ने निर्देश दिया कि आगामी महाशिवरात्रि से पूर्व—मंदिर एवं परिसर की रंगाई-पुताई, सफाई व्यवस्था, मरम्मत व सुदृढ़ीकरण, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएँ हर हाल में पूरा किया जाए।

**धाम तक सड़क और भव्य द्वार का भी निर्माण होगा** : उन्होंने बताया कि हत्ता चौक से सुन्दरनाथ धाम तक बेहतर सड़क बनाई जाएगी तथा मार्ग में एक भव्य, आकर्षक प्रवेश द्वार (ग्रैंड गेट) का निर्माण भी प्रस्तावित है, ताकि आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सके और धाम की पहचान और भी सुदृढ़ हो।

समिति के साथ हुई समीक्षा बैठक : धाम निरीक्षण के बाद विधायक मंडल ने सुंदरी मठ न्यास समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर आवश्यक मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि समिति श्रद्धालुओं को सर्वोत्तम सुविधाएँ उपलब्ध कराने के प्रति संकल्पित है।

**इस अवसर पर मौजूद थे :** जिला कला संस्कृति पदाधिकारी सान्याल कुमार, मंदिर समिति के सचिव नरेंद्र प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष प्रणव गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि संजीत कुमार सिंह, रामदेव सरदार, विजय केशरी, भानू कुमार सिंह, श्याम राम, मनोज भगत, उमेश विश्वास, छोटू साह, गिरानंद साह, महंथ सिंघेश्वर गिरि, तुलसी कलाकार, सरोज मंडल, संवेदक सुजीत मिश्र सहित कई सम्मानित सदस्य।

# बिहार बोर्ड : दो से 13 फरवरी तक इंटर और 17 से 25 फरवरी तक मैट्रिक परीक्षा



**लोकतंत्र की आवाज**

**सहरसा संवादाता।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) ने वर्ष 2025-2026 सत्र की मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा की तारीखों की घोषणा कर दी है। बीएसईबी अध्यक्ष आनंद किशोर ने दोनों परीक्षाओं का कैलेंडर जारी कर दिया है। बिहार में मैट्रिक की परीक्षा 17 से 25 फरवरी तक होगी, जबकि इंटरमीडिएट की परीक्षा 2 से 13 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। बीएसईबी अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने के लिए इस बार बोर्ड के द्वारा एआई का इस्तेमाल किया जायेगा। एआई के प्रयोग से गड़बड़ी पर रोक लगेगी। उन्होंने बताया कि चैट बॉट के माध्यम से सभी प्रकार की सूचना छात्र-छात्राओं को मिलेंगी। इस बार भी तकनीकी प्रयोग किये जायेंगे। मैट्रिक और इंटर के रिजल्ट इस बार भी सबसे पहले जारी होंगे। इस बार अबतक 15,02,021 छात्रों ने मैट्रिक परीक्षा का फॉर्म अप्लाई किया है। इंटर की परीक्षा में शामिल होने के लिए 13,04, 241 छात्रों ने फॉर्म भरा है। दोनों ही परीक्षा के लिए 3 दिसम्बर तक फॉर्म भरने की अंतिम तिथि है।

# लोकगीत-नृत्य-देशभक्ति की सुरमई शाम, कलाकारों की धमाकेदार प्रस्तुति पर गूंजती रही तालियां

- बीएनएमवी कॉलेज में इंटरनेशनल सेमिनार के पहले दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम ने बांधा समा



**लोक तंत्र की आवाज**

**मधेपुरा।** बीएनएमवी कॉलेज, साहुगढ़, मधेपुरा में आयोजित इंटरनेशनल सेमिनार में देर शाम सांस्कृतिक रंगों से सराबोर हो गया। लोकगीत, संगीत, नृत्य और देशभक्ति से सजे भव्य कार्यक्रम ने परिसर के माहौल को उत्साह, उमंग और भारतीय लोक परंपरा की सुगंध से भर दिया। मंच पर उतरे नवोदित और स्थापित कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से ऐसा समां बांधा कि दर्शक देर तक तालियों की गूंज में डूबे रहे।

**दीप प्रज्वलन से शुरू हुआ सांस्कृतिक उत्सव :** कार्यक्रम का शुभारंभ विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. आर. एन. भगत, बीएनएमवी कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. संजीव कुमार, आरएम कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) गुलरेज रौशन रहमान, डीएसडब्ल्यू प्रो. अशोक कुमार सिंह, प्रॉक्टर डॉ. इम्तियाज अंजुम, क्रीड़ा निदेशक डॉ. अबुल फ़ज़ल और वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता संग्राम सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। गणेश वंदना से लेकर देशभक्ति के जोश तक — कार्यक्रम में दिखा पूरा सांस्कृतिक स्पेक्ट्रम मंच पर चमके बच्चे, मंत्रमुग्ध हुआ ऑडिटोरियम। प्रांगण रंगमंच की नन्हीं कलाकारों ने गणेश वंदना और स्वागत नृत्य से कार्यक्रम की ऐसी शुरुआत की कि पूरा सभागार मंत्रमुग्ध हो उठा।

**झिंझिया नृत्य से गूंजी कोसी की सांस्कृतिक विरासत :** प्रांगण रंगमंच की माही और आरआर ग्रीन फील्ड स्कूल की छात्राओं ने झिंझिया नृत्य की प्रस्तुतियों से कोसी अंचल की सांस्कृतिक पहचान को मंच पर जीवंत कर दिया। स्थापित गायक स्नेह आर्यन ने एक से बढ़कर एक राष्ट्रीय गीत, लोकगीत और आधुनिक गीत पेश करके दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनके देशभक्ति गीत ने सेमिनार में मौजूद प्रतिभागियों में ऊर्जा भर दी। बता दें कि आर्यन के पिता इस महाविद्यालय के प्राचार्य हैं, सेमिनार और इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में उनकी माँ भी शिरकत की।

**बिरसा मुंडा पर विशेष प्रस्तुति :** युवा गायक अर्जुन रॉकी और शंकर बिहारी ने भगवान बिरसा मुंडा पर आधारित गीतों के जरिए सेमिनार के मूल विषयों—आदिवासी इतिहास और सांस्कृतिक विरासत—को दमदार ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन (डॉ.) संजय कुमार परमार और राजेश कुमार राजू ने बेहतरीन तालमेल के साथ किया, जिससे हर प्रस्तुति ऊर्जावान और प्रभावशाली बनी रही। एक शाम, जिसने कला, संस्कृति और देशभक्ति की नई परिभाषा गढ़ दी बीएनएमवी कॉलेज में हुए इस सांस्कृतिक कार्यक्रम ने साबित कर दिया कि सेमिनार सिर्फ अकादमिक आदान-प्रदान का मंच नहीं, बल्कि समाज, लोक संस्कृति और सृजनशीलता के उत्सव का भी प्रतीक है। पहले ही दिन की यह चमक दर्शाती है कि अगली प्रस्तुतियाँ और भी भव्य होंगी।

# किलकारी सहरसा में बाल उमंग पखवाड़ा का रंगारंग समापन

**लोकतंत्र की आवाज**



**सहरसा संवादाता।** शिक्षा विभाग द्वारा स्थापित किलकारी बिहार बाल भवन, सहरसा में 13 नवंबर से 29 नवंबर 2025 तक बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं मनोरंजन हेतु आयोजित 'बाल उमंग पखवाड़ा' का उत्साहपूर्ण समापन अलबेला ड्रेस प्रतियोगिता के साथ हुआ। इस पखवाड़ा में मैजिक शो, कहानी वाचन, नृत्य नाटिका, दादी की चौपाल, चित्रकला, चेस प्रतियोगिता सहित कई निःशुल्क कार्यक्रम बच्चों के लिए आयोजित किए गए। समापन कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई, जिसमें विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी विद्यालयों के प्रतिनिधि, अभिभावक तथा प्रशिक्षक कर्मी शामिल थे। तत्पश्चात बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें बिहू नृत्य, सावनी गीत और बिहार के लाला पर आधारित नाटिका प्रमुख रही। इन प्रस्तुतियों ने पखवाड़ा के संदेश "रचनात्मकता और आनंद के साथ सीखना" को जीवंत किया। अलबेला ड्रेस प्रतियोगिता इस समारोह की मुख्य खासियत रही।

बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण, भारतीय संस्कृति, हस्तकला, विज्ञान एवं सामाजिक विषयों पर आधारित अनोखे और सृजनात्मक परिधान प्रस्तुत किए, जिनकी अभिभावकों और निर्णायकों ने खूब प्रशंसा की। बच्चों की कल्पनाशक्ति और मेहनत ने समारोह का समां बांध दिया। कार्यक्रम में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रणव भारती, प्रमंडल कार्यक्रम समन्वयक किलकारी बिहार बाल भवन, ने कहा, "बाल दिवस अब एक दिन नहीं, बल्कि पूरे माह उत्साह और रचनात्मक गतिविधियों के साथ मनाया जा रहा है। इस बाल उमंग पखवाड़ा ने बच्चों 10 को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का विशेष अवसर दिया।

कार्यक्रम का सफल संचालन आयुषी ने किया। कार्यालय कर्मी, प्रशिक्षक और अन्य सहयोगियों ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे आयोजन सफल और यादगार बना। किलकारी बिहार बाल भवन का यह आयोजन बच्चों के सीखने, अभिव्यक्ति और विकास की निरंतर प्रक्रिया को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित हुआ। भविष्य में इसे और भी व्यापक एवं भव्य रूप में आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई गई है।

# सरडीहा स्थित नवनिर्मित विधायक का किया गया स्वागत

**लोकतंत्र की आवाज**



**सहरसा संवादाता।** जिस उम्मीद से जनता ने सिमरी बख्तियारपुर विधानसभा से जीताकर विधायक बनाया है, उन उम्मीदों पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करूंगा। ईश्वर की कृपा और जनता के साथ ने सफलता के मार्ग पर पहुंचाया है। उक्त बातें सिमरी बख्तियारपुर से नवनिर्वाचित लोजपा (रा.) के विधायक संजय कुमार सिंह ने सम्मान समारोह को संम्बोधन में कहा। शनिवार को सरडीहा के डीडी उच्च विद्यालय मैदान स्थित कलामंच पर नवनिर्वाचित विधायक के लिए स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में नवनिर्वाचित विधायक को सम्मानित किया गया। इससे पूर्व नवनिर्वाचित विधायक ने कार्यक्रम स्थल परिसर में स्थित शिव मंदिर एवं दुर्गा मंदिर में अपने कार्यकर्ताओं के साथ पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सरडीहा पंचायत हमारा ननिहाल है और यहां से ही हमने प्रारंभिक पढ़ाई पूरी की थी। उन्होंने कहा क्षेत्र का विकास और जनता की समस्याओं का समाधान करना ना सिर्फ उनकी जिम्मेदारी है, बल्कि परम कर्तव्य भी है। बिहार में डबल इंजन की सरकार है। बिहार के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। वो एक एक जनता से मिलकर उनके सुख दुख में भागीदार बनेंगे। इस माहौल से यह साबित हो गया कि चुनाव वे नहीं लड़ रहे थे, बल्कि एक-एक जनता उनके लिए चुनाव लड़ रही थी। सिमरी बख्तियारपुर की जनता ने विकास के लिए उन्हें विधायक बनाकर सदन में भेजा है और मैं उनकी कसौटी पर खड़ा उतरने मैं कोई कसर नहीं छोडूंगा।

सम्मान समारोह की अध्यक्षता ओंकार शरण सिंह और संचालन मुरारी कुमार सिंह ने किया। सम्मान समारोह में सरडीहा पंचायत के मुखिया सुमन कुमार सिंह, शैलेंद्र कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, विनीत कुमार सिंह, क्रांति सिंह, प्रो. त्रिभुवन सिंह, इंदू सिंह, नवल किशोर सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, जयशंकर सिंह, अजीत कुमार सिंह, अवधेश कुमार सिंह, नरेश कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, ध्यानी सिंह, राजवीर कुमार सिंह, छोटू सिंह, लड्डुन सिंह, शंकर सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सहरसा के एथलेटिक्स खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में किया शानदार प्रदर्शन

**लोकतंत्र की आवाज**



**सहरसा संवादाता।** सहरसा के एथलेटिक्स खिलाड़ियों ने हाल ही में राजगीर एवं पूर्णिया में आयोजित राज्य स्तरीय अंतर प्रमंडल बालिका एवं बालक एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन किया है। जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव एवं पूर्व राष्ट्रीय तकनीकी पदाधिकारी रोशन सिंह धोनी ने इस सफलता की जानकारी दी। राजगीर में संपन्न अंडर-19 आयु वर्ग की खेलविद्या 3000 मीटर दौड़ में नंदनी कुमारी ने सिल्वर मेडल और 1500 मीटर दौड़ में ब्रांज मेडल प्राप्त किया।

पूर्णिया में आयोजित बालक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में राजदीप कुमार ने अंडर-14 आयु वर्ग की 600 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल, अंडर-17 आयु वर्ग में राम कुमार ने 300 मीटर दौड़ में ब्रांज मेडल, सोनू कुमार ने 110 मीटर हर्डल में ब्रांज मेडल, जबकि बादल कुमार ने 400 मीटर हर्डल दौड़ में सिल्वर मेडल जीता। खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एथलेटिक्स कोच रोहित कुमार द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला खेल पदाधिकारी वैभव कुमार ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद सहरसा के खिलाड़ियों का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों व खेल संगठन के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को इस सफलता पर बधाई दी और भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन की कामना की।

# संस्कृति पर सबसे ज्यादा शोर, पर सबसे कम समझः डॉ. आलोक टंडन

- ऑनलाइन पुस्तक-संवाद में बोले-"बौद्धिक धुंध हटे बिना संस्कृति की साफ़ तस्वीर संभव नहीं"
- बीएनएमयू–टीपी कॉलेज के संयुक्त आयोजन में उठे गहरे सवाल

**लोक तंत्र की आवाज**



**डॉ. रूद्र किंकर वर्मा**

**मधेपुरा।** हम ऐसे संक्रमणकाल में हैं जहाँ संस्कृति पर बहसें बहुत हो रही हैं, लेकिन समझ का संकट पहले से गहरा हुआ है।" समाजदार्शनिक डॉ. आलोक टंडन (हरदोई) ने रविवार को आयोजित ऑनलाइन पुस्तक-संवाद में यह तीखा और सार्थक हस्तक्षेप किया। चर्चा उनकी नई पुस्तक 'संस्कृति' पर केंद्रित थी। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस, बीएनएमयू और दर्शनशास्त्र विभाग, ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। "संस्कृति मूल्य-निरपेक्ष नहीं; हमें साध्य और साधन मूल्यों का फर्क समझना होगा" डॉ. टंडन ने कहा कि आधुनिक मानवविज्ञान संस्कृति को "सम्पूर्ण जीवनशैली" मानता है, लेकिन इस जीवनशैली के भीतर मूल्य-मूल्यांकन की प्रक्रिया को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

उन्होंने स्पष्ट कहा "हम नैतिक और बौद्धिक असमंजस की स्थिति में खड़े हैं। जब तक हम यह नहीं तय करते कि प्राचीन धरोहर में क्या संरक्षित होना चाहिए और आधुनिक प्रभावों में क्या अपनाने योग्य है, तब तक सांस्कृतिक विवेक विकसित नहीं हो सकता।" उन्होंने संस्कृति के प्रति फैल रहे अति-रोमांटिक, अति-राजनीतिक और अति-लोकप्रियतावादी दृष्टिकोणों को भी एक "बौद्धिक जाल" करार दिया, जिसकी सफाई जरूरी है ताकि संस्कृति की वास्तविक, जीवित और गतिशील परिभाषा सामने आ सके। "संस्कृति, अनुकरण का नहीं—जीवन-प्रवाह का नाम है"—प्रो. इंदु पांडेय खंडूड़ी कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं हेमवती नंदन बहुगुणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, श्रीनगर-गढ़वाल की पूर्व अध्यक्ष प्रो. इंदु पांडेय खंडूड़ी ने संस्कृति को "नदी के प्रवाह" से तुलना करते हुए कहा— "संस्कृति वह नहीं है जिसे हम केवल सीखते हैं; यह वह है जिसे हम जीते हैं, बहते हैं और समय के साथ रूपांतरित करते हैं।" उन्होंने कहा कि डॉ. टंडन की पुस्तक "संस्कृति की बहुपरत पहेलियों को सुलझाने का अर्थपूर्ण प्रयास" है और इसे पढ़ना स्वयं के भीतर झांकने जैसा अनुभव देता है।

**संवाद सत्र में उठे नये प्रश्न, खुली नई दिशाएँ :** प्रश्नोत्तर सत्र में डॉ. हेमलता श्रीवास्तव, डॉ. मिथिलेश कुमार, डॉ. प्रभाकर कुमार, मनोज तंवर, अजय कुमार, चंदन कुमार, सुशांत कुमार सहित कई प्रतिभागियों ने संस्कृति, मूल्य-चयन और परंपरा-आधुनिकता के द्वंद्व से जुड़े महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए। वक्ताओं ने प्रत्येक प्रश्न का गहराई से उत्तर देते हुए संस्कृति-विमर्श की नई संभावनाएँ सामने रखीं।

**कार्यक्रम संचालन व उपस्थिति :** औपचारिक अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रो. कैलाश प्रसाद यादव ने की। संचालन एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुधांशु शेखर ने किया। तकनीकी संचालन शोधार्थी सौरभ कुमार चौहान द्वारा सुनिश्चित किया गया। कार्यक्रम में प्रो. अविनाश कुमार श्रीवास्तव, प्रो. सिद्धेश्वर काश्यप, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. श्रवण कुमार मोदी, डॉ. श्याम प्रिया, शशिकांत कुमार, डॉ. राजकुमार झा, दिलीप भट्टाचार्य, मनोज कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षाविद, शोधार्थी और छात्र उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### राजद प्रदेश अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) श्रीमती रश्मि प्रकाश जी विराट शिव गुरु महोत्सव में हुई शामिल



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
चतरा( झारखंड) । राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश अध्यक्ष ( महिला प्रकोष्ठ ) श्रीमती रश्मि प्रकाश जी आज चतरा जिला मुख्यालय स्थित बाबा घाट मैदान में आयोजित रविराट शिवगुरु महोत्सवर में शामिल हुई। इस दौरान श्रीमती प्रकाश जी भगवान शिव को प्रणाम कर देश प्रदेश में सुख शांति समृद्धि की कामना की। साथ ही कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सर्वप्रथम महोत्सव आयोजकों का धन्यवाद आभार व्यक्त की और कहा कि यह महोत्सव लोगों को एक साथ जोड़ने और सांस्कृतिक परम्पराओं को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इससे हमसब को भगवान भोलेनाथ से आत्मीय रूप से जुड़ने का अवसर प्राप्त होता है। ऐसे महोत्सव से समाज में सद्भाव सहयोग और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से दीदी बरखा आनन्द जी, प्रो. रामेश्वर मंडल जी, सोमेंद्र कुमार झा, सुनील शर्मा, अरुण शर्मा समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

### डॉ जगदीश चंद्र बोस जी की जयंती के अवसर पर 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ गिरिडीह
झारखंड। यह खुशी की बात है की डॉक्टर जगदीश चंद्र बोस का नाम गिरिडीह से जुड़ा हुआ है इस विश्व प्रसिद्ध महान वैज्ञानिक का नाम गिरिडीह से जुड़ना गौरव की बात है 30/11/2025 डॉ जगदीश चंद्र बोस जी की जयंती के अवसर पर भईया जी संस्था ए यूनिट ऑफ राब्ता वेलफेयर ट्रस्ट के jeet free physical academy द्वारा +2 High school ग्राउंड मे 1600 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता रखी गई।, जिसमें लड़कियों के प्रथम स्थान में तनु कुमारी द्वितीय स्थान नंदनी कुमारी एवं तृतीय स्थान में सिमरन कुमारी उत्तीर्ण हुई। वही लड़कों में प्रथम स्थान दिवाकर वर्मा, द्वितीय मनोहर कुमार एवं तृतीय तौहीद अंसारी हुए उत्तीर्ण हुए साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित हमारे गणमान्य अतिथियों के मुख्य रूप में रंजीत राय भैया, प्रोफेसर डॉ विनीता मैम, प्रियंका मैम, पूनम मैम, मनीषा श्रीवास्तव, सुशील गुप्ता, शीश भाई ,पवन रजक, मनीष चंद्रवंशी ओर हमारे कार्यकर्ताओं गण उपस्थित रहें। हमारे अकादमी का मुख्य उद्देश्य बच्चों को फ्री में फिजिकल की तैयारी करवा कर देश की सेवा में भेजे और साथ ही बच्चियों को आत्मरक्षा करना सिखाए और फिजिकल फिटनेस की तैयारी करवाए। आपसबों से अनुरोध है कि आप इस विचारधारा का सहयोग करे ओर हमारा साथ दे ताकि आने वाले दिनों में हमारी संस्था ओर भी बेहतर कार्य करेगी और आपकी सेवा में तत्पर सदैव खड़ी रहेगी ।

### प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत चतरा जिले के टंडवा में लगा पहला सोलर सिस्टम



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
टंडवा( चतरा ) । चतरा जिले के टंडवा प्रखंड अंतर्गत खधैया गांव मे प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत पहला सोलर सिस्टम इंस्टाल किया गया है। इस योजना के तहत खधैया गांव निवासी विजय राणा पिता नेमून राणा के घर लगाया गया है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर सिस्टम मेटाज सर्विसेज एंड टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 30 नवंबर को लगाया गया।सोलर सिस्टम लगाने के दौरान मेटाज सर्विसेज एंड टेक्नोलॉजी के निर्देशक सर्वर खान ने बताया कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के स्वर्णिम योजना प्रधान मंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत मेटाज सर्विसेज एंड टेक्नोलॉजी द्वारा 3 किलोवाट का सोलर सिस्टम लगाया गया है! इस योजना के तहत 6 सोलर पैनल सिस्टम लगाया गया है! यह दो सेट लगाया जाता है ! जिसमें केंद्र सरकार 3 किलोवाट में 78 हजार और मेटाज सर्विसेज एंड टेक्नोलॉजी के द्वारा 12 हजार रुपए का सब्सिडी दे रही है! वही चतरा जिले के डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर रंजन कुमार राणा ने बताया कि टंडवा प्रखंड खधैया गांव निवासी विजय राणा पिता नेमून राणा के घर सोलर सिस्टम लगाया गया है लगाते हीं आस पड़ोस के लोग भी उत्सुकता के साथ लगाने के लिए प्रक्रिया पूरी कर रहें हैं बहुत जल्द उनके घरों में भी सोलर सिस्टम लगाया जाएगा! मौके पर मेटाज सर्विसेज एंड टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के निर्देशक सर्वर खान सर्विस प्रोवाइडर अजय कुमार मेहता चतरा जिला जिला कोड़ीनेटर रंजन कुमार राणा विजय राणा साहेब महतो सुबोध महतो समेत अन्य लोग मौजूद थे!

### सदर अस्पताल गिरिडीह में खाद्य व्यवसाय संचालकों को प्रशिक्षित करने हेतु कार्यक्रम

लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ गिरिडीह
झारखंड। सिविल सर्जन, गिरिडीह के आदेशानुसार आज सदर हॉस्पिटल के कॉन्फ्रेंस हॉल में खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 एवं खाद्य सुरक्षा और मानक (खाद्य कारोबार का अनुज्ञापन और रजिस् ट्रीकरण) विनियम, 2011 के अनुसूची IV में किये गए प्रावधान के अनुरूप भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) के FOSTAC कार्यक्रम के अंतर्गत खाद्य व्यवसाय संचालकों (FBOs) को खाद्य सुरक्षा एवं मानक विषय पर प्रशिक्षित करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे कुल मिला कर 100 कारोबारियों ने भाग लिया। FSSAI के सूचीबद्ध प्रशिक्षक डॉ0 राकेश सिंह ने खाद्य सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा खतरा, खाद्य विषाक्तता (Food Poisoning), खाद्य संक्रमण (Food Infection) और खाद्य एलर्जी (Food Allergies) एवं नियंत्रण, खाद्य जनित रोग, संचारी और गैर संचारी रोग, फूड ग्रेड रंग, पैकेजिंग सामग्री, कागज, बर्तन, एडिटिव एवं प्रिजर्वेटिव, टेंपरेचर डेंजर जोन, उच्च जोखिम वाले खाद्य पदार्थ, GMP- गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेस, GHP- गुड हाइजेनिक प्रक्टिसेस, SOP स्टैंडरड ऑपरेटिंग प्रोसीजर, फूड पैकेजिंग एवं लेबलिंग नियम, कच्ची सामग्री की गुणवता के मानक, पेयजल मानक और परीक्षण कीट नियंत्रण, खाद्य पदार्थ का सुरक्षित भंडारण और परिवहन, फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड, गोल्डेन रूल, कचरे का प्रबंधन, खाद्य सुरक्षा इंस्पेक्शन चेकलिस्ट, इत्यादि का विशेष रूप से चर्चा किया गया।

# प्रसासन के नाक के नीचे धड़ल्ले से हो रहा अवैध कोयला का कारोबार, जारंगडीह क़र्बला चौक के समीप अवैध कोयले के भंडारण की सूचना

लोकतंत्र की आवाज

**मो. इस्तियाक अहमद**
**बेरमो।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के जरंगडीह से इनदिनों बड़े पैमाने पर अवैध कोयले का कारोबार बदस्तूर जारी है। बड़ी गाड़ियों से अवैध कारोबारियों द्वारा कोयला लोड कर बाहर की मंडियो में भेजा जाता है, जिससे कारोबारी की दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की हो रही है। इस अवैध कारोबार में स्थानीय पुलिस प्रशासन तथा सीसीएल अधिकारियों की मिलीभगत की बात सामने आ रही है।

उक्त कारोबार का भंडाफोड़ तब हुआ जब रविवार की अहले सुबह खेतको जारंगडीह एवं असनापानी मार्ग पर रहमत मोड़ के समीप अवैध कोयला लदा ट्रक संख्या UP67AT/2025 ब्रेक डाउन हो गया। इसकी सूचना स्थानीय मीडिया कर्मियों द्वारा सर्वप्रथम बोकारो थर्मल पुलिस को देने की कोशिश की गयी, बावजूद इसके थाना प्रभारी द्वारा फोन रिशीव नहीं किया गया।इस दौरान जब कथारा क्षेत्र के क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता से संपर्क किया गया तब सुरक्षा प्रभारी द्वारा कहा गया कि उनके द्वारा पुलिस को सूचना देने पर पुलिस द्वारा ट्रक को थाना पहुंचाने की बात कही गयी। जबकि बकौल सुरक्षा प्रभारी संबंधित अवैध कोयला लदा ट्रक का दोनों दरवाजा बंद था, तथा उनके पास कोई चालक नहीं था।

आगे बताया जाता है कि इस दौरान निर्भीकता दिखाते हुए अवैध कारोबारी द्वारा मिस्त्री बुलाकर ट्रक की मरम्मति कराया गया, तथा उसे मंडी की ओर रवाना कर दिया गया। ऐसे में स्थानीय लोग तथा मीडिया कर्मी अवैध कारोबारी के हौसला को देख अचंभित रह गये।सवाल उठना लाजमी है कि इस खेल में अवैध कारोबारी द्वारा दिनदहाड़े ब्रेक डाउन ट्रक की मरम्मति कर ले जाना कहीं न कहीं प्रशासनिक तथा सुरक्षा झोल को इंगित कर रहा है।गोमिया के पुर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो का कहना है कि वर्तमान झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार में चारो ओर लूट मची है। यहां से सैकड़ो बड़ी गाड़ियां अवैध कोयला लेकर बाहर की मंडियो में ले जाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अवैध कोयले के कारोबार में मंत्री से संतरी तक सबकी मिलीभगत है।




बताया जाता है,कि,खेतको पुल पारकर असनापानी, जारंगडीह, जाने वाले मुख्य मार्ग, रहमत मोड, स्थित मोटरसाइकल गीरेज दुकान के पास , जारंगडीह कर्बला चौक पर ,पिछले एक महीने से अवैध स्टीम कोयले का कारोबार बड़े पैमाने पर चल रहा है। स्थानीय एवं आसपास के लोगों की शिकायतों के मुताबिक, यहां कोयले का भारी स्टॉक किया जाता है और बड़ी गाड़ियों में लादकर डिहरी व बनारस की मंडियों में भेज दिया जाता है। प्रति दिन दो से तीन गाड़ियां यहां से मंडी के लिए रवाना होती हैं, जिससे कोल इंडिया की सहायक कंपनी सीसीएल को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हो रहा है। 30नवम्बर 2025 दिन रविवार की सुबह कोयले से भरी (नंबर UP67AT2025) की लोड़ी कर्बला चौक के मुख्य मार्ग पर ब्रेक डाउन होकर फंस गई। स्थानीय पत्रकार ने प्रशासन को घटना की सूचना देने की कोशिश की, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। कथारा एरिया के चीफ सिक्युरिटि ऑफिसर सुनील गुप्ता को फोन करने पर उन्होंने बताया कि हमने पुलिश को फोन कर दिया है, वो गाड़ी को सीज कर लेगी, यानी सब तरफ से लिपापोती का खेल सुरु हो गया, इस दौरान स्थानीय लोगों की भीड़ भी जमा हो गई, पर अवैध कारोबारियों ने लोगों की उपेक्षा करते हुए लोड़ी की मरम्मत कराकर गाड़ी को मंडी के लिए रवाना कर दिया, गया, ऐसा बताया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन की लापरवाही और अवैध कोयला कारोबार के मामलों पर प्रभावी रोक न लगने से क्षेत्र में भ्रष्टाचार और आर्थिक नुकसान बढ़ता जा रहा है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से तत्काल संज्ञान लेने और सख्त कार्रवाई की मांग की है ताकि गरिमामय रोजगार के साथ-साथ क्षेत्र की आर्थिक सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सके।आवश्यक है कि संबंधित अधिकारी इस पूरे मामले की जांच कर विशेषज्ञ स्तर पर कड़ी कार्रवाई करें और अवैध कोयले के भंडारण व निकासी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करें ताकि राष्ट्रीय उपक्रम सीसीएल को हो रहे भारी नुकसान को रोका जा सके।

## 20 मेधावी छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक एक्सपोजर विजिट



लोकतंत्र की आवाज

**सुजीत कुमार,संताल परगना ,प्रभारी**
**दुमका** ।दुमका जिला अंतर्गत जिला स्तरीय परीक्षा के माध्यम से 20 मेधावी छात्र-छात्राओं का चयन कर उन्हें शैक्षणिक एक्सपोज़र विज़िट पर मुंबई ले जाया गया। जिला कल्याण पदाधिकारी गौतम मोदी के नेतृत्व में 28 नवंबर को भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, ट्रॉम्बे का भ्रमण किया।

29 नवंबर को छात्रों ने पश्चिमी नौसेना कमान, INS बेतवा, INS सिंधुरत्न, पश्चिमी डॉकयार्ड संग्रहालय, गेटवे ऑफ इंडिया, जहाँगीर आर्ट गैलरी और एलिफेंटा गुफाओं का भ्रमण किया। 30 नवंबर को शैक्षणिक एक्सपोज़र विज़िट का समापन IIT बॉम्बे की व्यापक शैक्षणिक यात्रा के साथ हुआ। छात्र-छात्राओं ने IIT बॉम्बे के उच्च स्तरीय लैबोरेटरी, कंप्यूटर लैब, लाइब्रेरी को करीब से देखा। IIT बॉम्बे के शोधार्थियों ने एक्सपोजर विजिट में आये छात्रों को संस्थान में किये जा रहे शोध कार्य एवं नवाचार के बारे में जानकारी दिया। दुमका जिला प्रशासन द्वारा किया गया यह पहल विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने और विज्ञान एवं तकनीकी विषयों की पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करेगा।

## झारखंड आंदोलनकारियों के सम्मान से ही सरकार का स्वाभिमान है:पुष्कर महतो

लोकतंत्र की आवाज

**मुसाबनी बलियागोड़ा स्थित हवा महल में बैठक संपन्न**

**मुसाबनी।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा पूर्वी सिंहभूम की बैठक मुसाबनी बलियागोड़ा स्थित हवा महल में हुई. बैठक में पूर्वी सिंहभूम,बोकारो, रांची पलामू गुमला जिला के आंदोलनकारियों को सरकार के आदेश के बावजूद राजकीय मान सम्मान व अलग पहचान नहीं मिलना दुर्भाग्य बताया गया . साथ ही 22 अप्रैल 2025 को आंदोलनकारियों के पुत्र-पुत्री एवं आश्रितों के नियुक्तियों में पांच प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का गजट नोटिफिकेशन जारी हो जाने के बाद भी अब तक एक भी लोगों को नियुक्ति का लाभ नहीं मिलने पर चिंता व्यक्त किए गए. आंदोलनकारियों ने मांग की कि सरकार झारखंड आंदोलनकारी को न्याय के साथ सम्मान एवं समाज में स्वाभिमान से जीने के अधिकार के तहत सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रु., मेडिकल व समूह बीमा का लाभ देने का काम शीघ्रताशीघ्र करें तथा उनके बाल बच्चों के अधिकारों की रक्षा करें. 3जनवरी 2026 को रांची में विशाल सम्मेलन कर अपने बाल बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए उलगुलान करने का एलान किया गया.

मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी के सम्मान से ही सरकार का स्वाभिमान है. आज आंदोलनकारी के त्याग, बलिदान एवं संघर्ष के बल पर ही राज्य बना है और ऐसे में राज्य के निर्माताओं की उपेक्षा होना विडंबना की बात है. सरकार अलग राज्य के मूल्यों तथा आंदोलनकारियों के सपनों को धरातल पर उतारकर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें. ़झारखंड अलग राज्य के आंदोलन के दौरान हम लोगों ने यातनाएं सहे और मौत को करीब से देखा है, सबसे अधिक शहादत दिए हैं. इसके बावजूद आंदोलनकारी उपेक्षित हैं. पुलिस का दंश आज तक झेल रहे हैं. उन्होंने कहा कि सच्चे और ईमानदार आंदोलनकारियों के भोलेपन का गलत फायदा उठा रहे हैं प्रशासन के लोग. आंदोलनकारियों को टॉर्चर करने वाले पुलिस कर्मियों को बंगाल के खाड़ी में फेंक दिया जाएगा. सेवा भाव का परिचय दे पुलिस प्रशासन. बैठक में केंद्रीय प्रवक्ता मो बारीक ने कहा कि पूर्वी सिंहभूम के आंदोलनकारियों ने अलग राज्य के आंदोलन में अपनी सर्वत्र कुर्बान कर दिया है. राज्य सरकार आंदोलनकारी के कुर्बानियों के मूल्यों को समझे और उन्हें राजकीय मान - सम्मान से सम्मानित करें. आज दूसरे प्रदेशों के आंदोलनकारी को 10% क्षैतिज आरक्षण तथा तमाम तरह के सुविधाओं का लाभ गृह कारा आपदा विभाग के जांच अधिनियम 1952 के तहत दिया जा रहा है.

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शिबू काली माईती ने कहा कि झारखंड में माय माटी एवं अबुआ सरकार है फिर भी झारखंड आंदोलनकारियों को नारकीय जीवन जीना सबसे बड़ा दुःख का कारण है.अबुआ सरकार है तो आंदोलनकारियों को अबुआ राइज का अधिकार दे. कोल्हान प्रमंडल के आनंद महतो ने कहा कि 25 वर्ष ऑन के कालखंड में हजारों आंदोलनकारी के निधन हो गए सरकार ने अब तक कोई शुद्ध नहीं ली अभी लगभग हजारों नियुक्तियां हुई लेकिन झारखंड आंदोलनकारियों के आश्रितों का एक भी नियुक्ति ना होना उनका अपमान है. बैठक का संचालन करते हुए संयोजक चमराय महली ने कहा कि मुसाबनी झारखंड आंदोलनकारियों के संघर्ष व बलिदान को भूमि है. यहां के आंदोलनकारियों को राजकीय मान सम्मान व सम्मान पेंशन 50- 50 हजार रु. देकर सरकार अपने कर्तव्य का निर्वाह करें. बैठक में दलगोविंद नमता, राखाल चंद्र घोष, सुरेश महतो, उदय मांझी, सलख बेसरा, माधव चंद्र बास्के, माधव चंद्र बास्के, रघुनाथ माझी, लालीन महली, रामनाथ महतो, सागर चंद्र महतो, हिमांशु महतो, मिहिर कुमार तिवारी, सुभाष महतो, संतोष महली सहित अन्य प्रमुख थे।

## मात्र 15 वर्ष की आयु में इसाई मिशनरियों के षड्यंत्र को विफल किया

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ गिरिडीह**
**झारखंड** । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, गिरिडीह नगर की ओर से रविवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया ।दुर्गादास जी, अखिल भारतीय घुमंतू कार्य प्रमुख आरएसएस ने भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धा-सुमन अर्पित किया ।मौके पर दुर्गादास ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया ।कहा कि भारत के गौरवशाली स्वाधीनता संग्राम में जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों व योद्धाओं में बिरसा मुंडा का नाम

श्रेष्ठतम नायकों में एक है। केवल 15 वर्ष की आयु में ईसाई मिशनरियों के षड्यंत्र को समझते हुए उन्होंने समाज जागरण के द्वारा अपनी धार्मिक अस्मिता और परंपराओं की रक्षा के लिए संघर्ष प्रारंभ कर दिया ।ब्रिटिश शासन द्वारा प्रशासनिक सुधार के नाम पर वनों का अधिग्रहण करते हुए जनजातीय समाज से भूमि का स्वामित्व छीनने के विरोध में उन्होंने व्यापक जन आंदोलन खड़ा किया ।उनके आंदोलन का नारा अबुआ दिशा, अबुआ राज का नारा युवाओं के लिए प्रेरणा मंत्र बन गया ।समाज के प्रति अपने प्रेम और बलिदान के कारण संपूर्ण जनजाति समाज उन्हें देव स्वरूप मानकर धरती आबा कहकर श्रृद्धान्वत होता है ।बिरसा मुंडा की जयंती पर आरएसएस स्वयंसेवकों सहित संपूर्ण समाज को आह्वान करता है कि उनके जीवन, कृतित्व और विचारों को अपनाते हुए स्व बोध से युक्त संगठित और स्वाभिमानी समाज के निर्माण में महती भूमिका का निर्वहन करें। कार्यक्रम में काफी संख्या में बाल स्वयंसेवक भी उपस्थित हुए।



**30.11.2025 को जनजातीय गौरव दिवस सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा में मनाया गया.**

## मेले से लौट रही विवाहिता से सामूहिक दुष्कर्म मामले में पांच की गिरफ्तारी

लोकतंत्र की आवाज

**सुजीत कुमार, संताल परगना, प्रभारी**
**पाकुड़।** लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र से सामूहिक दुष्कर्म की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जिसमें मेले से अपने घर लौट रही एक विवाहिता को निशाना बनाया गया। यह घिनौनी घटना 28 नवंबर की रात तब हुई, जब पीड़िता अपने पति के साथ ग्राम हाथीगढ़ में आयोजित मेले से रघुनाथपुर स्थित अपने निवास स्थान की ओर लौट रही थी। रास्ते में, ग्राम बिंझा के पुलिया के पास, कुछ अपराधियों ने इस दंपत्ति को रोका। उन्होंने धमकाते हुए महिला को जबरन पास के धान के खेत की ओर खींच लिया और वहाँ सामूहिक दुष्कर्म को अंजाम दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही लिट्टीपाड़ा थाना में कांड संख्या 61/2025 दर्ज किया गया, जिसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए, पाकुड़ की पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घटना के त्वरित उद्भेदन के लिए एक विशेष अनुसंधान दल (SIT) का गठन किया।एसपी ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेसवार्ता कर पूरे मामले का खुलासा किया।



गठित SIT ने लगातार और सघन छापेमारी अभियान चलाया। पुलिस की इस तत्परता का परिणाम यह रहा कि कुछ ही घंटों के भीतर पुलिस टीम ने सामूहिक दुष्कर्म में शामिल सभी पाँचों आरोपितों को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों में डोमना उर्फ डोमा उर्फ बमड़ा पहाड़िया, जोमे पहाड़िया उर्फ मनोज पहाड़िया, चैता पहाड़िया (तीनों ग्राम डोहरी पहाड़ से), लुखी पहाड़िया (ग्राम छोटा खामी), और भिमा पहाड़िया (ग्राम बड़ा बीचकनी, थाना रांगा, जिला साहेबगंज) शामिल हैं।पूछताछ के दौरान, पाँचों आरोपितों ने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। पुलिस अब इन सभी आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया पूरी कर रही है।

## धनबाद से 22 लोग हिरासत में, वजह जानिएगा तो उड़ जाएंगे होश....परीक्षा में कर रहे थे फर्जीवाड़ा

लोकतंत्र की आवाज़

**धनबाद कतरास ,ब्योरो चीफ**
**धनबाद।** बड़ी खबर झारखंड के धनबाद जिला से सामने आई है ।धनबाद पुलिस ने पश्चिम बंगाल में रविवार को होने वाली आरक्षी भर्ती परीक्षा में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़े की साजिश का पर्दाफाश किया है ।मिली जानकारी के अनुसार एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध स्कॉर्पियो को रोकने के बाद यह पूरा रैकेट सामने आया ।इस मामले में पुलिस ने कुल 22 लोगों को हिरासत में लिया है, जिनमें 14 उम्मीदवार शामिल हैं ।जानकारी के मुताबिक शनिवार को धनबाद के



तिसरा थाना के निकट पुलिस द्वारा एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक संदिग्ध स्कॉर्पियो वाहन को रोककर जांच की गई ।वाहन में सवार लोगों से पूछताछ में पुलिस को पश्चिम बंगाल आरक्षी परीक्षा में फर्जीवाड़े से जुड़े एक बड़े गिरोह के सक्रिय होने की सूचना मिली ।पता चला कि यह गिरोह रविवार को होने वाली परीक्षा के प्रश्न पत्र को झरिया के एक लॉज में बैठकर उम्मीदवारों को पढ़वाने का कार्य कर रहा था ।स्कॉर्पियो पर सवार लोगों से पूछताछ के बाद धनबाद पुलिस ने झरिया थाना क्षेत्र स्थित बंधन लॉज में छापेमारी की। इस दौरान वहां से कुल 22 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया।

पुलिस के अनुसार, इन हिरासत में लिए गए लोगों में से 14 विद्यार्थी हैं, जो पश्चिम बंगाल आरक्षी परीक्षा में शामिल होने वाले थे।

पुलिस ने गिरोह के पास से भारी मात्रा में परीक्षा से संबंधित और इलेक्ट्रॉनिक सामग्री बरामद की है, जिनमें 272 एडमिट कार्ड, 70 पीस मोबाइल फोन, 40 पीस ब्लूटूथ डिवाइस, कलाई घड़ी, मोबाइल चार्जर, पहचान पत्र, एटीएम कार्ड, पासबुक, चेकबुक, नोटबुक, एक कार्टून कलम, 10 पीस सोने जैसे पदार्थ की चेन, स्टेशनरी और अन्य कागजात शामिल है ।पुलिस ने बताया कि इस गिरोह के तार अंतर्राज्यीय स्तर पर जुड़े हो सकते हैं और ये बड़े पैमाने पर उम्मीदवारों से मोटी रकम ऐंठने की फिराक में थे ।इस पूरे मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है और गिरोह के सरगना व पूरे नेटवर्क का पता लगाने के लिए हिरासत में लिए गए लोगों से गहन पूछताछ की जा रही है।

## झारखंड प्रशिक्षित सहायक आचार्य नियुक्ति में विष्णुगढ़ के युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ हजारीबाग (झारखंड)।** झारखण्ड प्रशिक्षित सहायक आचार्य नियुक्ति परिक्षा वर्ष 2023 JSSC के चार चरणों में लिया गया था, सफल अभ्यर्थियों का प्रमाण पत्र का सत्यापन दो स्तर में JSSC एवं जिला के जिला अधिकारियों द्वारा किया गया , बाद नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। सभी सफल अभ्यर्थियों को योगदान हेतु एक सप्ताह का समय दिया गया है।

1,अनिता महतो, भलुआ
2,प्रदीप कु.महतो,बरहमोरिया
3,मुकेश कुमार,बरहमोरिया



4, विजय कुमार , गोविंदपुर
5, हरेंद्र प्रसाद महतो , गोविंदपुर
6, राजेश कुमार सिंह , गोविंदपुर
7, खिरोधर महतो , गोविंदपुर
8, राजेश महतो , गोविंदपुर
9, ओम प्रकाश , उपरैली मुरागांव



10,मेहीलाल मरांडी -डुमरडीहा पंचायत -कुसुम्भा
11, दयाल विद्यार्थी, गलहोबार
12, विनय कुमार यादव , सिमरिया
13, रामचंद्र महतो, उदालबेड़ा
14.रंजीत महतो, अचलजामू
15, रोहित सिंह, बकसपुरा
16, राजेंद्र महतो, मडमो
17,तेजनाथ प्रसाद नावाटांड
18 सिद्धेश्वर पंडित,टेकवाडीह
19.अजय पाण्डेय,कुसुम्भा
20.अमित पाण्डेय, बनासो
21.रोहित लाल महतो, सिमरबेडा
22.टेकनारायण प्रसाद,सारुकुदर
23.शेख अबुल,खरना
24.राजेन्द्र गोप, सिमरिया
25 प्रेमचन्द विद्यार्थी, चिहुटीया
26,जसीम अंसारी , नवादा
27,सलीम अंसारी,नवादा
28, प्रशांत प्रियदर्शी, चिरूडीह प्रखंड

क्षेत्र के गणमान्य प्रतिनिधिगण एवं आम जनो ने सभी नियोक्ताओं बधाई दीया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### एकता मंच बुंदेलखंड ने 6 जोड़ों का सामूहिक सर्वजातीय विवाह धूम धाम से कराया



लोकतंत्र की आवाज
उरई। जालौन के कोंच में रविवार को युवा एकता मंच बुंदेलखंड द्वारा सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नगर के अग्रसेन पार्क में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। विवाह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुभारम्भ किया विवाह समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता मौजूद रहे। युवा एकता मंच के आयोजक ब्रजनारायण सिंह, सागर मेहरा और राष्ट्रीय संयोजक महेंद्र बरार ने कार्यक्रम की व्यवस्था व संचालन किया। इस अवसर पर सभासद अनिल वर्मा, बादाम कुशवाहा, अधिवक्ता रामशरण कुशवाहा और ओमकार सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। मंच संचालकों के अनुसार, सामूहिक विवाह सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में सहायक होता है और आर्थिक रूप से गरीब परिवारों को सहायता प्रदान करता है। यह पहल समाज में एकता बुंदेल खंड मंच के सहयोग से की गई और सहभागिता की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से वर्षों से की जा रही है। सामूहिक विवाह समारोह में गरीब परिवार की कन्याओं की 6 जोड़ों की रीति रिवाज के साथ शादी सम्पन्न कराई गई जिसमे सभी जोड़ों 7 फेरे लिए और एक साथ जीने मरने की कसम खाई और अग्नि को साक्षी मानकर शादी संपन्न कराई गई । आधा दर्जन से अधिक जोड़ों ने फेरे लिए। इस विवाह में 7 जोड़ो ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया था जो इस प्रकार है आशा और विनोद, हीरा और आकाश, सोनम और पवन, रोशनी और पवन, भारती और गौतम, तथा नैंसी और प्रदीप कुमार (सोनू) शामिल थे। सभी नवविवाहित जोड़ों को संस्था की ओर से उपहार सामग्री भेंट की गई।सामूहिक विवाह समारोह कार्यक्रम के सभी जोड़ो को सामान देकर विदा किया गया एकता मंच बुंदेल खंड ने सभी अतिथियों आभार प्रकट किया गया। आयोजकों ने प्रदीप कुमार (सोनू) शामिल थे। सभी नवविवाहित जोड़ों को संस्था की ओर से उपहार सामग्री भेंट कर खुशी खुशी विदा किया।

### धनबाद बाघमारा विधायक श्री शत्रुधन महतो जी ने वैवाहिक कार्यक्रम मै शामिल हुए सुपुत्री को आशीर्वाद भी दिये



लोकतंत्र की आवाज़
धनबाद कतरास
ब्योरो चीफ। लोयाबाद कोक प्लांट निवासी करम रजवार के सुपुत्री के वैवाहिक कार्यक्रम में कतरास स्थित लिलौरी स्थान के माँ तारा धर्मशाला में बाघमारा के जनप्रिय विधायक श्री शत्रुघ्न महतो शामिल हुए, इस उत्साहिक अवसर पर माननीय विधायक जी सुपुत्री को आशीर्वाद प्रदान किए और परिवारजनों के बीच वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं व बधाई दिए, साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना किए

### मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना और रोजगार मेलों से खुले रोजगार के नए मौके; डिजिटल, एआई और ग्रीन जॉब्स पर फोकस



लोक तंत्र की अवाज
रत्ना
लखनऊ ।मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना और रोजगार मेलों से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुल रहे हैं। डिजिटल, एआई और ग्रीन जॉब्स पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यह योजना युवाओं को उद्यमी बनने और आत्मनिर्भर बनने में मदद करती है। सरकार रोजगार मेलों का आयोजन कर युवाओं को नौकरी पाने में सहायता कर रही है

### डॉ संजय जैन लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित हुए



लोकतंत्र की आवाज
मेरठ। मवाना रोड स्थित पंचवटी कॉलोनी आभा मानव मंदिर में रविवार को एकल कवि उद्घोष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे डॉ. संजय जैन सीए को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में एससी गोविन्द, विजय भोला, साहित्यकार एवं अंतरराष्ट्रीय कवि डॉ. प्रवीण शुक्ल, डॉ. राजीव राज,हिंदुस्तान न्यूज़ पेपर के पूर्व संपादक सूर्यकांत द्विवेदी, अमर उजाला के पूर्व संपादक नीरज कांत राही,आदि लोग मौजूद रहे।

### तीर्थंकर भगवान शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर के 16वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज
मेरठ। तीर्थंकर भगवान शांतिनाथ के मंदिर के 16वें स्थापना दिवस का पावन समारोह बड़े हर्ष और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रात:कालीन वेला में सभी श्रद्धालुओं द्वारा भगवान शांतिनाथ का मंगल अभिषेक, जलाभिषेक, तथा धार्मिक विधि–विधान के साथ शांति विधान संपन्न किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भक्तों के सामूहिक मंत्रोच्चार और शांतिधारा से हुई, जिससे पूरा परिसर आध्यात्मिक वातावरण से अभिभूत हो उठा। मुख्य शांतिधारा स्वर्ण झारी से करने का सौभाग्य नवीन जैन, रजत शांतिधारा, राकेश जैन पीएनबी, राकेश जैन सराफ, पूनम चंद जैन, प्रतीक जैन, मनोज जैन, सार्थक जैन को मिला। आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजन, महिलाएँ, युवाओं व बालक–बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह के दौरान भक्तों ने भगवान शांतिनाथ से समस्त समाज, देश व विश्व में शांति, सद्भाव और मंगलमय वातावरण की कामना की। इस अवसर पर मंदिर परिसर में विनोद जैन, कपिल जैन, मनोज जैन, राजीव जैन, लकी जैन, अनिल जैन, अनामिका जैन, शोभा जैन, बबिता जैन, रिशू जैन आदि लोग उपस्थित रहे।

# कर्जन ग्राउंड में दो दिवसीय आर्चरी सांसद खेल महोत्सव का भव्य समापन, हज़ारीबाग लोस की उभरती प्रतिभाओं ने दिखाया अपना दम

**हजारीबाग के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना हमारा संकल्प है सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य हर उभरती प्रतिभा को बड़ा मंच और बेहतर अवसर देना है : मनीष जायसवाल**



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ हजारीबाग
झारखंड। कर्जन मैदान में आयोजित दो दिवसीय आर्चरी सांसद खेल महोत्सव का समापन समारोह शनिवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग के कुल 130 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। जिला आर्चरी संघ द्वारा सांसद मनीष जायसवाल के निर्देशानुसार आयोजित यह प्रतियोगिता हजारीबाग की उभरती प्रतिभाओं को बेहतर प्रशिक्षण, प्रतिस्पर्धी माहौल और बड़ा प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, विशिष्ट अतिथि सह सांसद प्रतिनिधि विनोद झुनझुनवाला, किशोरी राणा, इंद्र नारायण कुशवाहा, बंटी तिवारी, सरफराज हैदर, जयप्रकाश और तीरंदाजी कोच मनोज कुमार उपस्थित थे।

अतिथियों ने खिलाड़ियों के बीच तीरंदाजी का अभ्यास कर उनका उत्साह बढ़ाया तथा पुरस्कार वितरण से पूर्व सभी प्रतिभागियों से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें प्रोत्साहित किया। शनिवार को आयोजित एलिमिनेशन राउंड, सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबलों के बाद समग्र परिणाम में बालिका वर्ग में मनीषा कुमारी, अंबिका कुमारी और सपना कुमारी तथा बालक वर्ग में जिग्याशु रंजन, पियूष कुमार और अभिषेक कुमार शीर्ष स्थानों पर रहे। 40 मीटर राउंड में बालिका वर्ग में मनीषा कुमारी, अंबिका कुमारी और सपना कुमारी तथा बालक वर्ग में जिग्याशु रंजन, अभिषेक कुमार और पियूष कुमार ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। 30 मीटर राउंड में बालिका वर्ग में मनीषा कुमारी, सपना कुमारी और ऋतिका रानी रंजन तथा बालक वर्ग में पियूष कुमार, जिग्याशु रंजन और उमंग कुमार सफल रहे। टीम परिणाम में बालिका वर्ग में बड़कागांव की टीम मनीषा कुमारी, अंबिका कुमारी और आराधना कुमारी प्रथम तथा हजारीबाग की टीम सपना कुमारी, ऋतिका रानी रंजन और राज अंशिका द्वितीय स्थान पर रही। बालक टीम में बड़कागांव की टीम जिग्याशु रंजन, पियूष कुमार और अभिषेक कुमार प्रथम तथा हजारीबाग की टीम उमंग कुमार, प्रशांत कुमार और मयंक कुमार द्वितीय स्थान पर रही।

प्रतियोगिता का उद्देश्य खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर के अनुरूप माहौल प्रदान करना, आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं से जोड़ना और खेल के प्रति उत्साह बढ़ाना रहा। इससे पूर्व सांसद खेल महोत्सव के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट और सांसद चेस प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया जा चुका है। अब तीरंदाजी और कबड्डी प्रतियोगिताओं के माध्यम से आयोजन को और व्यापक रूप दिया जा रहा है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग के प्रतिभाशाली खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें, इसके लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य खेल को गांव-गांव तक पहुंचकर हर खिलाड़ी को अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हजारीबाग को खेल हब के रूप में विकसित करने के लिए और भी बड़े आयोजन किए जाएंगे। समापन समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने कहा कि हजारीबाग की युवा प्रतिभाएं कड़ी मेहनत और अनुशासन के साथ अपने प्रदर्शन से जिले का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दिया।

## मेरठ : सावन आश्रम में मनाया गया संत राजिन्दर सिंह जी महाराज का प्रकाश पर्व



लोकतंत्र की आवाज

मेरठ। संत दर्शन और संत राजिन्दर सिंह जी महाराज का प्रकाश पर्व सावन कृपाल रूहानी मिशन की मेरठ कैंट शाखा की ओर से 216 वेस्ट एंड रोड़ पर काली पलटन मंदिर मार्ग के नजदीक स्थित सावन आश्रम में मनाया गया। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सबसे पहले सत्संग का आयोजन हुआ और उसके बाद रूहानी कवाली का आयोजन हुआ। उसके बाद गुरु का लंगर हुआ। रूहानी कवाली से सभी के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। (ऐसा क्या काम किया हमने तेरा जो मेरा हाथ तुमने थाम लिया ) की लाइन ने प्रकाश पर्व को और चार चाँद लगा दिया । जिसमें सावन कृपाल रूहानी मिशन के वर्तमान अध्यक्ष संत राजिन्दर सिंह जी महाराज का विडियो सत्संग प्रसारित किया गया।

अपने सत्संग में उन्होंने कहा कि, दयाल पुरुष दर्शन सिंह जी महाराज ने विभिन्न धर्मों, भाषाओं और आस्थाओं से संबंध रखने वाले लोगों को इकट्ठा कर यह समझाया कि हम सब पिता-परमेश्वर के एक बड़े परिवार के सदस्य होने के नाते आपस में भाई-बहन हैं। अंत में उपस्थित सभी लोगों को ध्यान-अभ्यास पर बिठाया गया और उसके बाद लंगर प्रसाद का भी वितरण हुआ। संत राजिन्दर सिंह जी महाराज के सान्निध्य में कार्यरत सावन कृपाल रूहानी मिशन द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर, मुफ्त मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर और मुफ्त स्वास्थ्य जाँच शिविरों का भी आयोजन किया जाता है। इसी वर्ष 28 मार्च, 2025 को म्यांमार में आए भीषण भूकंप में मिशन की ओर से पीड़ित व्यक्तियों को दैनिक जीवन से संबंधित आवश्यक वस्तुओं के साथ-साथ खाने-पीने की वस्तुओं का भी मुफ्त वितरण किया गया। सावन कृपाल रूहानी मिशन के संपूर्ण विश्व में लगभग 3200 से अधिक केन्द्र स्थापित हैं। और मिशन का साहित्य विश्व की 55 से अधिक भाषाओं में प्रकाशित हो चुका है। इसका मुख्यालय विजय नगर, दिल्ली में है तथा अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय नेपरविले अमेरिका में स्थित है।

## 2006 में भारत आई बांग्लादेशी महिला को ATS ने लखनऊ से पकड़ा, हिंदू बनकर रहती थी; पूछताछ जारी




लोक तंत्र की अवाज
रत्ना
लखनऊ। लखनऊ में एटीएस ने बांग्लादेशी महिला नरगिस को गिरफ्तार किया, जो 2006 में भारत आई थी। उसने हरिओम आनंद से फर्जी दस्तावेज बनवाए और हिंदू बनकर रहने लगी। ठाकुरगंज में वह शमीर के साथ रहती थी।स्थानीय लोगों को उस पर शक नहीं हुआ, क्योंकि वह पूजा-पाठ करती थी।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, नरगिस उर्फ जैसमीन उर्फ निर्मला मूल रूप से बांग्लादेश के जलोंकाठी के सदर उबावकाठी स्थित नाबेगांव क्रक्श बाजार निवासी है। उसके फर्जी दस्तावेज बनवाने वाले हरिओम आनंद को गिरफ्तार किया गया है। अब तक की पूछताछ में सामने आया कि निर्मला का असली नाम नरगिस है बांग्लादेश में रहने के दौरान उसकी शादी हुई थी, फिर पति के साथ पश्चिम बंगाल के रास्ते कोलकाता में दाखिल हुई थी। वहां कुछ दिन रहने के बाद बांग्लादेशी पति को तलाक दे दिया था।

वहां से भटकते-भटकते बलिया पहुंची थी। यहां पर पटिनारी उभांव निवासी हरिओम आनंद से मुलाकात हुई, तो उससे जैसमीन बनकर मिली। उससे हिंदू रीति-रिवाज के साथ शादी की, फिर उसके साथ लखनऊ आ गई। यहां पर गोसाईगंज इलाके में रह रही थी। हरिओम ने उसे कार और स्कूटी तक दिलवाई थी। उसका कहना है कि हरिओम उसको बेचना चाहा, तो उसने हरिओम को छोड़ दिया था।

# संविधान दिवस समारोह के मौके पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के टॉपर छात्र को किया गया सम्मानित

लोक तंत्र की आवाज



उरई/जालौन। बहुजन महानायक जन्मोत्सव आयोजन संयुक्त समिति के तत्वावधान में रविवार को आचार्य नरेन्द्र देव इण्टर कॉलिज, उरई में भव्य संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जितेंद्र कुमार दोहरे सूबेदार दीप प्रज्वलित किया इस गौरवपूर्ण अवसर पर हाल ही में सम्पन्न हुई डॉ. अम्बेडकर प्रबुद्ध सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के मेधावी छात्रों को मुख्य अतिथियों अपर जिलाधिकारी संजय कुमार, ज्वाइन मजिस्ट्रेट नेहा ब्याडवाल द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

समारोह में जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गयाः जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान यश कुमार पुत्र ज्ञान सिंह, द्वितीय स्थान तेज प्रताप सिंह पुत्र देवेन्द्र प्रताप सिंह, तृतीय स्थान साक्षी अहिरवार पुत्री मनोज कुमार आदि। वहीं सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्रियांशी गौतम पुत्री मनोज कुमार, द्वितीय स्थान श्रुति पुत्री अशोक कुमार, तृतीय स्थान इशिका पुत्री जितेंद्र कुमार एवं सुयश कुमार पुत्र रविन्द्र नाथ भारती (संयुक्त रूप से) इन सभी छात्र-छात्राओं को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। इसके अतिरिक्त, बहुजन मीडिया कर्मियों को भी उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी जालौन, संजय कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने का आवाहन किया।एडीएम संजय कुमार ने अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए कहा, "जब हम पढ़ते थे उस समय संसाधन कम थे, मैं अपने गांव में सबसे पहले सिविल सेवा में जाने वालों में रहा। "ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं उप जिलाधिकारी उरई, नेहा ब्याडवाल ने अस्वस्थ होने के बावजूद संविधान के विषयों पर अपने विचार रखे। अन्य वक्ताओं में, अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग प्रथम, जितेंद्र नाथ और अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग द्वितीय, महेंद्र नाथ भारती, रामाधीन बाबूजी, कुलदीप बौद्ध, शालिनी बौद्ध, श्रद्धा चौरसिया, दीपसिखा श्रीवास, एम.एल.संजय ने भी संविधान दिवस और बाबा साहब डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। सहायक परिवहन अधिकारी जालौन, राजेश कुमार वर्मा ने बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर द्वारा दिए गए संविधान और शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति अपने जीवन और परिवार को आगे बढ़ा सकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महेंद्र सिंह दोहेरे (प्रबंधक सिद्धि विनायक आईटीआई कॉलेज, उरई) ने की एवं संचालन सुधाकर राव गौतम एवं भगवती शरण पांचाल ने किया। संविधान प्रस्तावना प्रस्तुतिः दादा रामावतार सिंह गौतम (वरिष्ठ शिक्षक एवं समिति के संरक्षक) इस दौरान राजेंद्र सिंह, पुनीत कुमार भारती (प्रधानाचार्य आचार्य नरेंद्र इंटर कॉलेज उरई), रमाकांत दोहरे, सुंदर सिंह शास्त्री, शशिकांत प्रभाकर, अमर सिंह, भूपेंद्र सिंह दोहरे, संत कुमार शिरोमणि, कमल सिंह, अजय कुमार गौतम, रविकांत जाटव, आशीष बौद्ध, नाथूराम बौद्ध, श्याम प्रकाश दोहरे, आत्माराम फौजी, भूरी देवी शिक्षका, मधु अनुरानी सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। विद्यालय के समस्त अध्यापकों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# धनबाद: किन्नर समाज के दो गुटों में सीमा विवाद, एसडीओ ने की बैठक

लोकतंत्र की आवाज़



धनबाद कतरास
ब्योरो चीफ। धनबाद में किन्नर समाज के दो प्रमुख गुट छमछम किन्नर व सुनैना किन्नर के बीच पिछले कई दिनों से सीमा विवाद चल रहा है. इस मुद्दे पर एसडीओ राजेश कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को महत्वपूर्ण बैठक हुई. बैठक में धनबाद सीओ, बैंक मोड़ व धनसार थाना प्रभारी उपस्थित रहे. दोनों गुटों के प्रतिनिधियों से विस्तृत चर्चा के बाद प्रशासन ने 2021 में तत्कालीन एसडीओ द्वारा निर्धारित की गई सीमाओं को यथावत मानने का निर्णय लिया. प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिया कि दोनों गुट चंदा लेने व बधाई मांगने का काम निर्धारित सीमाओं के भीतर ही करेंगे. सीमा उल्लंघन की स्थिति में संबंधित गुट पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

एसडीओ राजेश कुमार ने बताया कि मनाईटांड़ और कतरास क्षेत्र से जुड़ा विवाद फिलहाल एक महीने के लिए स्थगित कर दिया गया है. इस दौरान किन्नर समाज के पंचों को बुलाकर दोनों गुटों के बीच सहमति बनाने का प्रयास किया जाएगा. इसके बाद अगले चरण की बैठक होगी. वहीं, सुनैना किन्नर गुट ने कहा कि वे पूर्व में जिला प्रशासन द्वारा लिए गए फैसले को मानते हैं, लेकिन आज के निर्णय से पूरी तरह संतुष्ट नहीं हैं.

छमछम किन्नर गुट ने प्रशासनिक निर्णय को स्वीकार करते हुए कहा कि एसडीओ का कथन उचित है. गुट ने बताया कि मनाईटांड़ क्षेत्र में छमछम गुट बधाई मांगने जाएगा, जबकि कतरास क्षेत्र में राधा किन्नर की टीम जाएगी. दोनों गुट पंचों की उपस्थिति में विवाद के स्थायी समाधान पर सहमत हैं.

# यातायात माह नवंबर 2025 का भव्य समापन समारोह संपन्न

लोक तंत्र की आवाज



प्रयागराज। पुलिस लाइन, प्रयागराज में 01 नवंबर से 30 नवंबर 2025 तक चले यातायात जागरूकता अभियान का भव्य समापन समारोह आज अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त जोगिंदर कुमार (आईपीएस) एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में एन. कोलांची (अपर पुलिस आयुक्त), डॉ. अजय पाल शर्मा (अपर पुलिस आयुक्त, कानून व्यवस्था), मनीष कुमार (पुलिस उपायुक्त नगर), कुलदीप गुनावत (पुलिस उपायुक्त गंगानगर), विवेक चंद यादव (पुलिस उपायुक्त यमुनानगर) एवं नीरज कुमार पांडे (पुलिस उपायुक्त यातायात) की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में व्यापार मंडल के पदाधिकारी, एनसीसी के छात्र-छात्राएं, वरिष्ठ समाजसेवी, रघुनाथ द्विवेदी (अध्यक्ष टेंपो-टैक्सी यूनियन), उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के वाइस चेयरमैन आर.एस. वर्मा (सेवानिवृत्त आईएएस, पूर्व सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार) सहित समिति के अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे। समापन समारोह के दौरान उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के सचिव संतोष कुमार ने समिति का प्रतिनिधित्व करते हुए अपना प्रेरणादायी संबोधन दिया। उन्होंने बताया कि यह अभियान सिर्फ औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज में यातायात अनुशासन, नारी सुरक्षा, मिशन शक्ति तथा साइबर अपराध से बचाव को लेकर एक सशक्त जन-आंदोलन रहा। इस अभियान के तहत जनपद की समस्त तहसीलों, ब्लॉकों एवं नगरीय क्षेत्रों में स्थित 265 विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुए। थाना प्रभारियों एवं यातायात विभाग के निरीक्षक अमित कुमार, उपनिरीक्षक इंद्रपाल वर्मा व उनकी टीम के सहयोग से कुल 12,780 जागरूकता शपथ-पत्र भरवाए गए, जिन्हें मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को औपचारिक रूप से सौंपा गया। उक्त भव्य समापन कार्यक्रम का संचालन डॉ. रंजना त्रिपाठी, उप-प्राचार्य, कन्या पी.जी. कॉलेज, प्रयागराज द्वारा अत्यंत सरल, प्रभावशाली एवं सराहनीय रूप में किया गया। समिति की ओर से योगदान देने वालों में प्रमुख रूप से अजीत कुमार सिन्हा, लक्ष्मीकांत मिश्रा (एडवोकेट-विधि सलाहकार), संजय उपाध्याय, आर.ए. फारुकी, रामबाबू सिंह, मनीष विश्वकर्मा, राकेश शर्मा, प्रेमचंद स्वर्णकार, जितेंद्र श्रीवास्तव, संदीप सोनी, विशाल श्रीवास्तव, प्रशांत सिंह, सुधीर प्रजापति, बलवंत विश्वकर्मा, राज सिंह, राजेश निषाद, अर्जुन सिंह, देवेंद्र विश्वकर्मा, वकार अहमद अंसारी, शाहिद अहमद खान, योगेश चौरसिया, गौरव विश्वकर्मा, अनुराग सिंह, राजन विश्वकर्मा, संगम प्रजापति, कमलेश मौर्य, नवीन जायसवाल, अक्षय जैन, गजानन जैन, हरविंदर सिंह, विमल सक्सेना, रुपेश यादव, मोहम्मद जीशान, नोनीहाल सहित अनेक सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लगातार एक माह तक आयोजित कार्यक्रमों के संचालन में हसन-ए-नकवी (सचिव, पर्यावरण प्रकोष्ठ) की विशेष भूमिका रही। प्रचार-प्रसार एवं व्यवस्थाओं में शोएब आलम (जनसंपर्क अधिकारी), अशोक सिंह (प्रकाशन सचिव), प्रियंका पाराशर (महिला प्रकोष्ठ प्रभारी), अंकित सिंह (नोडल प्रभारी गंगानगर), नरेंद्र कुमार, कपीश मिश्रा, नरेंद्र देव मिश्र (कोरांव थाना कमेटी प्रभारी), मेजर सुनील कुमार निषाद, बी.के. श्रीवास्तव (रेलवे प्रकोष्ठ प्रभारी), अरुण कुमार शुक्ल, रूपेश जैन, निसार अहमद, कयामुद्दीन, मोहम्मद आफताब, मोहम्मद जावेद, मोहसिन, मनीष कुमार विश्वकर्मा सहित सभी सहयोगियों का योगदान सराहनीय रहा।

प्रयागराज में किए गए इस उत्कृष्ट एवं प्रभावशाली कार्य को देखते हुए चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव, वाइस चेयरमैन आर.एस. वर्मा (सेवानिवृत्त आईएएस), समिति के संरक्षक न्यायमूर्ति राजीव लोचन मेहरोत्रा, वाइस चेयरमैन एवं प्रयागराज के महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी तथा पुलिस आयुक्त, अपर पुलिस आयुक्त एवं तीनों पुलिस उपायुक्त एवं यातायात विभाग के नोडल प्रभारी पुष्कर वर्मा (आईपीएस) द्वारा समिति के समस्त सदस्यों, पदाधिकारियों व सहयोगियों को शुभकामनाएं प्रदान की गईं। यह अभियान जन-जागरूकता, अनुशासन एवं सुरक्षा के प्रति समाज में नई चेतना जागृत करने वाला रहा।

# यातायात माह समापन पर सम्मान समारोह, नियम पालन की बनी सीख

लोकतंत्र की आवाज




उरई । पुलिस लाइन उरई में रविवार को यातायात माह समापन कार्यक्रम प्रभावी रूप से आयोजित किया गया, जिसमें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की सीख प्रमुख रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा रहे। मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर समारोह की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में यातायात जागरूकता अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, समाजसेवियों और यातायात पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया। विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत, नुक्कड़ नाटक और सड़क सुरक्षा पर आधारित आकर्षक मंचन ने उपस्थित जनों को प्रभावित किया। जीवन ज्योति चंद्र कमल एकेडमी, रामश्री पब्लिक स्कूल, विवेकानंद ग्लोबल स्कूल कोंच तथा फाउन्टेनहैड पब्लिक स्कूल की प्रस्तुतियाँ विशेष रूप से सराही गईं। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार सिंह ने कहा कि नवंबर माह में जनपद भर में स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को यातायात नियमों का पालन कराने हेतु व्यापक अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियम नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है जिसे सबको निभाना चाहिए। अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा ने कहा कि सड़क हादसे महज़ आंकड़े नहीं, बल्कि किसी का जीवन, परिवार और भविष्य होते हैं। इसलिए नियमों का पालन आदत में शामिल होना चाहिए। पुलिस उपाधीक्षक यातायात अर्चना सिंह ने कहा कि दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता करना हमारा कानूनी व नैतिक दोनों दायित्व है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ममता स्वर्णकार ने किया। समापन में भदौरिया क्लासेस के संचालक आकाश और अंशुल द्वारा मुख्य अतिथियों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। पत्रकारों, समाजसेवियों, ट्रैफिक कर्मियों, ई-रिक्शा एवं बस यूनियन सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, एआरटीओ प्रवर्तन राजेश कुमार वर्मा, कालपी क्षेत्राधिकारी, माधौगढ़ क्षेत्राधिकारी अंबुज कुमार, जालौन क्षेत्राधिकारी शैलेन्द्र बाजपेई, यातायात प्रभारी वीर बहादुर सिंह गुड सेमेरिटन अलीम सर, लक्ष्मण दास बाबानी, महावीर तरसौलिया, अशोक राठौर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराइज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।